डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 03 जून 2024, वर्ष-30, अंक-225, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 12



एग्जिट पोल फर्जी है, पीएम साबरमती आश्रम में...

संसेक्स
73,961.31 ▲ +75.71

डॉलर
83.438 ▲ +0.122

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,780
01 किलो 91,780

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## कल सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतों की गिनती

### चुनाव आयोग ने अधिकारियों को जारी की हैंडबुक

**नई दिल्ली।** लोकसभा की 543 सीटों के लिए सात चरणों में मतदान संपन्न हो चुका है। इसके साथ ही कई राज्यों में विधानसभा चुनाव भी संपन्न हुए हैं। अब उम्मीदवारों का सियासी भविष्य ईवीएम में कैद है। इस बीच, चुनाव आयोग ने कहा कि आंध्र प्रदेश और ओडिशा के विधानसभा उपचुनावों के लिए मतगणना चार जून को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। लोकसभा चुनाव के साथ-साथ सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों के लिए मतों की गिनती रविवार सुबह छह बजे शुरू हुई, जिसके परिणाम दो बजे तक आ गए।



**मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे नतीजे :** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचन अधिकारियों के साथ मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। चुनाव आयोग ने कहा कि मतगणना के रुझान और नतीजे आयोग की वेबसाइट के साथ-साथ मतदाता हेल्पलाइन ऐप आईओएस और एंड्रॉयड मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे। वोटर हेल्पलाइन ऐप को गूगल प्ले स्टोर या एप्पल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यूजर्स मतदाता हेल्पलाइन ऐप से निर्वाचन क्षेत्र-वार या राज्यवार परिणामों के साथ-साथ विजेता या आगे या पीछे चल रहे उम्मीदवारों के विवरण का पता लगाने के लिए फिल्टर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### निर्वाचन अधिकारियों-मतगणना एजेंट के लिए पुस्तिका जारी

आयोग ने निर्वाचन अधिकारियों और मतगणना एजेंट के लिए एक पुस्तिका भी जारी की है, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मतगणना की व्यवस्था, मतगणना की प्रक्रिया और ईवीएम/वीवीपैट के भंडारण के लिए आयोग के निर्देश पहले ही चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। लोकसभा की 543 सीटों के साथ ही अरुणाचल प्रदेश, ओडिसा, सिक्किम और आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी कराए गए। सात चरणों में चली मतदान प्रक्रिया शनिवार को संपन्न हुई।

## इंडी गठबंधन राज्य की दस सीटों पर जीत दर्ज करेगी : सीएम



### कल्पना ने कहा 4 जून का इंतजार कीजिए, सबकुछ साफ हो जाएगा

**रांची।** दिल्ली में इंडी गठबंधन की बैठक के बाद सीएम चंपाई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन रविवार को वापस रांची लौट आए हैं। एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए सीएम चंपाई सोरेन ने दावा किया कि झारखंड में इंडी गठबंधन 10 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी। सीएम ने कहा कि झारखंड में इंडिया ब्लॉक ने अच्छा परफॉर्मेंस किया है। वहीं कल्पना सोरेन ने कहा कि चुनाव खत्म हो गए हैं। अब चार जून को नतीजों का इंतजार है।मतगणना का इंतजार कीजिये। सबको पता चल जाएगा कि देश में किसकी सरकार बनेगी। इससे पहले दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे के आवास पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### एक नजर

#### जेल में सरेंडर करने से पहले केजरीवाल ने गांधी जी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** इक्कीस दिनों की अंतरिम जमानत पर तिहाड़ जेल से बाहर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी जमानत अवधि खत्म होने के बाद रविवार को जेल में सरेंडर कर दिया। इससे पहले उन्होंने अपने आवास से निकलते समय माता-पिता का आशीर्वाद लिया, फिर राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर गए और वहां से आम आदमी पार्टी के कार्यालय जाकर कार्यकताओं को संबोधित किया।
केजरीवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 21 दिन की मोहल्लत दी थी। इस दौरान उन्होंने आराम नहीं किया बल्कि पूरे देश में चुनाव प्रचार किया। केजरीवाल ने कहा कि वे आज इसलिए जेल जा रहे हैं क्योंकि उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई है। पांच सौ से ज्यादा स्थानों पर रेड हुई, लेकिन एक भी सबूत नहीं मिले। उन्होंने कहा कि जो भी एग्जिट पोल आ रहे हैं सब फर्जी हैं। गिनती से तीन दिन पहले एग्जिट पोल कराने की क्या जरूरत थी। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि मतगणना के अंत तक मौके पर डटे रहें। ईवीएम और वीवीपैट की मैचिंग कराकर ही हटें।

## पांकी के बरदागा जंगल से युवक का शव बरामद

## पत्थर से कूचकर हत्या की आशंका

### पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में ले कर रही पूछताछ

नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** पांकी थाना पुलिस ने रविवार को बरदागा जंगल से एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के घुटुआ पंचायत के पिंडरा गांव निवासी रंजीत कुमार यादव पिता कमलदेव यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने शक के आधार पर तीन युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने पांकी के चीरचिरियाटांड़ निवासी प्रदीप उरांव पिता प्रयाग उरांव, मुकेश कुमार पिता ज्योधी भुइयां, सोनू भुइयां पिता ननकू भुइयां ग्राम नगड़ी निवासी को हिरासत में लिया है। पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना के पश्चात बरदागा जंगल से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। इस मामले में तीन युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया गया है। चर्चा हैं कि युवक की हत्या पत्थर से कुचकर किया गया है। मृतक के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार युवक करीब चार दिनों से लापता था। मृतक अपने दोस्त पांकी के चीरचिरियाटांड़ निवासी प्रदीप उरांव पिता प्रयाग उरांव, मुकेश कुमार पिता ज्योधी भुइयां और नगड़ी निवासी सोनू भुइयां पिता ननकू भुइयां के साथ घूमने निकला था। उसके बाद से मृतक युवक रंजीत वापस घर नहीं लौटा। मृतक के परिजन जब उसके दोस्तों के पूछताछ किया तो उसके दोस्तों ने बताया कि वह किसी लड़की के साथ कहीं चल गया है। परिजनों उसकी काफी खोजबीन की। मृतक के परिजनों ने बताया कि रविवार को पता चला कि पांकी के होटाई पंचायत क्षेत्र के बरदागा जंगल से पुलिस ने एक अज्ञात शव बरामद किया है। जब परिजन घटना स्थल पर पहुंचे तो रंजीत कुमार यादव के रूप में शव की पहचान किया। पुलिस ने मौके से मृतक के अलावा अन्य व्यक्ति का चप्पल बरामद किया है। चर्चा है कि पैसे की लेनदेन को लेकर दोस्त ने ही दोस्त की हत्या की है। हालांकि पुलिस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर रही है। जांच के बाद पूरे मामले की खुलासा होने की संभावना है।







मृतक का फाइल फोटो

## स्पा सेंटर में छापेमारी : विदेशी युवतियों व संचालक सहित 14 गिरफ्तार

- थाईलैंड की तीन, दिल्ली की दो, बंगाल की दो और रांची की एक युवतियां गिरफ्तार
- टूरिस्ट वीजा पर थाईलैंड से लड़कियों को बुला करवाया जा रहा था जिस्मफरोशी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र में स्पा सेंटर के नाम पर जिस्मफरोशी का धंधा करने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। मामले में आठ युवतियों और छह युवकों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवतियों में तीन थाईलैंड की हैं, उसका सत्यापन किया जा रहा है। साथ ही अन्य युवतियों में दो दिल्ली, दो बंगाल और एक रांची की बतायी जा रही है। जबकि मामले में संचालक गौरव अग्रवाल दिल्ली के रहने वाला है। अन्य पांच युवक रांची के रहनेवाले है। कुल 14 लोगों गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सिटी डीएसपी के नेतृत्व में की गई छापेमारी में शनिवार देर रात 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से कंडोम, शिलाजीत, दर्द की दवा, शराब और बीयर जब्त किया गया है। यह स्पा 2022 से चल रहा है। छापेमारी में पुलिस ने लालपुर इलाके में स्पा सेंटर के आड़ में चल रहे जिस्मफरोशी के धंधे का खुलासा किया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




स्पा सेंटर की आड़ में लालपुर इलाके में सेक्स रैकेट का संचालन किया जा रहा था। सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई है। इसमें कुल 14 लोग पकड़े गए हैं। इनमें से अधिकांश लड़कियां हैं। इस मामले में पुलिस एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। लालपुर स्थित स्पा सेंटर से थाईलैंड की तीन लड़कियों को भी पकड़ा गया है। तीनों लड़कियां जिस्मफरोशी के धंधे में लिप्त थी। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि टूरिस्ट वीजा पर थाईलैंड से लड़कियों को बुलाकर उनसे रांची में जिस्म का धंधा करवाया जा रहा था। फिलहाल जांच की जा रही है। 14 को जेल भेज दिया गया है। थाईलैंड की तीन गिरफ्तार युवतियों के एंबेसी को भी सूचना दे दी गई है।

**राजकुमार मेहता, सिटी एसपी-रांची**

### आज | कल




## जमशेदपुर में बुजुर्ग की हत्या के बाद कटा सिर लेकर घूमता रहा युवक

- अहले सुबह घर से आम तोड़ने निकले थे निताई महतो
- गांव के ही युवक मिथुन ने सिर धड़ से अलग किया,
- मिथुन के घर वालों ने उसे रस्सी से बांध पुलिस को दी सूचना

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कुदालम गांव में एक व्यक्ति ने 60 वर्षीय बुजुर्ग निताई महतो का सिर धारदार हथियार से काट दिया। इसके बाद वह कटा सिर लेकर गांव में घूमता रहा। उसके घरवालों ने किसी तरह उसे काबू में किया और एक पेड़ में रस्सी से बांध दिया। गांव के लोगों ने उसकी जमकर पिटाई की। बाद में वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हत्या की वजह क्या है, यह साफ नहीं हो पाया है।
आरोपी का नाम मिथुन महतो है। बताया गया है कि निताई महतो सुबह-सुबह गांव के बगीचे में आम चुनने गए थे। उसी वक्त मिथुन वहां पहुंचा। उसने निताई महतो को हथियार का भय दिखाकर पहले कपड़े उतरवाए और इसके बाद गला रेत डाला। इसकी खबर मिली तो गांव के लोग दौड़े, लेकिन, मिथुन महतो के हाथ में कटा सिर और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




## अरुणाचल : भाजपा ने रचा इतिहास, 60 में 46 सीटें जीतीं

- कांग्रेस मात्र एक सीट पर दर्ज कर सकी जीत
- चुनाव में भाजपा को मिला 54.58 प्रतिशत वोट

**इटानगर।** साठ सदस्यीय अरुणाचल विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एतिहासिक जीत दर्ज की है। भाजपा ने 46 सीटें जीत कर विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत प्राप्त कर लिया है। भाजपा ने अपनी पिछली जीत का रिकार्ड तोड़ कर इतिहास रच दिया है। विधानसभा चुनाव की मतगणना रविवार सुबह शुरू हुई और दोपहर तक स्थिति काफी स्पष्ट हो गई। चुनाव आयोग ने सभी 60 सीटों के परिणाम जारी कर दिए हैं। 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 46 सीट पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस राज्य विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट पर जीतकर दर्ज कर सकी है। इसके अलावा एनपीईपी ने पांच, पीपीए ने दो, एनसीपी ने तीन और तीन सीटों पर निर्दलियों ने जीत दर्ज की है। भाजपा लगातार दूसरी बार अपने बल पर स्पष्ट बहुमत के साथ राज्य की सत्ता पर काबिज होने में सफल हो गयी है। चुनाव परिणाम के अनुसार इस बार भाजपा को 54.58 प्रतिशत यानी 3,32,414 वोट मिले हैं, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सिक्किम : एसकेएम ने 32 में 31 सीटों पर जीत दर्ज की

- पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग दोनों सीटों से चुनाव हार
- भारतीय जनता पार्टी और सीएपी का खाता भी नहीं खुला

**गंगटोक।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) प्रचंड बहुमत के साथ अपने दूसरे कार्यकाल के लिए सरकार में वापसी की है। एसकेएम ने विधानसभा चुनाव 2024 में 32 में से 31 सीटों पर ऐतिहासिक जीत हासिल की है। विपक्षी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) पार्टी को केवल एक सीट मिली है। राज्य में 11वें विधानसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। रविवार सुबह 6 बजे से वोटों की गिनती शुरू हुई। वोटों की गिनती शुरू होने के दो घंटे से भी कम समय में यह स्पष्ट हो गया था कि एसकेएम मजबूती के साथ सत्ता में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### प्रधानमंत्री ने दी जीत की बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में भाजपा को मिले प्रचंड बहुमत के लिए राज्य की जनता का आभार जताया है और पार्टी कार्यकताओं को उनके परिश्रम के लिए धन्यवाद दिया है। साथ ही सिक्किम में प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की दोबारा सत्ता में वापसी पर बधाई देते हुए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करने की बात कही है। प्रधानमंत्री ने रविवार को दोनों राज्यों में हुई मतगणना के नतीजे सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर कहा धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश। इस अद्भुत राज्य की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है।

### इंडिया



सुनील बादल

## विकसित भारत के लिए बंद हों व्यक्ति या परिवार आधारित राजनीति

भारतीय राजनीति में भाषणों में आदर्श,गरीबों,दलितों और जहां जैसा वहां वैसा शैली में कभी अल्पसंख्यक तो कभी बहुसंख्यक या किसी बड़े नेता की चर्चा होती है पर क्या असल में ऐसा सभी करते हैं क्या? समाजवाद की बात करने वाले सत्ता में आते ही परिवार से लेकर अपनी जाति के लिए केंद्रित राजनीति में पूरी बेशर्मी से न सिर्फ उन्हें एमपी एमएलए बनाते हैं बल्कि उनकी मनमानी या आपराधिक गतिविधियों की ओर से आंखें मूंद लेते हैं। दलित वंचित वर्ग की राजनीति करने वाले सत्ता में आते ही उसी शोषक वर्ग की तरह सामंती व्यवहार करने लगते हैं जिस प्रवृति का मुखर विरोध करते उन्होंने सत्ता की सीढ़ियां तय की थीं। हर बार नए फॉमूर्ले के साथ वोट लेने आने वाली पार्टियों ने अब बड़ी मार्केटिंग या रणनीतिकार एजेंसियों की सेवायें लेनी शुरू की हैं जो उन्हें भावुकता और जनता के मर्म को स्पर्श करने वाले मुद्दे सुझाते हैं। सोशल मीडिया पोस्ट या विशेषज्ञों द्वारा सुझाए गए मुद्दों पर दिए गए बाइट देखकर आमलोग प्रभावित हो जाते हैं पर असलियत कुछ और होती है। अपने को गरीब,आम आदमी या कट्टर ईमानदार घोषित करने वालों के व्यापक प्रचार या मार्केटिंग से परे सभी पार्टियों का लक्ष्य एक होता है सत्ता प्राप्त करना ।इसी तरह ऐसा माना जाता है कि राजनीतिक दलों में आंतरिक लोकतंत्र होता है, जिसमें नेता स्वतंत्र रूप से चुने जाते हैं और वे अपनी पार्टी के सहयोगियों के प्रति जवाबदेह होते हैं। भारतीय राजनीति आज इस मॉडल से बिल्कुल अलग है। यहां राजनीतिक पार्टियां या तो व्यक्तित्व आधारित एक पारिवारिक फर्म बन गई हैं या परिवार विशेष केंद्रित संस्था । व्यक्तित्व आधारित राजनीति में नरेंद्र मोदी को दिव्य व्यक्तित्व बताने से लेकर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, केरल में पिनाराई विजयन, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल, आंध्र प्रदेश में जगन मोहन रेड्डी और ओडिशा में नवीन पटनायक जैसे मुख्यमंत्री भी इसी तरह से काम कर रहे हैं। जबकि लोकतांत्रिक संस्थाओं का दिखावा करने वाली पारिवारिक पार्टियां भी इसके लिए कम जिम्मेदार नहीं हैं। कांग्रेस इसके लिए मुख्य रूप से दोषी है। उसने पार्टी के लिए दशकों तक काम करने वालों को नजरअंदाज कर प्रियंका गांधी को रातों-रात महासचिव बना दिया था।
गांधी परिवार से पीछे न रह जाएं, इस वजह से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुलबर्गा की अपनी पुरानी सीट अपने दामाद को दे दी, जबकि उनका एक बेटा पहले से ही कर्नाटक में कैबिनेट मंत्री है। इसी तरह लालू परिवार वाली राष्ट्रीय जनता दल बिहार में, सपा उत्तर प्रदेश में और डीएमके तमिलनाडु में ऐसी पार्टियां हैं, जो एक ही परिवार के नियंत्रण में रही हैं। जिस ब्रिटेन की राजनीतिक प्रणाली को हमने अपनाया आज उससे हम कितने अलग हैं।प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के सामने कोई धर्म-पंथ नहीं है। मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी के नेता केर स्टार्मर किसी राजनीतिक परिवार से नहीं आते हैं। वे दोनों आज जिस मुकाम पर हैं, वहां अपनी मेहनत और पार्टी के सहयोगियों के समर्थन से हैं। जब भी वे समर्थकों का विश्वास खो देंगे, बिना किसी हंगामे के अपना पद छोड़ देंगे और उनकी जगह पर ऐसे व्यक्ति को चुना जाएगा, जो किसी राजनीतिक वंशावली से नहीं होगा।
समय की मांग है कि विकसित भारत के लिए राजनीतिक पार्टियां भी नीति आधारित हों व्यक्ति या परिवार आधारित नहीं क्योंकि उससे पुरानी सरकार की अच्छी योजनाएं बंद कर दी जाती हैं और वोट दिलाऊ नीतियां लागू होती हैं जो जनहित में न होकर पार्टीहित में होती हैं और जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे लुटाए जाते हैं ।नई सरकार को इस दिशा में काम करना होगा।



### चाईबासा में नदी किनारे से 3.15 करोड़ का डोडा बरामद

**चाईबासा।** पुलिस ने टेबो थाना क्षेत्र के परैया गांव के पास नदी किनारे से 2100 किलो डोडा बरामद किया गया है। बरामद डोडा की बाजार कीमत 3.15 करोड़ बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार, एसपी आशुतोष शेखर को गुप्त सूचना मिली थी कि परैया गांव के पास नदी किनारे डोडा जमा कर रखा गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेनारी दल ने एक जून की रात चाकी नदी के किनारे चेंकिग अभियान चलाया। इस दौरान चाकी नदी के किनारे जंगल झाड़ियों के बीच 83 प्लास्टिक के बोरे में डोडा बरामद हुआ। रविवार को मामले की जानकारी देते हुए एसपी ने बताया कि डोडा को दूसरे जगह भेजने के उद्देश्य से जमा किया गया था।



खुल गया | खुल गया | खुल गया
नीलकमल फर्नीचर
मेसर्स विनय इंटरप्राइजेज
गायत्री मंदिर रोड, सुदना
प्रो. अभिषेक कुमार
नीलकमल के अधिकृत विक्रेता सभी तरह के | फर्नीचर के लिए एक बार जरूर पधारें
दीवान, सोफा, आलमीरा, स्कूल फर्नीचर, प्लास्टिक की कुर्सी, टेबल व सभी सामानों के सेट उपलब्ध
8789497720 | 9199963588

## एक नजर

### विद्युत विभाग के प्रधान लिपिक का निधन



**छत्तरपुर।** विद्युत विभाग के प्रधान लिपिक सुकुमार मैत्री का अपने आवास पर संदेयात्मक स्थिति में निधन हो गयी। सुकुमार मुल रूप से ग्राम विरुलिया जिला मेदनीपुर पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। इस संबंध में शोभन सिंह विद्युत कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सुकुमार मैत्री स्वास्थ्य कारणों से छुट्टी पर थे। 21 मई को ड्यूटी ज्वाइन किया और 31 मई तक हाजिरी बनाये हैं। शनिवार को 3 बजे के बाद सुकुमार मैत्री अपने आवास में मृत पाए गए। मृतक छतरपुर विद्युत कार्यालय में प्रधान लिपिक के पद पर कार्य कर रहे थे।

### परिजनों का आरोप हत्यारोपी को बचा रही पुलिस

# नरकंकाल बरामदगी के सात दिन बाद भी आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** छिपादोहर गांव निवासी युवक राकेश मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा के नर कंकाल बरामदगी के 7 दिन बाद भी पुलिस के द्वारा नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। परिजन न्याय के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। इतना ही नहीं पूछने पर पुलिस पदाधिकारियों का भी कोप-भाजन का शिकार हो रहे हैं। विदित हो कि विश्रामपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह ओपी स्थित महुआखाला-पचघारा के जंगल से 27 मई दिन सोमवार को एक नरकंकाल बरामद किया गया था। जिसकी पहचान छिपादोहर गांव निवासी चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्लू मिश्रा के 25 वर्षीय पुत्र राकेश मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा के रूप में किया गया। परिजनों के अनुसार मोनू 10 मई शुक्रवार को घर से निकला था। जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। युवक का मोबाइल भी बंद पाया जाता रहा। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों के अनुसार 11 मई शनिवार को उसे बगल के गांव में देखा गया था। इसके बाद फिर कोई जानकारी परिजनों को नहीं मिला। युवक का मोबाइल लगातार बंद पाया गया। थक हार कर परिजनों के द्वारा किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए नावाडीह ओपी सहित विश्रामपुर थाना में लिखित शिकायत की गई। 14 मई को दिए गए आवेदन में स्पष्ट रूप से युवक के पिता के द्वारा उल्लेखित है कि 10 मई की शाम लगभग 6:30 बजे महुआखाला स्थित संतोष पासवान के दुकान में शराब की तीन बोतल खरीदा गया। जहां विफन भुईयां के यहां पार्टी होने की बात बताया गया। जहां मुकलेश यादव व गोबिंद यादव के साथ पार्टी चल रहा है। आवेदन में उल्लेखित है कि अगले दिन 11 मई को लगभग 10:30 बजे तमदागा गांव स्थित पच्चू सिंह के दुकान पर देखा गया है। आवेदन में इस बात का उल्लेख है कि मुकेश यादव व गोविंद यादव के द्वारा हत्या कर शव को कहीं छुपाया गया है। इसकी बावजूद भी विश्रामपुर थाना के द्वारा कोई भी संजिदगी नहीं दिखाई गई। समय रहते पुलिस के द्वारा सक्रियता दिखाई जाती तो शायद युवक को बचाया जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। युवक के लापता होने के 17 दिनों बाद यानी 27 को घर से थोड़ी दूर पर जंगल में युवक का नर कंकाल बरामद किया गया। जिसे पुलिस के द्वारा बरामद कर फॉरेंसिक जांच को ले रांची रिम्स स्थित लैब में भेज दिया है।

वहीं परिजनो का आरोप है कि पुलिस के द्वारा नामजद आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा। 14 मई को थाना में दिए लिखित आवेदन के बाद भी सभी आरोपी खुलेआम विश्रामपुर में घूमते देखे जाते थे। लेकिन पुलिस उन्हें पकड़ने का कोई प्रयास नहीं किया। आज भी पुलिस के द्वारा उनकी गिरफ्तारी को लेकर कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही। केवल अपनी कमियां छुपाने के लिए आसपास के लोगों को बुलाकर पूछताछ किया जा रहा है।



दर्द सुनाते मृतक का परिजन



मृतक का फाइल फोटो

> बरामद नर कंकाल की फोरेंसिक जांच को लेकर रांची रिम्स गए थे। जहां से शनिवार को लौटा हूं। आगे की कार्रवाई के लिए विश्रामपुर थाना पुलिस के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा। हत्या के कारण व इसमें संलिप्त लोगों की पहचान करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
> **राज वर्धन, नावाडीह ओपी प्रभारी, विश्रामपुर पलामू।**

> नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है। बहुत जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उसके बाद हीं हत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा। हत्या में शामिल लोगों को किसी भी स्थिति में बख़्शा नहीं जाएगा।
> **सौरभ चौबे, थाना प्रभारी विश्रामपुर पलामू।**

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व मध्य रेल के 43 स्टेशनों पर लगाये गये 127 एटीवीएम मशीन



**जल्द ही लगाए जाएंगे 40 और एटीवीएम**

**मेदिनीनगर।** यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने हेतु स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन (एटीवीएम) लगाये जा रहे हैं। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के 43 प्रमुख स्टेशनों पर 127 एटीवीएम स्थापित किये गये हैं। यह जानकारी हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने दी। में धनबाद मंडल के 07 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही जल्द ही पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों पर 40 और एटीवीएम स्थापित किये जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। एटीवीएम के जरिए रेल यात्री टिकट काउंटर पर बिना लाईन में लगे अनारक्षित टिकट खरीद कर यात्रा कर सकते हैं। प्रमुख स्टेशनों पर स्वचालित अनारक्षित टिकट वेंडिग मशीन टिकट काउंटर के आसपास स्थापित किए गए है। कई स्टेशनों पर ये एटीवीएम टिकट घर के अलावे स्टेशन के प्रवेश परिसर में भी स्थापित किये गये हैं जिससे यात्रियों को टिकट लेने और ट्रेन पकड़ने के बीच कम समय लगेगी। एटीवीएम से प्लेटफॉर्म टिकट भी कटाया जा सकता है। ये एटीवीएम चौबीसों घंटे कार्य करती है। साथ ही इस सिस्टम में हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा चुनने की सुविधा उपलब्ध है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर एटीवीएम के माध्यम से रेल टिकट खरीदने हेतु फैसिलिटेटर भी तैनात किए गए हैं। यात्री एटीवीएम से स्वयं टिकट बना सकते हैं या जरूरत पड़ने पर तैनात एटीवीएम फैसिलिटेटर के माध्यम से भी टिकट खरीद सकते हैं। यात्रियों द्वारा बुकिंग कार्यालय से जारी किए गए स्मार्ट कार्ड से या एटीवीएम पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई के माध्यम से किराए का भुगतान किया जा सकता है। धनबाद मंडल के धनबाद, कोडरमा, डालटनगंज, नेसुब गोमो, गढ़वा रोड, पारसनाथ, सिगरौली स्टेशनों पर 18 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं।

### समाजिक कार्यकर्ता को पितृ-शोक

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के जवाहिर साव की गली निवासी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी सह समाजसेवी संतोष कश्यप के 81 वर्षीय पिता बैजनाथ प्रसाद गुप्ता (कसौधन) का हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, वहीं उनका दाह- संस्कार रविवार की देवरी के सोन नदी के तट पर किया गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर पाकर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि बैजनाथ प्रसाद गुप्ता (कसौधन) जी का आकस्मिक निधन हो जाना, सामाजिक क्षति के साथ-साथ उनके लिए व्यक्तिगत क्षति भी है। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। एवं परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें। बैजनाथ प्रसाद गुप्ता (कसौधन) के निधन पर भाजपा नेता सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, अशोक कुमार सिंह, युवा कांग्रेसी नेता धनंजय कुमार तिवारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, राजकुमार कश्यप, राजेंद्र पाल, रंजन कुमार, देवेंद्र नाथ गुप्ता समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

### गरीबो-असहायों के सहायक व पथ प्रदर्शक थे दिवंगत भुनेश्वर राम : किशोर

**पैतृक गांव नावा बाजार के रजहरा कोठी में उन्होंने ली अंतिम सांसें**

**नावाबाजार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, अभिभावक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने भुनेश्वर राम के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है। साथ हीं कहा कि स्वर्गीय भुनेश्वर राम गरीबों के आवाज थे। वे हमेशा सामाज में सामाजिक जागरूकता फैलाने, समाज सुधार व समस्याओं का समाधान व लोगों के लाभ के लिए सेवा भाव से सामाजिक कार्य किया करते थे।

### शादी का झांसा देकर शोषण करने का आरोप

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र का मुरुमदग से प्रेम प्रसंग का मामला प्रकाश में आया है। महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी ने बताया कि आदिवासी लड़की को एक लड़का शादी का झांसा देकर यौवन शोषण करता था। लड़की जब प्रेग्नेंट हो गई तो लड़का से शादी की बात कही। इसी बीच लड़का बाहर भाग गया और पीड़िता का कॉल रिसीव नहीं करने लगा तब पीड़िता लकड़ी ने महिला थाना में आवेदन दिया। आवेदन के आधार पर महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी एएसआई संतोष कुमार ने जांच किया तो सही पाया। वहीं मामला दर्ज कर लिया गया और पीड़िता को मेडिकल कराया जा रहा है।

### वृद्ध महिला का मिला शव

**हैदरनगर।** प्रखंड के परता पंचायत से सटे अधोरा माइनर पर वृद्ध महिला का शव पाया गया है। पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने बताया कि इस महिला की पहचान कर ली गई है। उक्त महिला स्व. नागेंद्र चौधरी की 65 वर्षीय पत्नी शिवपतिया कुंवर है। जो मानसिक रुप से विक्षिप्त थी। जो शनिवार को ही दोपहर 12 बजे दिन अचानक घर से गायब हो गई। रविवार की शाम पशु चराने वाले रजबंधा गांव के चरवाहे ने देखा कि कबरा खुर्द मोड़ पर अधौरा नहर में गिरकर महिला मृत पड़ी है। परिजनों ने इसकी सूचना हैदरनगर थाना को दी। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है।

### विभागीय लापरवाही के कारण नहीं हो सका नल जल योजना शुरू

# प्रखंड के कई गांव में पेयजल संकट, आमलोग हैं परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** हर घर शुद्ध पेयजल मुहैया करने को लेकर राज्य सरकार के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल पहुंचने की योजना तैयार की गई। जिसके तहत प्रत्येक घरों में नल के माध्यम शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसके लिए पेयजल व स्वच्छता विभाग के द्वारा निविदा आमंत्रित करते हुए संवेदक का चयन कर समय पर कार्य करने को ले इकरारनामा की गई। नावाबाजार प्रखंड के एक से अधिक पंचायत को एक साथ जोड़ कर क्लस्टर बनाया गया। वहीं क्लस्टर 57 में बसना पंचायत के साथ इटको पंचायत को जोड़ा गया है। साथ ही संवेदक को समय पर कार्य पूरा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप हर घर जल पहुंचने को ले कार्य की शुरूआत की गई। शुरूआती दिनों में संवेदक के द्वारा कार्य में तेजी दिखाई गई। ग्रामीणों को भी लगा गर्मी में पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। लेकिन संवेदक के द्वारा कार्य में दिखाई गई तेजी कुछ हीं दिनों में चरमरा गया। दोनों पंचायत में केवल जनरल टैंक का स्टैंड खड़ा कर शोभायमान बना रखा गया है। कई जगह पर केवल बोरिंग कर संवेदक के द्वारा छोड़ दिया। इटको पंचायत में संवेदक के द्वारा लगाया गया जलमिनार केवल दिखावा मात्र बन कर रह गया है। लोगों की माने तो संवेदक के द्वारा लगाया गया जलमीनार का सिंटेक्स शुरूआती दिनों से ही फूटी पड़ी है। जिसमें कभी पानी आया हीं नहीं। वहीं लोगों की माने तो संवेदक के मिली भगत से मुंशी के द्वारा पंप का स्टार्टर को भी खोल लिया गया। पहले पंप चला लोग अपनी जरूरतों के अनुरूप पानी विछाई गई पाइप लाइन में सीधा जोड़ लें जाते थे। लेकिन स्टार्टर खोलने के बाद ऐसा नहीं हो पा रहा है। संवेदक से बार-बार आग्रह के बाद भी कार्य में सुधार नहीं हुआ। समस्याएं यथावत पड़ी रह गई। पंचायत में भी संवेदक के द्वारा दयनीय स्थिति बनाई रखी गई है। गांव में कहीं बोरिंग की गई तो स्टैंड नहीं, कहीं स्टैंड है तो पंप नहीं। कई जगहों पर स्टैंड लगाने के लिए खोदा गया गड्ढा मौत का कुआं बन गया है। जनवरी 2023 में निविदा आमंत्रित कर संवेदक को स-समय कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। लेकिन संवेदक के द्वारा कार्य में तेजी नहीं लाई गई। निविदा होने के लगभग 18 माह बाद भी आधा कार्य नहीं कराया जा सका। संवेदक की लापरवाही के कारण गांव में जैसे-तैसे छह इंच गड्ढा खोदकर पाइप लाइन विछाई गई। इस पर ना तो विभाग गंभीर है और न हीं संवेदक के द्वारा कार्य में रुचि दिखाई जा रही है। नतीजतन सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना स्वयं को मुंह चिढ़ा रही है। लोग पेयजल के लिए भटक रहे हैं।

नावाबाजार प्रखंड के बसना पंचायत स्थित चेचरिया गांव में जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पाइपलाइन बिछाई जानी है। संवेदक के द्वारा कार्य में रुचि नहीं दिखाई जा रही। गांव में जैसे-तैसे पाइप बिछाई जा चुकी है। लेकिन सप्लाई के लिए कहीं भी ना तो मोटर लगाए गए हैं और ना हीं कहीं पानी टंकी। ऐसे में योजना संवेदक और विभागीय अधिकारी की लापरवाही के कारण धरातल पर नहीं उतर पाई। पानी सप्लाई के लिए संवेदक के द्वारा कहीं भी डीप बोर नहीं किया गया। केवल नाम मात्र को 150-200 फीट गहराई बोरिंग कर सरकारी राशि की बंदरबांट किया जा रहा है। लोगों के द्वारा आग्रह किए जाने के बाद भी पाइप लाइन का प्वाइंट संवेदक के द्वारा नहीं दिया गया। जबकि कई ऐसे जगहों पर प्वाइंट छोड़े गए हैं जहां कोई घर भी नहीं। मानों जैसे खेत की प्यास बुझाने के लिए नल जल योजना लगाई जा रही हो। इसकी शिकायत भी स्थानीय लोगों के द्वारा किया गया। लेकिन कोई कार्रवाई और न हीं संवेदक पर कार्य पूरा करने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। मेदिनीनगर स्थित विभागीय कार्यालय में शिकायत किए जाने के बाद कार्यालय के कर्मी व पदाधिकारी संवेदक की पक्ष में खड़े हो जाते हैं। बरसात कभी भी दस्तक दे सकता है ऐसे भी कार्य योजना प्रभावित होगा। लेकिन इसकी परवाह संवेदक और विभागीय अधिकारी किसी को नहीं है।







### मुखिया ने किशुनपुर मे टैंकर से पानी का व्यवस्था कराया

**पाटन।** भीष्म गर्मी में पानी की संकट गहराया। पाटन के किशनपुर पंचायत में पानी की कमी को देखते हुए। मुखिया सुमन गुप्ता के द्वारा पानी की व्यवस्था टैंकर के द्वारा किया जा रहा है। मुखिया ने बताया कि किशनपुर ड्राई जॉन बन चुका है। इस भीष्म गर्मी में लोगों को टैंकर से पानी आपूर्ति की जा रही है। बताया कि इस भीष्म गर्मी के दौर में पानी की बहुत जरूरत पड़ती है। प्यास बुझाने पुनीत का काम है जल के बिना सब असंभव है।

### पाटन सीओ के रूप में दीपक कुमार मिश्रा ने योगदान दिया




**पाटन।** अंचलाधिकारी लाल बाबू के रिटायर होने के बाद पलामू उपायुक्त के निर्देश पर शनिवार को अंचलाधिकारी के रूप में दीपक कुमार मिश्रा ने योगदान दिया। उन्होंने योगदान देने के बाद कहा कि अंचल कार्यालय में कार्य को लेकर कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। लोगों का समुचित काम किया जाएगा। क्षेत्र में अवैध माइनिंग और बालू उठाव को लेकर शक्त कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# बच्चा को पागल कुत्ता ने काटा, गंभीर



**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के डाली गांव निवासी दयाशंकर पासवान के पुत्र रोहित कुमार उम्र 3 वर्ष को रविवार की सुबह करीब 11 बजे पागल कुत्ता ने काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल रोहित कुमार को इलाज के लिए मोहम्मदगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने रोहित की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी रोहित की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि रोहित अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच पागल कुत्ते ने उसे काट कर घायल कर दिया। परिजनों ने बताया कि पागल कुत्तों ने गांव के दो अन्य व्यक्ति को भी काटकर घायल किया है। उनका इलाज मोहम्मदगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

**पहल** | टेपों हटाने के मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट के बाद तनाव

# सीओ व थाना प्रभारी ने विवाद सुलझाया, स्थिति हुई सामान्य


**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चौखड़ा गांव में दो पक्षों में उत्पन्न विवाद को सुलझा लिया गया है। रविवार को हुसैनाबाद के अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह दल बल के साथ चौखड़ा गांव में पहुंच कर दोनों पक्षों के साथ बैठक की। बैठक में विवाद का निबटारा कर शांति व्यवस्था कायम रखने का ग्रामीणों से आग्रह किया। थाना प्रभारी ने बताया कि मारपीट में घायल व जान जाने के मामले में दोनों पक्ष के आवेदन पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि कानून अपना काम करेगा। किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की रात करीब आठ बजे टेपों हटाने को लेकर हुए मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। जिसने एक बुजुर्ग की जान भी चली गई। रविवार को प्रशासन की उपस्थिति में अलखदेव साव का दाहसंस्कार कराया गया। अन्य घायल हैं। जानकारी के अनुसार चौखड़ा गांव निवासी अजित साव अपने घर के कुछ दूरी पर स्थित सरकारी आहर के पास प्रतिदिन ऑटो लगाता था। वहां से गांव के ही दूसरे पक्षों ने ऑटो हटाने को बोला। इसी में दोनो पक्ष के बीच मारपीट हो गई। जिसमें अजित प्रसाद साव, विनोद साव, गोपाल कुमार गुप्ता, राजू सिंह, राजन सिंह, बबलू कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वही अलखदेव साव की मौत इलाज के दौरान हो गई। पुलिस ने दोनों पक्ष के बीच तनाव को देखते हुए शनिवार से कैंप कर रही थी। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, विनय पासवान, मुखिया के अलावा कई ग्रामीण मौजूद थे।







## एक नजर

### नाली ओवर फ्लो को नगर पंचायत ने ठीक कराया



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने नगर पंचायत अंतर्गत अंबेडकर चौक पर ओवर फ्लो होकर बह रहे नाली के गंदे पानी को साफ कराकर उसे ठीक कराया। बता दें कि अंबेडकर चौक के समीप नाली जाम होने के कारण नाली का गंदा पानी ओवर फ्लो होकर मुख्य बाजार के सड़क पर कई दिनों से बह रहा था। नाली का पानी अंबेडकर चौक से लेकर सड़क पर होते एसबीआई बैंक तक चला जाता था, जिससे आम लोगों के साथ दुकानदारों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

### सड़क दुर्घटना में बच्चा घायल

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के सांगबार गांव निवासी कयूम अंसारी के 10 वर्षीय पुत्र रईस अंसारी रविवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के पिता कयूम अंसारी ने बताया की रविवार को दोपहर सभी परिवार टेंपो से नावाबजार अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी बीच चाय नाश्ता करने के लिए सभी लोग टेंपो से उतर कर बाना गांव होटल के पास रुके थे। इस बीच तेज रफ्तार बोलेरो वाहन के झटके से रईस अंसारी सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर बोलेरो को जब्त कर थाना ले गई है। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल रईस अंसारी को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया।

### पलामू-चतरा के साथ झारखंड में इंडिया गठबंधन की जीत तय : बिट्टू

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि चार जून को नए सवेरा के साथ सूरज निकलेगा। देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। 2014 में आई सरकार 2024 में निश्चित रूप से जा रही हैं। उन्होंने जारी बयान में कहा कि देश की जनता ने जनादेश इंडिया गठबंधन के पक्ष में दिया है। पलामू व चतरा के साथ पूरे झारखंड के सभी लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। इस बार देश के मतदाता बेरोजगारी, महंगाई, अत्याचार, संविधान बचाने के लिए व लोकतंत्र कायम करने के लिए मत दिया है। देश की जनता को एग्जिट पोल पर विश्वास नहीं है। चार जून का परिणाम देश की 140 करोड़ जनता इंतजार कर रही है। देश से मोदी सरकार जाने वाली है व इंडिया गठबंधन की सरकार बनने वाली है।

# निजी कंपनी का लोन नहीं भरा तो उठा लिया घर का सामान

**■ ग्रामीणों में आक्रोश, इससे पूर्व भी प्रताड़ना का मामला आ चुका है**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कैशपॉर माइक्रो केडिट कंपनी द्वारा लोन लेने वाली समूह की महिलाओं को प्रताड़ित करने का एक मामला रविवार को लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के सोंस गांव में प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि सोंस गांव की पूनम देवी पति मुखिया भुइयां ने कैशपॉर माइक्रो केडिट कंपनी से समूह लोन लिया था। पूनम देवी समय पर लोन की किश्त का भुगतान घर पर नहीं रहने के कारण नहीं की थी। इस बीच कंपनी के कर्मचारियों ने परिवार की अनुपस्थिति में उसके घर का ताला तोड़ कर गैस सिलेंडर, चौकी व अन्य सामान निकाल कर बेचने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने बताया कि नियम के हिसाब से यदि महिलाद्वारा लोन की किस्त समय पर नहीं जमा किया था तो पहले नोटिस जारी करना चाहिए था। उसके बाद भी पैसा नहीं जमा करने पर पर कानूनी कार्रवाई किया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने बताया कि कैशपॉर माइक्रो केडिट कंपनी के कर्मियों का मनोबल काफी बढ़ गया है। कंपनी नियमों को ताक पर रखकर काम कर रही है। बताते चलें कि पलामू जिला के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड थाना क्षेत्र में लगभग एक सप्ताह पहले प्रयत्न माइक्रोफाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेने के बाद में एक महिला को कंपनी द्वारा प्रताड़ित करने की वजह से मौत हो गई थी। इस संबंध में थाना प्रभारी राजू गुप्ता ने बताया कि उन्हें इस मामले की लिखित सूचना नहीं मिली है। अगर आवेदन मिलता है तो कैशपॉर माइक्रो केडिट कंपनी पर कार्रवाई की जाएगी। कैशपॉर कर्मचारी प्रिंस कुमार कुशवाहा से बात करने की कोशिश की गई लेकिन बात नहीं हुई।



घर से सामान उठाते कंपनी के अधिकारी

#### लोन लेने के बाद की परेशानी

मालूम हो कि ग्रामीण क्षेत्रों में निजी कंपनी के कथित कर्मचारी अधिकारी ग्रमीणों को प्रलोभन देकर पहले उसे लोन देते हैं। फिर इसके बाद लोन चुकता करने के लिए दबाव बनाने लगते हैं। यह स्थिति कई बार देखने को मिला है। ग्रामीणों का आक्रोश देखकर कथित इंश्योरेस कंपनी के कर्मचारी बाद में समझौता कर लेते है। जिस कारण मामला थाने तक नहीं पहुंचता है। इसी का लाभ ऐसे कथित कंपनी के लोग उठाते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### मौसम ने ली करवट, गर्मी से लोगों को मिली राहत



आसमान में छाये काले बादल

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में पिछले एक सप्ताह से उमस व गर्मी के प्रचंड वेग से परेशान लोगों को मौसम के बदले मिजाज से राहत मिली है। हवा में नमी व ठंडापन के कारण लोग राहत महसूस कर रहे हैं। जिले में शनिवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री के उपर था। रविवार को अधिकतम तापमान चार डिग्री की कमी दर्ज की गई। अधिकतम 41.1 व न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्शियस दर्ज किया गया। शनिवार की शाम जिले के सतबरवा प्रखंड सहित अन्य क्षेत्रों में हल्की वर्षा से मौसम खुशनुमा हो गया। नौतपा के प्रभाव से नौ दिनों तक लोगों को प्रचंड गर्मी का सामना करना पड़ा। जिले अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री पहुंच गया था। हीट वेब के कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया था। मौसम विभाग की माने तो जिले वासियों को भीषण गर्मी से फिलहाल राहत मिलेगी। तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होगी, लेकिन अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक रहेगा। आसमान में बादल छाए रहेंगे। मौसम में बदलाव के कारण रविवार को पूरे दिन लोग सड़कों पर निकले।

### 18 मतदान कर्मियों को कारण बताओ नोटिस



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन ने चुनाव में ट्रेनिंग नहीं लेने व मतदान में ड्यूटी नहीं करने वाले 18 मतदान कर्मियों को कारण बताओं नोटिस भेजा है। प्रशासनिक के अधिकारियों के अनुसार यह दोनों कार्य घोर अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। चुनाव की ट्रेनिंग व मतदान कराने से दूर रहे 18 मतदान कर्मियों के समक्ष एक बड़ी मुश्किल खड़ी हो सकती है। सभी 18 मतदान कर्मियों को इस शनिवार तक अपना जवाब भेज देना है। कार्मिक कोषांग के नोडल अधिकारी कुंदन कुमार ने इस बात की पुष्टि की है। कहा कि प्रशासन ने 18 लोगों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। ये सभी न तो चुनाव की ट्रेनिंग की व न ही मतदान करने की ड्यूटी किया। कुंदन कुमार ने कहा कि यह एक घोर अनुशासनहीनता है। इससे बड़ी लापरवाही और कोई दूसरा नहीं हो सकता है। जिन 18 लोगों को कारण बाताओ नोटिस जारी किया गया है वे पलामू व चतरा लोकसभा की चुनावी ड्यूटी से गायब रहे। पलामू लोकसभा का मतदान 13 मई को हुआ था जबकि चतरा लोकसभा के मतदान 20 मई को। इनमें से किसी ने भी किसी अधिकारी को कोई लिखित सूचना भी नहीं दिया है कि वह चुनाव की ट्रेनिंग और मतदान करने की ड्यूटी से क्यों गायब है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने इन 18 लोगों की गैर जिम्मेदाराना हरकत को बहुत गंभीरता से लिया है। कारण बाताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सभी अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों पर एफआईआर भी किया जा सकता है।

## ट्रक पुल पर फंसा, जाम से दोनों ओर लगी लंबी कतार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय को गढ़वा जिला से जोड़ने वाले एक मात्र शाहपुर कोयल नदी पुल रविवार को वाहनों की लंबी कतारों से घंटो जाम लगा रहा। जाम के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वाहनों की लंबी कतार व जाम में फंसे आम लोगों को निकालने के लिए चैनपुर थाना पुलिस को आगे आना पड़ा। चैनपुर थाना की पुलिस ने वन वे रास्ता के माध्यम से वाहनों को निकालने के साथ आम लोगों को जाम से बाहर निकाला। लगभग ढ़ाई घंटा जाम लगा रहा। पुलिस ने सबसे पहले वालवाहक वाहनों को धीरे-धीरे बाहर निकालना शुरू किया। बता दें कि शाहपुर कोयल नदी का पुल मालवाहक वाहनों के कारण अक्सर जाम लगा रहता है। जाम के कारण लोग एक से दो घंटा तक जाम में फंसे रहते हैं।

**पांकी रोड व कई जगहों के रूट डायर्वट**

## मतगणना के दिन वाहनों के परिचालन को लेकर वैकल्पिक मार्ग निर्धारित



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा के मतो की गिनती इस बार जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर में निर्धारित है। मतगणना स्थल के बाहर भाड़ी मात्रा में मतगणनाकर्मी तथा मतगणना एजेन्ट मतगणना स्थल में आयेंगे,। जिससे मतगणना परिसर के बाहर पांकी-डालटनगंज रोड में काफी भीड़ होने की संभावना है। इस स्थिति से निबटने के लिए प्रशासन ने पांकी रोड व अन्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारू रूप से गतिमान करने के 4 जून 2024 के सुबह 04.00 बजे से मतगणना कार्य समाप्ति तक भारी वाहनो का मार्ग परिवर्तन किया है। जानकारी के अनुसार पांकी से डालटनगंज व औरंगाबाद की ओर जाने वाले भारी वाहन रजवाडीह चौक से चियांकी बाईपास रोड होते चियांकी चेक पोस्ट आयेंगे। वहां से रेड़मा चौक से डालटनगंज, औरंगाबाद की ओर जायेंगे। वहीं पांकी से रांची जाने वाले भारी वाहन रजवाडीह चौक से चियांकी बाईपास रोड होते चियांकी चेक पोस्ट आयेंगे, वहां से एन. एच 75 से रांची जायेंगे। औरंगाबाद, डालटनगंज से पांकी जाने वाले भारी वाहन रेड़मा चौक से चियांकी चेक पोस्ट होते चियांकी रजवाडीह बाईपास रोड से रजवाडीह चौक आयेंगे वहां से पांकी की ओर जायेंगे। प्रशासन ने पांकी रोड से जीएलए कॉलेज रोड (मतगणना परिसर के सामने) में आम जनता के वाहन का आना-जाना प्रतिबंधित कर दिया है। आम जनता एसबीआई जीएलए कॉलेज ब्रांच के बगल से सब्जी मार्केट ग्राउण्ड होते पांकी रोड से जायेंगे। मतगणना समाप्ति तक आम जनता इसी रूट डाइवर्सन से जायेंगे।

**आयोजन** | **मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर**

## 80 मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर दिया गया परामर्श

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी युवा मंच डालटनगंज शाखा के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय अंबेदकर पार्क में निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 80 लोगों ने अपने स्वास्थ्य का जांच कराया। डा. राजेश कुमार ने सभी मरीजों का जांच कर उचित परामर्श दिया। जांज में 40-50 लोगों का नया व 30 लोगों का पुराना पर्ची देखा गया। मारवाड़ी युवा मंच के सचिव सज्जन शंघई ने बताया कि महीने के पहले रविवार को अंबेडकर पार्क व तृतीय रविवार को गांधी मैदान में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाता है। मंच के डायबिटीक क्लब के प्रभारी रवि कामदार ने बताया प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय रविवार को स्वास्थ्य जांच के तहत हाई बीपी, शुगर, वजन आदिका निःशुल्क जांच किया जाता है। उन्होंने बताया जांच शिविर से शहरवासियों को काफी लाभ मिल रहा है। लोगों को जांच शिविर पर काफी विश्वास व भरोसा है। मौके पर नीरज कामदार, सौरभ सर्राफ, अरुण शंघई, संदीप केजरीवाल, दीपक नेमाला, निशांत सिंघानिया, केशव लाठ, रवि कामदार, प्रभात अग्रवाल,मनोज भिवानिया, संजय अग्रवाल, शिवम खेतान, अशोक हाजीपुरिया व मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य उपस्थित थे।

**मारवाड़ी युवा मंच के सचिव सज्जन शंघई ने बताया कि महीने के पहले रविवार को अंबेडकर पार्क व तृतीय रविवार को गांधी मैदान में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाता है।**




मरीजों का स्वास्थ्य जांच करते डॉ. राजेश कुमार

## खेल के क्षेत्र में खिलाड़ी अपनी पहचान स्थापित करें :अविनाश देव

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने अंतर जिला स्तरीय तीरंदाजी सेमिनार में भाग लेकर विद्यालय के साथ पूरे जिला मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में पलामू, चतरा, हजारीबाग से 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। संत मरियम विद्यालय के खिलाड़ियों ने 40 मीटर के तीरंदाजी में अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया। खिलाड़ियों को प्रशिक्षण राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच मनोज कुमार ने दिया। विद्यालय के तीरंदाजों का उत्कृष्ट प्रदर्शन व विद्यालय का मान बढ़ाने व शानदार प्रदर्शन करने वालों को विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने रविवार को सम्मानित किया। मौके पर अविनाश देव ने कहा कि अब वह दौर नही रहा जहां केवल पढ़ाई से ही अपनी पहचान स्थापित किया जा सकता है। बदलते परिदृश्य व समय की मांग है कि बच्चें पढ़ाई के अलावा विभिन्न खेलों में भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करें। विद्यालय के तीरंदाज जोश, जज्बे व अपने उत्साह के तीर से मुकाबला कर रहे खिलाड़ियों के हौसलों को भेद कर संत मरियम विद्यालय का सर ऊंचा किया। तीरंदाज राज्य स्तरीय व देश स्तरीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने तीर से देश के तिरंगा को लहरा सके। विद्यालय प्रबंधन उत्कृष्ट प्रशिक्षण अथवा हर प्रकार के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। मौके पर संत मरियम स्कूल के खेल प्रशिक्षक सुमित बर्मन ने बताया की यह सेमिनार खिलाड़ियों के लिए आयोजित की गई ताकि आगामी राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सके। यह सेमिनार 25 मई से 26 मई तक हाजिरबाग स्टेडिम में आयोजित की गई थी जिसमे हजारीबाग संघ के सचिव मनोज कुमार ने खिलाड़ियों प्रशिक्षण दी।



## एक नजर

### बिजली की चपेट में आने से हुई युवक की मौत

**गढ़वा।** गढ़वा मेराल थाना क्षेत्र के टैटूका गांव मे रविवार की शाम खेत में पानी पटाने के दौरान बिजली के करंट के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक का पहचान भिखारी तुरिया का पुत्र सत्येंद्र कुमार तुरियाके रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया गया कि सकेंद्र कुमार तुरिया रविवार को अपने खेत में मोटर से पानी पता रहा था। इसी दौरान बिजली के तार के चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल लाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया है।

### गढ़वा में अपोलो जांच घर की हुई शुरूआत

**गढ़वा।** गढ़वा शहर के गोविंद हाई स्कूल के मैदान के पास रविवार को अपोलो डायग्नोस्टिक्स जांच घर की शुरूआत की गई। इसका उद्घाटन पूर्व विधायक गिरनाथ सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर विचार व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक गिरनाथ सिंह ने कहा कि अपोलो एक ब्रांड है देश में सभी जगह इसका जांच घर है साथ ही इसका गुणवत्ता अच्छा है उन्होंने कहा कि मरीजों को इलाज करने के लिए लाइन लगाना पड़ता है। इसके अलावा मरीज को विश्वास होती है कि प्राइवेट में अच्छी इलाज हो रही है या सरकारी में अच्छी इलाज हो रही है। इसके बाद ही मरीज वहां अपना इलाज करने जाते हैं। अपोलो डायग्नोस्टिक्स के प्रोपराइटर विजय कुमार सिंह ने बताया कि अपोलो डायग्नोस्टिक्स केंद्र खोला गया है। इसमें सभी जांच की कलेक्शन करके रक्त को बाहर भेजा जाएगा उन्होंने बताया कि मरीज को और डायग्नोस्टिक सेंटर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही कम पैसे में उन्हें बेहतर जांच किया जाएगा। इस मौके पर राजीव कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह, अजीत कुमार सिंह, बसंत कुमार सिंह, अनिल कुमार सोनी, नितिन तिवारी, यशवंत कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह, अनुज सिंह, रंजन चौबे, गढ़वा सदर अस्पताल के प्रयोगशाला के सुबोध कुमार सिंह शहीद कई लोग उपस्थित है।

### जमीन विवाद के लिए दो पक्षों में हुई जमकर मार-पीट

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में बीती रात्रि दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर हुई लाठी डंडे से मारपीट में दोनो पक्षों से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया।प्रथम पक्ष से घायलों में उमेश विश्वकर्मा,पत्नी लीलावती देवी,पुत्र उत्तम विश्वकर्मा,दूसरे पक्ष से दिल्ली विश्वकर्मा, पत्नी ललिता देवी घायल हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर भवनाथपुर थाना पुलिस अस्पताल पहुंचकर मामले की पूछताछ के बाद पीड़ित को थाना में लिखित शिकायत देने को कहा है। घटना का मूल कारण दोनो पक्षों का जमीनी विवाद बताया जा रहा है।

### सैकड़ों चमगादड़ों की हुई मौत

**भवनाथपुर।** थाना परिसर में सैकड़ो से अधिक चमगादड़ों की मौत हो गई। आशंका जत्ताई जा रही है की भीष्म गर्मी की वजह से चमगादड़ों की मौत हुई है। थाना परिसर में चमगादड़ विशालकाय पीपल के पेड़ पर रहते थे। थाना पुलिस को मानें तो उक्त चमगादड़ो को मौत क्षेत्र बड़ते भीसन गर्मी के वजह से हीं हो रही है। इस क्षेत्र में भी कई दशकों के बाद पलामू प्रमंडल में रिकॉर्ड तापमान आंकड़े दर्ज किए गए हैं। वही 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान दर्ज किया गया है। लोगों का कहना है कि यह तापमान 1978 के बाद सबसे अधिक तापमान है। भीष्म गर्मी में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है।

# सगमा प्रखंड के दुबरवा टोला के लोगों को नहीं मिल रहा है शुद्ध पेयजल



इधर पंचायत के मुखिया तेज भुइयां ने बताया कि जल्द उक्त टोला में चपानल लगवा कर पानी के संकट दूर किया जाएगा।

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

अनुमंडल मुख्यालय से 7 किलोमीटर पश्चिम दक्षिण स्थित सगमा प्रखंड के दुबरवा टोला के लोग शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। उक्त टोला में 15 से 20 घर भुइया समाज के रह कर जीवन यापन करते है। टोले के लोग टोला से कुछ दूरी पर चुवाड़ी में जमे गंदा पानी पीने को विवश है। यही नहीं टोला के लोग चुवाड़ी से पानी पीने के अलावे पशु को पानी पिलाने के साथ साथ कपड़ा धोने और नहाने का भी कार्य करते है। हालाकि उक्त टोला में 25 बर्ष पहले दो चापानल लगाया गया था लेकिन कुछ ही वर्षों में दोनो चापानल खराब हो गया। मजबूरन उक्त टोला के लोगो ने टोले से 200 मीटर पर दूर वन क्षेत्र में बने चुआड़ी से पानी पी रहे है।

## क्या कहना है टोला में रहने वाले लोगों का

उक्त टोला में रह रहे सकुंती देवी ,राकेश भुइया, दुर्गा कुमारी, अजोरिया भुइया, फुलवा देवी, दुलारी देवी, सोनम देवी, सोनामति देवी ने बताया की इस टोला में जितना भी जनप्रतिनिधि आते है पानी की समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन देकर चले जाते है। लोगो ने कहा कि कई बार प्रखंड कार्यालय में जाकर पानी की समस्या से अवगत कराया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुआ। लोगो ने बताया कि पंचायत के मुखिया से भी चापानल लगवाने की बात कही लेकिन आज तक कुछ नहीं लगा। मजबूरन चुआड़ी का गंदा पानी पीना पड़ रहा है।

# बड़गड़ में कारवाई, भंडरिया में रातभर बालू की अवैध ढुलाई

## कनहर नदी से बालू उत्खनन कर रहे दर्जनों ट्रैक्टरों को पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया**

गढ़वा जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के बघवार स्थित कनहर नदी से अवैध बालू की ढुलाई में लगे दर्जनों ट्रैक्टरों को ग्रामीणों ने रोक दिया. रात भर ट्रैक्टरों को रोककर इस मामले पर कार्रवाई की उम्मीद खत्म होता भोर में इन ट्रैक्टरों को ग्रामीणों ने छोड़ दिया। इस दौरान अवैध बालू की ढुलाई से आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर मालिकों को इस क्षेत्र से बालू नही ले जाने की हिदायत दी। जानकारी के अनुसार पहले की तरह बीती रात भी बघवार के कनहर नदी से बालू की अवैध ढुलाई हो रही थी। इसी दौरान कनहर नदी से बालू के उठाव में लगे दर्जनों ट्रैक्टरों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। वहीं सभी ट्रैक्टरों को प्रशासन से जप्त कराने की बात कही।

बीसूत्री अध्यक्ष राजू नायक सहित ग्रामीण अयोध्या गुप्ता, दयाशंकर गुप्ता, प्रदीप भुईया, सुरेंद्र भुईयां, प्रेमदास, रामदास भुईयां, रमेश घासी, अरविंद पासवान, तिवारी भुईयां, अजय गुप्ता सहित अन्य लोगों ने बताया कि रात भर तेज गति से चलने के कारण रात भर पूरे गांव के लोग सो नही पाते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि इन ट्रैक्टरों की आवाजाही से निकलने वाले हेलीकॉप्टर की आवाज से लोग परेशान रहते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि भंडरिया अंचल के अधीन बड़गड़ में अवैध बालू के उत्खनन व परिवहन का मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने तत्काल कारवाई करते हुए अवैध बालू को जप्त किया। वहीं प्राथमिकी भी दर्ज हुई। लेकिन इसी भंडरिया अंचल के अधीन बघवार के कनहर नदी से रात भर बालू की ढुलाई होती है।



### टास्क फोर्स की बैठक के बावजूद नहीं होती कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि नदियों से बालू के अवैध खनन व परिवहन के मामलों पर कार्रवाई को लेकर जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स का गठन किया गया है। इस मामले में गढ़वा डीसी की ओर से प्रत्येक माह जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक भी होती है। बैठक में अवैध खनन, परिवहन और बालू के अवैध भंडारण पर कार्रवाई की बात होती है। लेकिन इसका किर्यान्वयन धरातल पर नही होता दिख रहा है।

### शाम होते ही नदी में ट्रैक्टरों का लगता है जमावड़ा

जानकारी के अनुसार भंडरिया के बघवार स्थित इस कनहर नदी से बालू का अवैध उत्खनन के लिये शाम होते ही दोनों नदीयों में ट्रैक्टरों का जमावड़ा लगता है। दर्जनों ट्रैक्टर रात भर सपही नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर भंडरिया क्षेत्र के अलावे रमकंडा पहुंचता है। ग्रामीण बताते हैं कि अवैध बालू लदी इन गाड़ियों की सुरक्षा के लिये जगह जगह पर ट्रैक्टर मालिकों के गुप्तचर रहते हैं। ताकि छापेमारी टीम से ट्रैक्टरों को बचाया जा सके।

## डंडाई में पुलिस ने जब्त किया अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर

**डंडाई ।** अवैध रूप से पत्थर लोड कर जा रही एक ट्रैक्टर को डंडाई पुलिस ने शनिवार रात्री जप्त कर थाना ले लाया । वही मामले की सीओ को जानकारी देते हुए उनके द्वारा ट्रैक्टर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दिया गया । ट्रैक्टर महिंद्रा कंपनी की है ट्रैक्टर पर किसी भी साइड में न तो ट्राली पर नंबर अंकित है और न ही उसके इंजन पर। बताया जाता है कि जप्त हुवा ट्रैक्टर जरही के निमिया खाड़ होते डंडाई ,गेरुवा गांव की ओर आ रही थी । इसी दौरान शनिवार रात्रि पेट्रोलिंग पर निकली पुलिस के द्वारा उसे बीच सड़क से जप्त कर लिया गया । थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि थाना क्षेत्र में पुलिस की गस्ती नियमित होते रहती है । इसी बीच शनिवार रात्रि जरही गांव की ओर पेट्रोलिंग पर गए पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा ट्रैक्टर को बीच सड़क से जप्त कर लिया गया । साथ ही उसे थाना में लगा दिया गया । उन्होंने कहा कि उसके अहले सुबह मामले की जानकारी सीओको दे दी गई । वही उनके निर्देश पर ट्रैक्टर के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कर दिया गया ।



## 6 जून को है शनि जयंती महोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

नगर पंचायत क्षेत्र के अहिपुरवा स्थित शनि देव मंदिर के प्रांगण में शनिवार की शाम में श्री शनि देव धर्मार्थ आश्रम कमिटी की बैठक अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से महंत श्री श्री शनि पीठाधीश्वर अनंत विभूषित वालयोगेश्वर स्वामी शनि देव जी महाराज शामिल हुये.बैठक में आगामी 6 एवं 7 जून को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बनाया गया बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया तथा आगामी 6 जून को शनि जयंती महोत्सव एवं 7 जून को शनि देव मंदिर का सातवां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।कार्यक्रम के तहत 6 जून को शनिदेव का अभिषेक एवं विधिवत पूजन अर्चन तथा 7 जून को महा भंडारा का आयोजन व 24 घंटे का अखंड कीर्तन कराने का निर्णय लिया गया बैठक में महंत श्री शनि देव जी महाराज ने कहा कि शनि जयंती एवं वार्षिक उत्सव को लेकर मंदिर में श्री शनि देव की भव्य दरबार सजेगा और पुष्प व विद्युत सज्जा की जायेगी प्रातः मंदिर में भगवान शनि देव जी के दरबार में पूजन व आरती होगी वही अनुष्ठान के तहत हवन और संध्या में सरसों तेल की बाबा की ज्योत प्रज्वलित किया जायेगा उन्होंने कहा कि शनि उपासना कर्म और कर्तव्य के प्रति दृढ़ संकल्पित और प्रेरित करती है, वहीं सभी कष्ट दूर होते हैं।उन्होंने कमेटी के सभी सदस्यों से इन सभी कार्यक्रमों में भाग लेने और तन मन व धन से सहयोग करने की अपील किया बैठक में श्री शनि देव धर्मार्थ आश्रम कमेटी का विस्तारीकरण कर नये कमेटी का पुर्नगठन करने पर चर्चा किया गया बताया गया कि 7 जून को कमेटी का गठन कर चयनित लोगों को पदभार दिया जायेगा बैठक में शनि देव मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित नंदकिशोर दास महाराज,संरक्षक दिनेश पांडेय, कमेटी के अध्यक्ष विक्रांत सिंह सोनू, सचिव उदय नारायण सिंह, उपाध्यक्ष सुभाष पासवान व डॉ भुनेश्वर तिवारी, अखिलेश प्रसाद, खखनु पासवान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय आदिवासी महासभा की बैठक संपन्न

**चिनियां।** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के प्रखंड इकाई चिनिया के बैठक का आयोजित की गई। बैठक के अध्यक्षता अजय सिंह खरवार ने किया मौके पर उपस्थित अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष चैतू सिंह खरवार ने कहा की प्रखंड कमेटी के नेताओं के पास स्पष्ट दृष्टिकोण होना चाहिए अगर यह नहीं होगा तो संगठन आगे नहीं चल पाएगा उन्होंने कहा कि प्रखंड कमेटी को जिला कमेटी के एजेंट और दिशा पर चलना चाहिए। तथा आगामी 9 जून 2024 को बिरसा मुंडा शहादत दिवस मनाने का निर्देश दिए। इस अवसर पर उपस्थित अजय सिंह खरवार, कविता कुमारी ,बिंदेश्वर सिंह, रामेश्वर सिंह ,मुद्रिका बैगा, अर्जुन कुमार सिंह ,महावीर कोरवा, प्रेम परहिया, अंजुलुश टोप्पो, नंदकिशोर सिंह, दशरथ परहिया, राम प्रीत सिंह, विनोद सिंह की इतियादी उपस्थित थे।

## घर में अचानक आग लगने से लाखों का नुकसान





**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

चिनिया थाना क्षेत्र के खुरी गांव निवासी राजकुमार यादव पिता स्वर्गीय रघुनाथ यादव के घर में रविवार की दोपहर लगभग 12:30 बजे अचानक आग लग जाने से लगभग ढाई लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई है। जिससे भूक्तभोगी को काफी बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ा है । पीड़ित ने बताया कि 2 दिन पूर्व घर से कुछ दूर पर अन्य लोगों द्वारा कचरा जलाया जा रहा था, उसी का चिंगारी हवा से उड़ने के कारण मेरे घर के ऊपर आ गया और अचानक आग पकड़ लिया जिससे घर में रखें अनाज सरसों गेहूं चावल कपड़ा बर्तन सहित कई अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए । वहीं आग लगने की जानकारी होने पर गढ़वा से अग्निशमन को फोन कर बुलाया गया अग्निशमन गाड़ी आ जाने से बाकी और घर को बचाया जा सका, अगर समय पर अग्निशमन नहीं आता तो बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था, करण की उक्त घर के अगल-बगल सटे कई मकान भी थे । वही आग लगने पर ग्रामीण भी अग्निशमन के आने के पहले तक पंप मोटर इत्यादि से आग को बुझाने की कोशिश करते रहे । वही इस आग लगी की घटना से भुक्तभोगी पीड़ित राजकुमार यादव काफी आहत हैं।

## प्रखंड के विलुप्तप्राय परहिया जाती के कार्यों से सीधा खिलवाड़

# कार्य होने के बाद भी नहीं किया जा रहा है राशि का भुगतान

- 3 महीने बीतने के बाद भी दूसरी किस्त का नहीं हुआ है भुगतान
- लाभुकों के बीच भारी आक्रोश व्याप्त है

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड क्षेत्र में कल्याण विभाग से बनाया जा रहे आवासों का स्टेज आधारित निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी उसकी अगली किस्त की राशि भुगतान नहीं की जा रही है । मामले में विभागीय पदाधिकारीयों की घोर उदासीनता देखी जा रही है । उनकी उदासीनता का आलम यह है कि पदाधिकारी न तो स्थल पर पहुंच उसका भौतिक सत्यापन करने का काम कर रहे हैं और न ही लाभुकों को उसके ऐवज में अगली किस्त की राशि ही भुगतान कर रहे हैं । प्रखंड मुख्यालय के डंडाई गांव से लेकर दूसरे गांव में भी निवास कर रहे विलुप्तप्राय परहिया जाति के लोगों का कल्याण विभाग से आवास का निर्माण कराया जा रहा है । आवास का निर्माण कार्य शुरू हुए 3 महीना से भी अधिक दिनों का समय बीत गया लेकिन अभी तक उन्हें दूसरी किस्त की राशि का भुगतान नहीं हो पाया । उक्त कारण लाभुकों के बीच भारी आक्रोश व्याप्त है।



लाभुक हीरा परहीन पति प्रताप परहिया ने बताया कि पक्के की आवास के लोभ लालच में आकार में अपना बना बनाया मिट्टी का घर तोड़ दिया । साथ ही पहली किस्त की राशि जारी होते ही उसे स्टेज आधारित प्लिंथ लेवल का कार्य को पूरा कर उसे डोर लेवल तक का कार्य भी पूरा कर दिया । उन्होंने कहा कि उक्त कार्य को किए 3 महीने का समय बीत गया लेकिन अभी तक आवास मद के दूसरी किस्त की राशि नहीं मिल पाई ।साथ ही कहा कि न तो निर्माण कार्य स्थल पर विभागीय पदाधिकारी आ रहे हैं और ना ही मुझे आवास की अगली किस्त की राशि ही मिल पा रही है ।प्रताप ने कहा कि गर्मी के बाद अब वर्षात का महीना आने वाला है ।सप्ताह 10 दिन के अंदर अगर मेरा घर का छत ढलाई कार्य नहीं होता है तो रहने के लिए मेरे समक्ष एक विकट स्थिति उत्पन्न हो जाएगी ।

वर्षात का दिन खासकर हम जैसे किसानों के लिए खेती गिरहस्थी का दिन होता है । अपने अपने खेतों में हम सभी फसल बोने का काम करेंगे की बाल बच्चों को लेकर दूसरे के घरों में रात और दिन का समय बिताने का काम करेंगे । साथ ही कहा कि काश मुझे जानकारी होती की विभागीय पदाधिकारीयों की मामले में घोर लापरवाही होती है तो मैं इतनी बड़ी जोखी नहीं उठाता और न ही सरकारी आवास के लोभ लालच में ही फसता । प्रखंड के अन्य गांव में भी कल्याण विभाग से बनाए जा रहे लगभग सभी आवासों का यही हाल है । संबंधित लाभुक अपने-अपने आवास को स्टेज आधारित लेवल से ऊपर तक के कार्य कर चुके हैं । लेकिन पदाधिकारीयों की लापरवाही के कारण उन्हें उसकी अगली किस्त की राशि नहीं मिल पा रही है ।

मामले में **बीडीओ जागो महतो** ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में कई स्तर से आवास का निर्माण कराया जा रहा है । उन्होंने कहा कि पीएम आवास, जनमन आवास और अबुवा आवास ही मेरे अधीन है । साथ ही कहां कि दूसरे विभागों से बनाया जा रहे आवास के बारे में मैं कुछ भी नहीं बता सकता ।

## न्यूज बॉक्स

### मुखिया ने श्राद्धकर्म में किया सहयोग



**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने मंगलवार को बक्शीपुर गांव निवासी मृतक गरीबा साह के घर पहुंचकर उनकी मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त किया। मुखिया ने मृतक का श्राद्धकर्म करने के लिए उनके परिजनों को 50 किलो आटा और नगद राशि देकर सहयोग किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की असहाय परिवारों को सहयोग करना पुनित कार्य है,वे हमेशा सहयोग करना जारी रखेंगें। इस मौके पर कृष्णा साह, महेंद्र साह,चलीत्र वर्मा, सुरेश साह, दिनेश साह, सुनील कुमार, विशाल कुमार, पप्पू साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### प्रखंड़ के लोगों को कुछ देर मिली गर्मी से राहत

**खरौंधी।** एक पखवाड़े से भीषण गर्मी और लू से जूझ रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। हवा में नमी की मात्रा बढ़ने के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी पर अंकुश लग गया है। रविवार को शाम में 20-30 किलोमीटर तेज सतही हवाओं और मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है। लोगों ने इस प्रचंड गर्मी से राहत महसूस किया है।

### समाजसेवी ने श्राद्धकर्म में किया सहयोग



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत के बक्सीपुर गांव निवासी मृतक गरीबा साह का श्राद्धकर्म करने के लिए युवा समाजसेवी डॉ अनिश गुप्ता ने उनके घर जाकर 50 किलो आटा,एक टिन रिफाइन,पतल, ग्लास और नगद राशि देकर सहयोग किया। इस अवसर पर डॉ अनिश ने कहा की पंचायत क्षेत्र के सभी गरीब, असहाय परिवार के दुःख सुख से शामिल होकर उनका सहयोग करूंगा।इस मौके पर महेंद्र साह, संतोष साह, अनिल राम, प्रहलाद विश्वकर्मा,अभिराज गुप्ता,नंदू साह, छोटन गुप्ता,प्रभु साह, मनोज साह, पप्पू साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कला संस्कृति के क्षेत्र में धुरकी प्रखंड एक अलग ही पहचान रखता है

**धुरकी।** गढ़वा जिले के धुरकी प्रखंड में कुल 8 पंचायत है, इसकी कुल आबादी लगभग 50 हजार है। यहां के युवाओं में खेल प्रतिभा की कोई कमी नही है। कला संस्कृति के क्षेत्र में धुरकी प्रखंड एक अलग ही पहचान रखता है। यहां के खिलाड़ी सफलता की बुलंदियों का छूने का जज्बा रखते हैं, लेकिन इन खिलाड़ियों के लिए जो संसाधन चाहिए वह आज उपलब्ध नही है। जिसके कारण इनकी क्षेत्रीय खेल प्रतिभा जिला राज्य एवम राष्ट्रीय स्तर तक उभर नही पाती। चिंता की बात यह है की 8 पंचायतों में युवाओं को खेलने के लिए कोई खेल का मैदान नही है और नही यहां रहने वाले युवाओं को कभी खेल के लिए प्रशिक्षण मिल पाता है। सरकार की ओर से खिलाडियों की खेल सामग्री मुहैया नही कराई जाती है। सच्चाई यह है की साधनहीन एवम असुविधाओ को झेलते हुए गांव के खिलाड़ी गांव के छोटे छोटे मैदानों में अभ्यास करके प्रखंड से अन्य जिलों तक पहुंचते है। प्रखंड के खिलाड़ी के पसंदीदा खेल क्रिकेट फुटबॉल कबड्डी सहित अन्य खेल है और ये इनमे खेल में योग्यता रखते है। अपने ही गांव के उबड़-खाबड़ मैदानों में खेलते नजर आते हैं और पंचायत के प्रतिनिधियों के द्वारा सम्मानित भी किये जाते है। स्थानीय प्रशासन की ओर से भी खिलाड़ियों के लिए खेल से जुड़ी कोई कार्यक्रम का आयोजन नही किया जाता है। जबकि जिला स्तर में आयोजित धुरकी के खिलाड़ी अव्वल रहे है। वही खिलाडियों खेल खेलने के लिए स्कूल के मैदान या जंगल के दामर में सफाई करके जैसे तैसे खेलते हुए नजर आते है। वही खिलाड़ी नागेंद्र कुमार, देवेंद्र गोंड, सुहेल खान सहित अन्य लोगों ने खिलाड़ियों ने धुरकी प्रखंड में खेल स्टेडियम बनाने की मांग राज्य सरकार से किया है।

### अवैध बालू लदे दो टीपर जब्त, चालक और मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**श्री बंशीधर नगर।** जिला खनन पदाधिकारी नंद कुमार बैठा ने शनिवार की रात्रि में परिवहन कर रहे अवैध बालू लदे दो टीपर को जप्त कर नगर ऊंटरी थाना को सौप दिया है। वहीं जिला खनन पदाधिकारी ने दोनों चालकों व वाहन मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि रात्रि में नगर ऊंटरी- मुड़ीसेमर मुख्य पथ पर गोसाईबाग के समीप दो टीपर अवैध बालू परिवहन करते पकड़ा गया, जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या यूपी 64 ए टी 1808 एवं यूपी 64 टी 9880 है। वाहन चालक वीरेंद्र उरांव ,पिता कमरू राम एवं बुधन उरांव, पिता स्व जानकी उरांव दोनों धुरकी थाना के कटहर कला गांव का निवासी हैं। वहीं वाहन मालिक जय गोविंद मेहता एवं नंदकुमार मेहता दोनों के पिता स्व छठू मेहता ग्राम सगमा थाना धुरकी के निवासी हैं। इन सभी लोग पर प्राथमिक की दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किया जा रहा है। खनन पदाधिकारी ने कहा कि धुरकी थाना क्षेत्र के सामू घाट कनहर नदी से प्रति दिन बालु का ढुलाई करने की सुचना मिली रही थी। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से बालू परिवहन करने के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाएगा ,किसी भी हाल में अवैध रूप से बालू परिवहन करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।

### तैबा क्लीनिक में हुआ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर।** शहर के चेचरिया स्थित तैबा क्लीनिक में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ शाहनवाज आलम ने 110 मरीजों को निशुल्क जांच किया गया। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में लोग असंतुलित खानपान के साथ दिनचर्या के कामों में तनाव होने से इस तरह के लोगों बीमार हो जाते हैं। इन सभी से बचाव के लिए लोगों को समय-समय पर अपनी जांच करानी चाहिए। डॉ शाहनवाज आलम ने कहा कि प्रत्येक माह के 1 तारीख को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है उन्होंने शहर एवं आसपास के लोगों से अपील किया कि वह इस स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा सकते हैं यह परीक्षण पूरी तरीके से निशुल्क है। मौके पर मोहम्मद अली,रोशन कुमार,गुलाम रसूल,इमरान खलीफा,शालू कुमारी सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## एक नजर

### पति ने पत्नी के गुमसुदगी का दर्ज कराया मामला



**कुंदा(चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकीदाग पंचायत अंतर्गत सोहरलाट गांव निवासी कलेन्द्र गंझू की 38 वर्षीय पत्नी शांति देवी अपने दो बच्चों के साथ घर छोड़ बाहर चली गई है। उपरोक्त जानकारी महिला के पति कलेन्द्र गंझू ने दिया देते हुए बताया की 22 मई की सुबह लगभग सात बजे बिना बताए दोनों बच्चों को लेकर कहीं चली गई। काफी खोज बिन करने के बाद भी कही नहीं मिली हैं। साथ में गए बच्चों में आठ वर्षीय सुभाष कुमार और छह वर्षीय रानी कुमारी हैं। आगे बताया कि उसी दिन जब शाम तक घर नही लौटी तो अपने आस-पास, पड़ोसियों व रिस्तेदार के घर काफी खोज बिन किया, लेकिन कहीं पता नही चला तो अंत में आज थाने में गुमसुदगी का आवेदन देकर गुमशुदा पत्नी को खोजने में मदत करने का निवेदन की है।

### किशोर लापता, थाना में सन्हा दर्ज




**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना क्षेत्र के अमगांवा गांव से बारह वर्षीय बालक गणेश भुइयां पिता संजय भुइया अचानक लापता हो गया है। परिजनों के अनुसार 30 मई को घर से निकला, जो अब तक लौटकर घर नही आया है। परिजनों और ग्रामीणों के द्वारा काफी खोजबीन की गई लेकिन अब तक कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों ने लिखित आवेदन शिला ओपी को देकर खोजबीन करने की गुहार लगाई है। परिजनों ने आगे बताया कि गणेश तिलैया का रहने वाला है वह अपने रिश्तेदार के घर अमगावा में रहकर पढ़ाई-लिखाई करता है। साथ हीं परिजनों ने कहा की अदि किन्ही सज्जन को यह लड़का दिखाई देता है तो 7903839771 पर संपर्क कर जानकारी दें। इस कार्य के लिए सदा ऋणी रहूंगा।

### पृथ्वीपुर जंगल में मिला वृद्ध का शव

**इटखोरी(चतरा)।** पुलिस ने रविवार को इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत टोनाटांड़ पंचायत के पृथ्वीपुर जंगल से एक वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव का पहचान समचार लिखे जाने तक नहीं हुआ है। पुलिस ने ग्रामीणों द्वारा सूचना के बाद जंगल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है। देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि शव कई दिन पूर्व का है। चुकी गर्मी में पूरी तरह से शव सूख चुका है। जिसके कारण उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि जंगल से प्राप्त शव को लेकर पुलिस विधि सम्मत कार्रवाई में जुटी हुई है।

### दो से तीन दिनों के अंदर भीषण गर्मी से सैकड़ो चमगादड़ व कबूतरों की मौत



**महुआडांड़।** महुआडांड़ डाल्टनगंज रोड स्थित लीपटस बगान में डेरा जमाए चमगादड़ की भीषण गर्मी मौत हो रही है। दो से तीन दिनों के बीच लगभग सैकडों चमगादड़ की मौत हो चुकी है। कुछ पेड़ के नीचे गिर पड़े है। कुछ पेड़ पर लटककर दम तोड़ दिए है। वही सभी मरे हुए चमगादड़ को ग्रामीण बोरे उठाकर खाने के लिए ले जा रहे हैं। इधर ग्राम साले करमटोली में कबूतर की मौत भी भीषण गर्मी से हो रही है।

# बड़े हादसे को आमंत्रण दे रहा है सड़क से गुजरता ग्यारह हजार वोल्ट का तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा झलकीटोला स्थित ट्रांसफार्मर से कनेक्शन किए गए ग्यारह हजार वोल्ट की तार बड़े हादसे का निमंत्रण दे रहा है। गोनिया सिबला भाटचतरा होते हुए बारियातू व टंडवा के लिए पक्की सड़क बनी हुई है। जहां प्रत्येक दिन दर्जनों वाहन गुजरता है। भाटचतरा के झलकी टोला स्थित पक्की सड़क से ट्रांसफार्मर तक कनेक्शन के लिए ग्यारह हजार हाई वोल्टेज की तार गुजरा हुआ है। कई बड़े वाहन तार के संपर्क में आ जाता है। जिससे कई बड़े हादसा होते होते टला है। ग्रामीण रामू यादव, देवनाथ यादव, करू तुरी, जिलेबो तुरी, सुरेंद्र तुरी, मनोज तुरी, कामेश्वर यादव, कंचन यादव सहित कई लोगों ने बताया की बिते माह सवारी से भरे बस वाहन ग्यारह हजार तार की संपर्क में आ गया जिससे बस में अफरा तफरी मच गई थी। चालक जल्दबाजी में अपने सूझबुझ से बस वाहन को तुरंत पीछे किया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। विद्युत विभाग द्वारा वायर की मरम्मत नहीं कराई जाती है जिसके कारण कई जगहों पर तार झूल रहा है।

सड़क से गुजरे हुए ग्यारह हजार तार मे जाली नहीं लगाया गया है। भविष्य में सड़क से गुजरे हुए तार गिर जाय तो बड़ी घटना होने की सम्भावना बनी हुई है। ज्ञात हो की विद्युत विभाग में मरम्मत के लिए फंड आता है या नहीं आता है यदि आता है तो कितने दिनों में आता है। यदि फंड आता है तो मरम्मत क्यों नहीं किया जाता है। विभाग के प्रति बहुत सारे सवाल खड़ा होता है।

आपको बताते चलें की गोनिया से राजगुरु, सिबला, भाटचतरा, टोटी,इटके बारियातू तक सड़क से गुजरे हुए ग्यारह हजार हाई टेंशन वोल्टेज वाले तार में दूर-दूर तक कहीं भी जाली नहीं दिखाई देता है। इधर टंडवा रूठ जाने के क्रम में टोटी, रहैया, बनवार पंकुरवा, मनातू बनालात गांव पड़ता है। मुख्य मार्ग से गुजरे हुए तार में भी जाली गार्ड नहीं लगाया गया है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग से गुजरे ग्यारह हजार तार में विद्युत विभाग से जाली लगवाने के साथ मरम्मत करवाने की मांग की है।

## पेड़ों में रक्षा सूत्र बांध पर्यावरण बचाने का लिया गया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारियातू जंगल में रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा गया। लोगों ने पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण बचाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व पंचायत के मुखिया डेगन गंझू ने किया। कार्यक्रम के दौरान सीड बॉल का निर्माण किया गया। बताया गया कि यह सीड बॉल पांच जून को जंगल के विभिन्न स्थानों पर जहां पेड़ पौधे नहीं हैं, वैसे जगह पर फेके जायेंगे। ताकि खाली स्थान में पौधे उग सके। ग्रामीणों को पर्यावरण से होने वाले लाभ की विस्तृत जानकारी देते हुए कम से कम एक व्यक्ति को पांच-पांच पौधे लगाने का आह्वान किया गया। मौके पर वनरक्षी प्रकाश राणा, मृत्युंजय कुमार सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

**अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय समाज की हुई बैठक**

## चंद्रवंशी जाति को सीएनटी से बाहर करने की रखी गई मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित विवाह मंडप में रविवार को चन्द्रवंशी क्षत्रिय समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राजू चन्द्रवंशी व संचालन मदन चंद्रवंशी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से समाज के उत्थान पर विस्तार चर्चा करते हुए समाज में फैले कुरितियों के साथ नशा मुक्त समाज एवं शिक्षा शामिल है। इसके अलावा प्रखंड कमिटी द्वारा निर्णय लिया गया कि गांव-गांव जाकर मुहिम के तहत नाश मुक्ति अभियान चलाकर समाज को बचाया जाय। इसके अलावा महाराजगंज, बिगहा, चौपारण में समाज द्वारा नव निर्मित मंदिर और यज्ञ में हुवे खर्च का आय व्यय पर चर्चा की गई। साथ हीं जिला कमेटी के माध्यम से चन्द्रवंशी जाति पर जो सीएनटी लगा हुआ है, उसे हटाने की मांग सरकार से करने का निर्णय लिया गया। बैठक में लक्ष्मी राम चंद्रवंशी, मुन्ना कुमार, अनिल चंद्रवंशी, बाबूलाल चंद्रवंशी, मदन चंद्रवंशी, सूरज चंद्रवंशी, भीम चंद्रवंशी,, अजित चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी के अलावे समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## विशेष अभियान के तहत 85 लोगों का फाइलेरिया जांच के लिए रक्त सैंपल लिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** 1 जून से 10 जून तक चलने वाली फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रखंड के आदर्श नगर मोहल्ला में शनिवार रात्रि इसकी शुरूआत किया गया। कार्यक्रम के तहत चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जयंत लकड़ा की देखरेख में शनिवार रात्रि 8 बजे से 12 तक मेडिकल टीम द्वारा चिकित्सा शिविर लगा कर फाइलेरिया जांच हेतु 20 वर्ष से अधिक उम्र के 85 से अधिक लोगों का फाइलेरिया जांच हेतु रक्त संग्रह किया गया। इस सम्बंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जयंत लकड़ा ने बताया कि बीते रात्रि रक्त पट्ट संग्रह एनबीएस फाइलेरिया कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड क्षेत्र के सेंटीमेंट साइट रेंडम साइट पर किया जाना है। इसके अंतर्गत 20 वर्ष से ऊपर आयु के लोगों का रक्त संग्रह रात्रि आठ बजे से बारह बजे तक होना है। इसके आधार पर लोगों में माइक्रो फाइलेरिया का पता किया जा सकेगा। जिससे प्रखंड स्तर पर विशेष उपचार एवं लोगों में फैल रहे इस बीमारी की रोकथाम में विभाग को विशेष लाभ मिलेगा। जांच में फाइलेरिया पॉजिटिव पाए जाने के बाद उक्त मरीज को निःशुल्क दवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 दिनों तक इस अभियान को लगातार चलाया जाएगा और प्रखंड के सभी क्षेत्रों में रात्रि 8:00 बजे के बाद शिविर लगाकर सभी लोगों का रक्त संग्रह किया जाएगा। उन्होंने इस अभियान में सभी लोगों से सहयोग करते हुए आवश्यक रूप से रक्त जांच कराने की अपील किया है, ताकि इस बीमारी की पहचान कर समय पर इलाज शुरू किया जा सके। वही मौके पर एमटीएस रविकांत सिंह, ड्रेसर राजेश चन्द्र सिन्हा, बबलू, सीएचओ आभा कुमारी, एमपीडब्ल्यू युवराज सिंह, गुलाम सरवर, दिलकेश्वर राम, बीटीटी श्याम सुंदर यादव, एलटी मनोरंजन कुमार, स्वेता कुमारी, दीपक सिंह, सहिया लालमुनी देवी, बिमला देवी, फागुनी देवी मौजूद रहे।

## गेरेंजा स्कूल बाउंड्री निर्माण कार्य में भारी अनियमितता



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ (लातेहार)।** प्रखंड अंतर्गत गेरेंजा स्कूल में हो रहे चार दिवारी निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच करने पहुँचे आजसु प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव ने निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर उठाये कई सवाल। कहा यह योजना डीएमएफटी फंड से लाखों रुपए की लागत से बनाई जा रही है बिना बोर्ड लगाए काम किया जा रहा है,बंगला भट्टा का ईंटा उपयोग किया जा रहा है और बाउंड्री में पानी भी नहीं पटाया जा रहा है । कॉलम और पीलिंथ बीम में रिंग का दूरी 150 एमएम के जगह पे 200 से 250 एमएम का दूरी में दिया जाता रहा है। कॉलम और पीलिंथ बीम का (आरसीसी) ढलाई 10 एमएम का कॉक्रीत से किया जा रहा है कॉलम रड लाईपिंग जीरो एमएम का दिया गया है पीलिंथ बीम में रड 12 एमएम के जगह पर 6 एमएम का डाला गया है और इस प्रकार ठीकेदारों द्वारा मनमानी काम किया जा रहा है इस तरह भारी गड़बड़ियों को देखते हुए आजसू प्रखंड अध्यक्ष ने कार्य स्थल से ही तुरन्त प्रखंड विकास पदाधिकारी फोन लगाकर अनियंत्रिता की जानकारी दी। और जिले पदाधिकारीयों को फोन कर मामले से अवगत कराते हुवे जिला उपायुक्त से इस जन उपयोगी योजना का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाने की मांग किया।

## चंदवा पल्ली में दृढ़ीकरण और परम प्रसाद संस्कार कार्यक्रम संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा पल्ली में रविवार को दृढ़ीकरण संस्कार एवं मिस्सा कार्यक्रम के बाद परम प्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चे सफेद वस्त्र धारण कर चर्च पहुंचे थे। 128 बच्चों को दृढ़ीकरण तथा 81 बच्चों को परम प्रसाद विशप थियोडोर मस्कारे द्वारा ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम के आयोजन के मौके पर फादर इमानुएल केरकेट्टा,फा प्रदीप पन्ना,फा अलफोंस बाखला,फा जोसेफ एक्का ने भी उपस्थित खीस्तियों को अपने अपने संदेश में संस्कार ग्रहण करने की प्रक्रिया और प्रभु यीशु के महिमा का बखान किया। उन्होंने बच्चों को संस्कारी तथा अच्छा व्यक्ति बनने का संदेश दिया। वहीं इस कार्यक्रम को भव्य बनाने में युवा संघ के कोयर दल ने अपने गीतों के द्वारा माहौल को भक्तिमय बनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैथलिक सभा के सभापति स्टेफेन मिंज, सुमन सुनील सोरेंग, विनय खलखो, राजेश लकड़ा, प्रभात तिर्की, धवल कुजूर, प्रशांत बाड़ा, किशोर टोपनो, कुलदीप लकड़ा, सुधीर लकड़ा, बसंती लकड़ा, सुषमा तिर्की, किरण लकड़ा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**लोस चुनाव** | **4 जून को मतगणना, डीसी ने चतरा कॉलेज चतरा का किया निरीक्षण, कहा**

# बिना पहचान पत्र के परिसर में प्रवेश वर्जित



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिले में चार जून को चतरा कॉलेज चतरा में मतगणना होगा। इसके लिए की गई आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप रविवार को चतरा कॉलेज चतरा पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में ब्रज गृह, चतरा, सिमरिया, मनिका, पांकी, लातेहार विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष का निरीक्षण किर सुरक्षा व्यवस्था सीसीटीवी समेत अन्य की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर लें, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, साफ सफाई को लेकर भी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। आगे उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत कहा निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में इलेक्ट्रिक डिवाइस किसी भी सूरत में नशीले पदार्थ, अवैध सामग्री के साथ किसी की भी एंट्री न हो इसका खास ख्याल रखा जाय और बिना पहचान पत्र के मतगणना परिसर में बिल्कुल ही किसी को प्रवेश करने नहीं देना है। मौके पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

## गुमला खबर

### भरनो प्रखंड में हिंदू जागरण मंच का जागरूकता अभियान



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनोः प्रखंड के अम्बवा गांव में रविवार को हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिनाथ शाहदेव, प्रदेश प्रवर्तन प्रमुख संजय वर्मा, रांची महानगर अध्यक्ष निशांत चौहान, भाजपा पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित में महली,रांची मंडल अध्यक्ष चंदन सिंह,भाजपा युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी सिसई आकाश लाल सहित कई लोग पहुंचे और बीते दिनों हुए घटना के पीड़ित युवती एवं उनके परिजनों से मुलाकात किया। घटना की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें हिंदू जागरण मंच के द्वारा हर संभव मदद का भरोसा दिया। वही अम्बावा गांव के महली टोली स्थित सामुदायिक भवन में गांव के ग्रामीणों के साथ हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारीयो ने बैठक कर ग्रामीणों को जागरूक किया। इस मौके पर हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिनाथ शाहदेव ने ग्रामीणों से कहा कि हमेशा से हिंदू समाज के लोगों को धर्म के प्रति और समाज में हो रहे अत्याचार के खिलाफ जागरूक करते रहती है। आज इस गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें भी जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने ने कहा कि आप सभी अपने धर्म सभ्यता से भटक न जाए इसलिए हिंदू जागरण मंच बीच में लोगों को जागरूक करने का काम करती है। वहीं मौके पर प्रदेश प्रवर्तन प्रमुख संजय वर्मा ने कहा कि गांव में किसी भी तरह का धर्म परिवर्तन ना हो इसके लिए हिंदू जागरण मंच हमेशा ग्रामीणों को जागरुक करते रहती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी अन्य समुदाय के बहकावे में आकर लोग धर्म परिवर्तन कर लेते हैं। यह गलत है, ऐसा नहीं होना चाहिए, इसके लिए आप लोगों को जागरूक होना पड़ेगा। आज कल लव जिहाद, धर्म परिवर्तन आदि को लेकर आए दिन घटनाएं देखने को मिल रही है। इसके बचने की जरूर है।आप सभी अपने बच्चों को शिक्षित करें। उन्हें संस्कार देना होगा धर्म के बारे में उन्हें बतलाना होगा तभी जाकर यह सब रुकेगा।कुछ दिन पूर्व ही इस गांव में एक दूसरे समुदाय के लड़का द्वारा गांव की एक बेटी को बंधक बनाकर 8 महीने तक उसके साथ शौन शोषण किया। इस कुकृत के बाद आज वह जेल के अंदर बंद है। यह घटना गांव में पुनार्वृति ना हो इसके लिए आप लोग अभी से ही सजग रहें और जागरूक रहे और दूसरों को भी जागरूक करें तभी जाकर गांव समाज और धर्म की रक्षा हो सकती है। वहीं उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को गांव के सभी लोग हर तरह से मदद करें। उनका सहयोग करें। इस मौके पर मुख्य रूप से ऋषिनाथ शाहदेव,संजय वर्मा, सुमित महली,निशांत चौहान, चंदन सिंह,आकाश कुमार लाल, सरजू महली,कैलाश महली, दुष्यंत कुमार साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष युवक युवतियां मौजूद थे।

### उपायुक्त से मिलकर चौबीस परगना से मृतक का शव मांगने की मांग



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया-थाना क्षेत्र के तेतरा निवासी जकेरियास कुल्लू के 32 वर्षीय पुत्र प्रवीण कुल्लू जिसका आकस्मिक निधन 2 जून को पश्चिम बंगाल के चौबीस परगना जिला के सासोन थाना स्थित कोलागांवग्राम में नूरा बाबू का ईट भट्ठा में हो गया है। प्रवीण कुल्लू वहाँ मजदूरी करने गया था। वह काफी गरीब परिवार का सदस्य है। इस संबंध में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव रोशन बरवा ने उपायुक्त गुमला से बात कर प्रवीण कुल्लू के शव को गांव तक मांगने की मांग की है। ताकि गांव में उसका अंतिम संस्कार हो सके।

### जल मीनार लगाते वक्त 20 वर्षीय सुभाष खड़िया जमीन पर गिरा, हुई मौत

**गुमला।** गुमला सदर थाना स्थित कोयनार टोली निवासी 20 वर्षीय सुभाष खड़िया (पिता शनिचरा खड़िया ) कुरडेग ग्राम में जल मीनार लगाते वक्त, उसे लूं लग गया। फलस्वरूप वह उक्त जल मीनार के उपर से सीधा जमीन पर नीचे गिर गया। फलस्वरूप उसकी मौत घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उसके साथ कार्य कर रहे अन्य अनेक मजदुरों ने आनन-फानन में इलाज के लिये कुरडेग ग्राम स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया की सुभाष खलखो काफी मेहनती होनहार छात्र था। वह अपने कमाई से पढ़ाई का खर्च निकलता था और अपने घर परिवार को भी सहयोग करता था। सुभाष खड़िया जल मीनार लगाने का कार्य करता था और उक्त घटना के दिन भी वह कुरडेग ग्राम में जल मीनार लगाने का कार्य कर रहा था। इसी क्रम में उसे लू लग गया। फलस्वरूप वह उक्त जल मीनार से जोरदार आवाज लगाते हुए वह जमीन पर गिरा और उक्त घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई, बाद में उक्त घटना की सूचना गुमला सदर थाना पुलिस को दी गई। उक्त सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु उक्त शव को गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

### एलएनटी में मजदूरी करने वाले गंगेश्वर उरांव की हार्ट अटैक से मौत



**गुमला।** गुमला जिला के सिसई थाना क्षेत्र के मुरगू गांव के एक मजदूर गंगेश्वर उरांव की मौत चैन्नई में मजदूरी करने के दौरान अचानक हार्ट अटैक आ जाने से मजदूर का मौत हो गया। दिनांक 31-5-24- का घटना है जानकारी के अनुसार मजदूर चैन्नई में किसी कंपनी में काम करता था। जिसका शव कंपनी ने हवाई जहाज से रांची भेज दिया तथा रांची से मुरगू गांव लाने के लिए एंबुलेंस का खर्च भी दिया। लेकिन परिजनों का कहना है कि कंपनी ने दाह संस्कार के लिए कोई सहयोग नहीं किया। विभिन्न संगठनों द्वारा उक्त कंपनी से कुछ मुवाआजा दिलाने और जिला प्रशासन से भी मृतक मजदूर के आश्रितों को उचित मुआवजा दिलवाने में सहयोग करने का श्वसन दिया है। इधर जैसे मृत मजदूर का शव गांव पहुंचा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। तथा गांव में मातम छा गया है।

## एक नजर

### अपराधियों ने ट्रैक्टर ट्रॉली में लगाई आग समय रहते पाया काबू

**कैरो/लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के सदर पंचायत के कैरो उतका गांव में अज्ञात उपद्रवियों ने ब्रजकिशोर साहू के घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर व ट्रॉली को आग के हवाले कर दिया। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया जिसके कारण ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि लगभग 12 बजे के आस-पास ब्रजकिशोर साहू के घर के आगे कैरो चट्टी मुख्य पथ के बगल में घर के दरवाजे के सामने खड़ी दो ट्रैक्टर ट्रॉली को अज्ञात उपद्रियों के द्वारा आग के हवाले कर दिया गया। ब्रजकिशोर साहू और आस-पास के लोगो के सहयोग से आग को बुझाने में सफल हुए। फिर भी ट्रैक्टर का टायर,सीट आदि जल गई जिससे काफी नुकसान हुई।

### युवक ने रस्सी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसल कारी टोली में एक 38 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. मृतक की पहचान कारी टोली निवासी 38 वर्षीय शंकर उरांव के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक और उसके पत्नी के बीच किसी बात को लेकर आपसी विवाद खड़ा हो गया। जिसके बाद शंकर दूसरे कमरे में सोने चला गया। सुबह जब पत्नी उठकर दूसरे कमरे में गई तो शंकर फांसी के फंदे में झूलता मिला। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल लोहरदगा में पोस्टमार्टम के उपरान्त शव को परिजनों को सौंप दिया है।

### घाघरा में नाग सांप के काटने 11 वर्षीय छात्रा हुई गंभीर

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनियाडीह गांव में गुरुवार की रात करीब 8:00 बजे नाग सांप के डसने (काटने) से रामसेवक सिंह की 11 वर्षीय बेटी शिवानी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजन उसे गांव के ही भगत छंदू यादव से झाड़ फूंक कराए,इसके बाद रात भर उसे घर में ही रखा गया। वही सांप को ग्रामीणों ने पकड़ रखा है। सुबह उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल गुमला लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक छात्रा गांव के अखाड़ा में कुछ बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी पिलर के बिल से सांप निकला और उसके पैर में डस लिया। छात्रा का पैर फूल गया है। वही काटने के स्थान पर कालापन हो गया है।

# उत्पात : जंगली हाथी ने चार किसानों के फसल को किया नष्ट, मुआवजे की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। रोज कहीं न कहीं किसानों के घर एवं फसलों को बरबाद कर रहे हैं। ताजा मामला चैनपुर के कातिंग अंबाटोली गांव का है जहां शनिवार की देर रात दो जंगली हाथियों ने गांव के चार किसानों के लगभग पांच एकड़ में लगे सब्जियों को रौंद डाला। देर रात पंहुचे हाथियों ने गांव के किसान आलोक टोप्पो के एक एकड़ में लगे कोहड़ा खीरा कद्दू एवं करेले को रौंद कर नष्ट कर दिया। वहीं बिमल केरकेट्टा के डेढ़ एकड़ में लगे भिंडी, टमाटर, खीरा को नष्ट कर दिया। जिसके बाद बसरोपन लोहरा एवं मोहना उरांव के दो एकड़ में लगे बोदी, खीरा एवं ककड़ी को नष्ट कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए पिड़ीत किसानों ने बताया कि शनिवार की रात जंगली हाथियों ने खेत में लगे सब्जियों को बर्बाद कर दिया। जब हम सुबह अपने खेत सब्जी तोड़ने गए तो देखा कि हाथियों के द्वारा पूरे खेत को तहस नहस कर दिया था। वहीं किसानों ने बताया की सब्जी बेचना ही हमारे रोजगार का मुख्य साधन है। लेकिन आए दिन जंगली हाथियों के द्वारा हमारे सब्जियों को नष्ट कर दिया जा रहा है। जिससे हमारी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। चैनपुर अनुमंडल के जारी डुमरी सहित कई जगहों पर हाथियों के द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है, पर वन विभाग के द्वारा अभी तक इन जंगली हाथियों को खदेड़ने का सार्थक प्रयास नहीं किया जा रहा है। इधर कातिंग पंचायत की मुखिया मधुरा मिंज ने बताया कि आए दिन हाथियों के द्वारा गरीब किसानों के फसलों एवं घरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। लोग भय के साए में जी रहे हैं। ग्रामीण अपने फसल एवं अपने घर परिवार को बचाने के लिए रतजगा कर रहे हैं। वहीं वन विभाग कान में तेल डालकर सोई हुई है। वन विभाग इस दिशा में कोई पहल नहीं कर रहा है। जिससे किसानों में आक्रोश है मुखिया सहित ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को खदेड़ने की मांग की है।



### भरनो प्रखंड में हाथियों ने दो घरों को क्षतिग्रस्त कर खाए अनाज

**भरनो।** भरनो प्रखंड के मदनपुर गांव में जंगली हाथियों के द्वारा बांदे उरांव एवं शुकरा उरांव के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। 12:30 रात की घटना है पीड़ित परिवार किसी तरह से भाग कर अपना जान को बचाए हैं। घर में रखे अनाज की बोरी चावल एवं धान को हाथी चट कर गया। गजराज के आतंक से प्रखंडवासी वासी खासे सहमे हुए हैं। लगातार गजराज कोई ना कोई घर को निशाना बना रही है। पीड़ित परिवार मुआवजा हेतु वन विभाग से गुहार लगाया। वन पाल राजेश कुजूर ने कहा की हाथी भागने वाला दस्ता पहुंचा हुआ है हाथी को भगाने का प्रयास किया जा रहा है। जो भी पीड़ित परिवार हैं उनको वन विभाग के द्वारा उचित सहयोग प्रदान किया जाएगा।



### उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों-कर्मियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

# मतगणना केंद्र के अंदर कोई भी मोबाईल न ले जाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में आगामी 4 जून को लोकसभा आम चुनाव 2024 मतगणना के निमित रविवार को नगर भवन गुमला में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ एक विशेष बैठक का आयोजन करते हुए मतगणना दिवस को लेकर ज्वाइंट ब्रीफिंग की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि 12 लोहरदगा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा चुनाव के इस अंतिम चरण की तैयारी सबसे महत्वपूर्ण है, इससे पूर्व के सभी कार्यों का कोई मूल्य नहीं रहेगा यदि मतगणना दिवस के दिन सभी अधिकारी एवं कर्मी निष्ठापूर्ण तरीके से कार्य न करें तो। उन्होंने सभी को मुख्य मुख्य बातो से अवगत कराया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्र के अंदर कोई भी पदाधिकारी एवं कर्मी मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को अंदर लेकर नहीं जाएंगे। 4 जून को पूर्वाह्न 8 बजे से चंदाली स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज में निर्मित वज्रगृह में मतगणना का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्वाह्न 6 बजे से वज्रगृह को खोला जाएगा जिसके तहत सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को समय से मतगणना स्थल में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल में किसी भी पदाधिकारी एवं कर्मी को बिना एंट्री पास के अंदर घुसने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है, एवं बाहर से कुछ भी अंदर खाने पीने एवं अन्य सामग्री लेकर जाना निषेद रहेगा केवल पेन एवं पेपर के साथ ही प्रवेश किया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति विशेषकर अभिकर्ताओं को बार बार बाहर एवं अंदर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभिकर्ता यदि काउंटिंग के दौरान बाहर जाते हैं एवं पुनः मतगणना स्थल पर वापस आना चाहेंगे तो उन्हें दोबारा अंदर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा उन्होंने सभी को नियमों का पालन करते हुए अपने कार्यों को सफलता पूर्वक तारीक से पूर्ण करने का निर्देध दिया उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उन्हे दिया गए नियमों एवं जिम्मेदारियों से भी अवगत कराया। मीडिया कर्मियों को भी अंदर मोबाइल फोन लेके जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं कुछ अंतराल के लिए मीडिया कर्मियों को वज्रगृह के अंदर प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी जिसमें मीडिया कर्मी कैमरा लेकर जा सकेंगे परंतु फोन का उपयोग नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल में सभी ओर सीसीटीवी कैमरा लगे हुए होंगे अतः सभी पदाधिकारी एवं कर्मी कोई भी ऐसी गतिविधि न करें जिससे संदेह उत्पन्न हो। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन विवादप्रद माहौल भी देखने को मिल सकता है किसी भी स्थित में पदाधिकारी अथवा कर्मी गुस्से होने से बचेंगे एवं परिस्थिति कैसी भी हो स्वयं को शांत रखेंगे यह ध्यान रखें कि हर समस्या का समाधान है परंतु अपना आपा नहीं खोएंगे , समस्या आए तो अपने वरीय अधिकारी से संपर्क करें। जिला पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि, मतगणना दिवस से पूर्व सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी अपने अपने अधिकारियों व सेक्टर मजिस्ट्रेट से परिचित हो जाएं, मतगणना से पूर्व अपने मतगणना केंद्र में जाकर एक बार देख लें एवं अपनी ड्यूटी को भी समझ लें। सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी अपने यूनिफार्म में रहेंगे तथा कोई भी जंगल की वर्दी में नहीं आएंगे, सभी पुलिस अधिकारी भी अपने आईडी कार्ड के साथ मतगणना स्थल पर प्रवेश करेंगे, एवं वज्रगृह के अंदर किसी भी पुलिस कर्मी का जाना वर्जित रहेगा। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को किस प्रकार से दुरुस्त रखे से संबंधित महत्वपूर्ण बातों को भी सभी के समक्ष रखा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिस प्रकार पूर्व में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न किया गया है उसी प्रकार मतगणना को भी सफलता पूर्वक संपन्न करना है जिसके लिए पुलिस कर्मी स्वयं को हाई अलर्ट मोड में रखेंगे।



### गुमला में ब्राउन शुगर और पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों को बताया की गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना प्रभारी को दूरभाष के माध्यम से एक गुप्त सूचना प्रात हुआ की घाघरा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति अपने घर में ब्राउन शुगर एवं पिस्टल रखा हुआ है। इस संबंध में वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए सूचना का सत्यापन करने हेतु तत्काल पुलिस की टीम ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गुमला सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में सशस्त्र बल के साथ ब्लॉक कॉलोनी में छापामारी किया। जिसमें अमोस किंडो, उम्र करीब 24 वर्ष, पे0 सुशील किंडो, सा0 ब्लॉक कॉलोनी, घाघरा थाना, जिला गुमला नामक व्यक्ति की तलाशी ली गई, तलाशी के क्रम में उसके पास से 1.83 ग्राम ब्राउन शुगर एवम् एक पिस्टल,तीन जिंदा गोली पाया गया। तत्पश्चात आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। इस संबंध में घाघरा थाना में स0अ0नि नागमणि सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर पकड़ाये आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। छापामारी दल में शामिल सदस्य अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गुमला सुरेश प्रसाद यादव, घाघरा थाना प्रभारी, पु0अ0नि तरुण कुमार, पु0अ0नि मनीष कुमार, पु0अ0नि उपेन्द्र पाठक, स0अ0नि नागमणि सिंह एवं अन्य सशस्त्र बल के जवान सामिल थे।

*वृक्ष रक्षाबंधन का कार्यक्रम चलाकर पेड़ों की रक्षा का लिया संकल्प*

### हरे-भरे वातावरण के निर्माण में ग्रामीणों की भूमिका अहम : मुकेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** वन विभाग लोहरदगा ने वृक्ष रक्षाबंधन का कार्यक्रम चलाकर पेड़ो की रक्षा का संकल्प लिया। जानकारी के अनुसार डीएफओ अरविंद कुमार के निदेर्शानुसार फोरेस्टर मुकेशचंद्र प्रजापति की अगुवाई लोहरदगा रेंज के लोहरदगा बीट के बदला सब बीट के बदला जंगल में वृक्ष रक्षाबंधन कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान वृक्ष, पर्यावरण और जल बचाने का संकल्प लिया गया। सबसे पहले पुरोहित के द्वारा पेड़ो की विधिवत पूजा अर्चना की गई। इसके बाद पेड़ो में रक्षासूत्र बांधा गया। मौके पर फोरेस्टर मुकेशचंद्र प्रजापति ने ग्रामीणों को पेड़ों की रक्षा की शपथ दिलाई' इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम जहां कहीं भी रहे वहां अपने घरों और आसपास के क्षेत्र में प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन में प्रमुखता से अपनी भूमिका निभाएं। पेड़ों की रक्षा करें और दैनिक उपयोग के पॉलिथीन का बहिष्कार करें। घर से थैला साथ लेकर चलें। ग्रामीणों को प्रकृति के प्रति दायित्व बोध कराते हुए पेड़ों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रेरित किया। कहा कि हरा भरा वातावरण के निर्माण में ग्रामीणों की भूमिका अहम है। हमसब मिलकर आज वृक्षो को रक्षासूत्र बांधकर यह संकल्प लें कि ये पेड़ हमारे भाई बहन के समान है और इसकी रक्षा करना हमारा दायित्व बनता है। हमे जंगलो को उजड़ने से बचाना होगा तभी हमसब का जीवन सुरक्षित रहेगा। मौके पर वनरक्षी चंद्रशेखर कुमार, राजेंद्र उरांव, होमगार्ड के जवान और ग्रामीण मौजूद थे।



### विकास के नाम से कोसों दूर है भंडरा प्रखंड आज भी लोग पेयजल के लिए तरस रहे

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** जिले में जब भी आम की मिठास की बात शुरू होती है, तो भंडरा प्रखंड का नाम हर कोई के जुबां में जरुर आता है, परंतु विकास की बात होती है, तो भंडरा प्रखंड आज भी कोसो दूर दिखाई देता है। भंडरा प्रखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पलायन, अंधविश्वास से आज भी जूझ रहा है। भंडरा में सरकार भले ही 12 करोड़ की लागत से कोयल जलापूर्ति योजना की शुरूआत आज से आठ साल पूर्व की थी, परंतु भंडरा के ग्रामीणों को अबतक वादों की घूंट पीकर ही प्यास बुझाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इतना ही नहीं भंडरा प्रखंड के गडरपो पंचायत अंतर्गत पलमी में स्वास्थ्य विभाग मद से पांच करोड़ रुपए की लागत से बना नवनिर्मित अस्पताल भवन में आठ वर्षों से धूल फांक रही है। इसके अलावे शिक्षा विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कराने के उद्देश्य से उदरंगी में एक करोड़ की लागत से बनकर तैयार मॉडल विद्यालय भवन में उपयोग के अभाव में भूत बंगला बना हुआ है। बता दें कि भंडरा प्रखंड में चाहे स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल की बात करें तो धरातल पर कुछ भी ठीक स्थिति में नहीं है। भंडरा के पलमी में स्वास्थ्य व्यवस्था तो करोड़ो की इमारत बनने के बावजूद आईसीयू में है। जबकि भंडरा के पर्यटक क्षेत्र की बात करें तो, भंडरा में नंदनी जलाशय, अखिलेश्वर धाम, पझरी पहाड़ आज भी पर्यटन क्षेत्र में विकसित होने की बात जोह रहा है। इन पर्यटक क्षेत्र में विकास तो हुआ है, पर संवेदक की लापरवाही बोले या सरकार उदासीनता जिस तरह से पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने की योजना थी। उसके विपरीत हुई है। भंडरा के पर्यटन स्थलों में शौचालय तो बनवा दिया गया है, पर पानी की कोई भी समुचित व्यवस्था नहीं हुई है। बहरहाल भंडरा में विकास योजनाएं सिर्फ कागजों पर ही दिखाई देता है वस्तुस्थिति कुछ और ही दिखाई देती है। भंडरा में ग्रामीणों का विकास कोसो दूर है।



### तेज धूप में सर पर गमछा लगाकर या छाता लेकर ही निकलें : डॉ. कुमुद

*सेवा भारती का स्वास्थ्य शिविर के दो वर्ष पूरे हुए, 52 लोगो ने कराया इलाज*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 103 वां सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 52 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। लोगों ने शुगर,बी.पी.,ऑक्सीजन लेबल,वजन,हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए,डॉक्टर से परामर्श भी लिए। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि तेज धूप में सर पर गमछा लगा कर या छाता लेकर ही निकले। बदलते मौसम पर बच्चों एवं बुजुर्गों को स्वास्थ के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है। कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप अवश्य कराइये। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने लगातार निशुल्क शिविर के दो वर्ष पूरे होने पर सभी को बधाई देते हुए कहा की हमारा सदैव यह प्रयास रहेगा की जरूरतमंदों का सेवा करते हुए उनके अच्छे से अच्छे इलाज की व्यवस्था करा सकें। कहा की स्वास्थ्य ही हमारे जीवन का मूल मंत्र है,। स्वस्थ शरीर ही जीवन का सुख है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,सचिव जयप्रकाश शर्मा, सह सचिव संजय चौधरी ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर अपने स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 1 जून 2022 से निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है।



### जय श्री राम समिति का होगा चुनाव, 15 दिनों तक चलेगा सदस्यता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक संचालन समिति सदस्य ओम महतो की अध्यक्षता में पावरगंज स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में बैठक की गई। आयोजित बैठक में जिला, नगर, प्रखंड, पंचायत के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में मुख्य रूप से समिति के चुनाव एवं मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर में होने वाले 4 जून को कलश यात्रा को लेकर खास रणनीति बनाई गई। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारी का सदस्यता अभियान के तहत सदस्यता रसीद काटी गई। यह सदस्यता अभियान 15 दिनों तक चलाई जाएगी। इस अभियान को लेकर नगर एवं प्रखंड के पदाधिकारी को जिम्मेवारी सौंपी गई है। इसके पश्चात सदस्यता कार्ड को बनाकर सभी लोगों के बीच वितरण किया जाएगा। उसके पश्चात कोर कमेटी की बैठक होगी। जिसमें जिले के पदाधिकारी से विचार विमर्श होने के पश्चात चुनाव के तारीखों का ऐलान किया जाएगा। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, विक्की कसेरा, बजरंग करवा, बजरंग साहू, संदीप साहू, विनोद प्रसाद, रामकुमार साहू समेला भगत, मीना बाखला महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान महामंत्री बिंदिया देवी नगर अध्यक्ष दीपक साहू नगर महामंत्री सुशील पटनायक, दिग्गज सिंह,वार्ड अध्यक्ष रीता देवी, कूडू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष सूरज ठाकुर, गोपाल महतो, प्रदीप कुमार साहू, कृष्णा कुमार, अमित कुमार साहदेव,लालदेव व्रत साहदेव, रवि वर्मा, विष्णु साहू, रोहित साहू, अजय प्रसाद, देवेंद्र साहू, अजय कुमार, सुरेंद्र महतो, राजकिशोर महतो, रोशन कुमार, अक्षय कुमार, अनिल महतो, कृष्णा साहू, सुनील साहू समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### ऐतिहासिक होगा मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर की कलश यात्रा , 10 हजार श्रद्धालु होंगे शामिल

# 4 को कलश यात्रा, रात्रि में राधा रानी रासलीला कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आगामी 04 जून को बरवाटोली स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर का द्वितीय वर्षगांठ धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर लिया गया है। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि 04 जून की सुबह में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें लगभग 10 हजार की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होंगे। कलश यात्रा मंगलवार की सुबह 5:30 बजे सिठीयो नदी से निकाली जाएगी। हजारों की संख्या में महिलाएं कलश लेकर बरवाटोली स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। इस कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए कमेटी की ओर से जिले के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर ग्रामीणों को निमंत्रण पत्र भी दिया गया है। जो भी लोग दूर-दराज से कलश यात्रा में आएंगे उनके लिए वाहन की भी व्यवस्था की गई है। कलश यात्रा को भव्य बनाने के लिए मंदिर कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य गण दिन रात लगे हुए हैं। मंदिर कमेटी के संरक्षक डॉ गणेश प्रसाद, अध्यक्ष रमेश साहू, सचिन साहू आदि ने पत्रकारों को बताया कि 04 जून को कलश यात्रा में हजारों लोगों की भीड़ होगी। इसके बाद शाम में वृंदावन से आने वाले 18 सदस्यीय भजन मंडली के द्वारा राधा रानी भगवती जागरण सह रासलीला का कार्यक्रम किया जाएगा। वही 05 जून को भव्य भंडारा का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया है जो दोपहर से देर रात तक अनवरत चलेगी। मुख्य यजमान के रूप ने मनीष अग्रवाल व नितेश अग्रवाल रहेंगे। रमेश साहू ने बताया कि कार्यक्रम में सभी वर्गों का हर संभव सहयोग मिल रहा है। कलश को नदी तट पर पहुचाने की व्यवस्था हो गई है। कार्यक्रम के माध्यम से सभी को जोड़ने का प्रयास किया गया है। सभी हिन्दू संगठन एक होकर इस धार्मिक अनुष्ठान में बढ़ चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। विहिप, जय श्री राम समिति, बजरंग दल समेत अन्य हिन्दू संगठनों का सहयोग मिल रहा है। प्रेसवार्ता के मौके पर मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रमेश कुमार साहू, डॉ गणेश प्रसाद, चंदन गोयल, सचिन कुमार साहू, आशीष अग्रवाल, दीपक साहू, दुर्गा प्रजापति, सत्यम कुमार, कुशल मित्तल, उज्जवल आनंद, निखिल गर्ग, अनिल शर्मा, मनीष अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, अनुभव कसकर, संदीप अग्रवाल, आर्यन सिंह, संभव तमेडा, संदीप अग्रवाल, उत्तम शास्त्री, विनोद साहू, डब्लू साहू, सीकू अग्रवाल, दीपक प्रजापति, आदि राम भक्त मौजूद थे।




### मंदिर में तीन दैवीय शक्तियों का वास : रमेश साहू

**लोहरदगा।** मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रमेश साहू ने बताया कि मनोकामना मंदिर दुर्गा मंदिर एक ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर है। इस मंदिर में तीन दैवीय शक्तियो का वास है जो आकर्षण का केंद्र है। मंदिर में मां दुर्गा के अलावा नर्मदेश्वर शिवलिंग व बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित है। रमेश साहू ने बताया कि मंदिर निर्माण का स्वप्न कई वर्षों पहले ही देखा गया था लेकिन कालक्रम में ऐसा संभव नहीं हो पाया था, कुछ न कुछ रुकावटें पैदा हो रही थी लेकिन मां भगवती की कृपा से उनका दरबार सज गया। सन 1962 से ही बरवाटोली में दुर्गा पूजा प्रत्येक वर्ष धूमधाम से मनाया जाता रहा है। मंदिर निर्माण का कार्य 01 सितंबर 2021 से शुरू किया गया था। 21 नवंबर 2021 को मंदिर के शिखर पर कलश की स्थापना की गई थी। इसके बाद महज नौ महीनों में मंदिर का पूर्ण निर्माण महाराष्ट्र के शिल्पकारों द्वारा बेसर शैली में दो साल पूर्व किया गया था जो कि मंदिर को ऐतिहासिक बनाता है।

## एक नजर

### नए फाउंटेन का सफल ट्रायल, जल्द होगा उद्घाटन

**किरीबुरु।** सेल की किरीबुरु प्रबंधन ने बैंक मोड़, ओपेन थियेटर और बिरसा स्मारक क्षेत्र का सौंदर्यीकरण के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास तेज कर दिया है। इसी क्रम में ओपेन थियेटर व बिरसा स्मारक के बीच में एक आकर्षण फाउंटेन (फव्वारा) लगाया गया है। रंग-बिरंगी लाइटों से लैश इस फव्वारे का बीती रात सफल ट्रायल किया गया। फिलहाल इस स्थान पर अभी सौंदर्यीकरण का काम बाकी है। कार्य संपन्न होने के बाद किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय और महाप्रबंधक (सिविल) डी बी जयकर इस फाउंटेन का विधिवत उद्घाटन करेंगे। बता दें कि बीते कुछ महीनों के दौरान किरीबुरु प्रबंधन अपने टाउनशिप के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस क्रम में टाउनशिप की लगभग सभी सड़कों का निर्माण करा दिया गया है। प्रोस्पेक्टिंग और मुगार्पाडा की कुछ सड़कों का निर्माण होना सिर्फ बाकी है।

### महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद, हत्या की आशंका

**बराकर।** आसनसोल दुगार्पुर पुलिस कमिश्नर के नियामतपुर फाड़ी थाना अंतर्गत जलाशय के समीप एक महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही नियामतपुर फाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया। महिला का नाम सुमन कुमारी (37) बताया जा रहा है। उसके परिजनों ने बताया कि बीते 28 तारीख को सुबह घर से निकली थी लेकिन वापस घर नहीं लौटी। खोजबीन के बाद उसका पता नहीं चलने पर परिजनों ने नियामतपुर फाडी में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। रविवार को शव बरामद हुआ तो इलाके में मातम छा गया। नियामतपुर फाड़ी पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है।

### बीसीसीएल कर्मी की मौत, शव के साथ धरना पर बैठे परिजन

**धनबाद।** बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या पांच अंतर्गत तेतुलमारी कोलियरी के पीएसटी परियोजना में कार्यरत कोल कर्मी एनुअल अंसारी की मौत हो गई। जिसके बाद रविवार को नियोजन और मुआवजा की मांग को लेकर परिजन शव को लेकर कोलियरी कार्यालय के समीप धरने पर बैठ गए। संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों की पहल पर सिजुआ क्षेत्र के एपीएम चन्दन श्रीवास्तव व तेतुलमारी कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी पंकज कुमार मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों व यूनियन प्रतिनिधियों से वार्ता की। वार्ता में मृतक के पुत्र को प्रोविजनल नियोजन देने सहित अन्य भुगतान करने की सहमति बनी। वार्ता में विधायक प्रतिनिधि सह एटक नेता शत्रुघ्न महतो, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, छोटू सिंह सहित अन्य यूनियन प्रतिनिधि शामिल थे। बताया जा रहा है कि एनुअल अंसारी पीएसटी परियोजना में टांडेल पद पर कार्यरत थे। गुरुवार को प्रथम पाली में ड्यूटी आने के बाद अचानक तबीयत खराब हो जाने पर सहकर्मी द्वारा उन्हें केंद्रीय अस्पताल धनबाद में भर्ती कराया गया।

### तेज आंधी ने मचाई तबाही, कई घरों के छप्पर उड़े

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के टाटो समेत कई गांवों में शनिवार को आई तेज आंधी ने एक तरफ जहां उमस भरी तेज गर्मी से कुछ राहत दी। वहीं दूसरी तरफ इलाके में जमकर तबाही भी मचाई। तेज आंधी में टाटो समेत बिरनी प्रखंड में कई पेड़ गिर गए। कई जगह बिजली के पोल व घरों को नुकसान पहुंचा है। कई घरों के छप्पर उड़ गए ।

# महासंघ की चुनावी बैठक को सरिया व धरगुल्ली केंद्र ने किया बहिष्कार

**वर्षों से लंबित दर्जनों मामलों का बिना निष्पादन किए महासंघ का चुनाव कराना उनकी नाकामी पर मिट्टी देने का कार्य है**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
सरयूपारीण महासंघ की चुनावी बैठक सरिया में आयोजित की गई थी जिसे सरिया केंद्र व धरगुल्ली केंद्र के सदस्यों ने बहिष्कार किया है। कहा कि वर्षों से लंबित दर्जनों मामलों का बिना निष्पादन किए महासंघ का चुनाव कराना उनके नाकामी पर मिट्टी देने का कार्य किया है जिसे सरिया,धरगुल्ली सहित अन्य केंद्र बहिष्कार करते हुए मामला को जल्द निष्पादन करने का आवाहन किया हैं उसके उपरांत ही महासंघ की चुनावी बैठक कराना समाज के लिए हितकर साबित होगा।

इस बाबत सरिया केंद्र के उपाध्यक्ष केदार पांडेय ने बताया कि समाज न्यायलय के समान है जंहा लोगों की उम्मीद होती हैं कि यंहा न्याय मिलेगी परन्तु रिश्ता मोह के चक्कर मे लोगों को न्याय नही मिलती हैं ,जिससे लोगों को महासंघ के प्रति अविस्वास प्रतीत हुआ है और लोग आज नाखुश है । महासंघ पहले उन मामलों का निष्पादन करें उसके बाद चुनाव आयोग का बैठक करें तब सरिया केंद्र महासंघ के चुनाव बैठक में शामिल होंगे। धरगुल्ली केंद्र के अध्यक्ष दामोदर पांडेय ने कहा की विगत दिनों सरिया में आयोजित बैठक में जिसने महासंघ के समक्ष अभद्रता का व्यवहार किया एवम हरिहर धाम में समाज के कुछ लोगो ने महासंघ को तिलांजलि देने का बात किया उसे महासंघ ने आज की बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में निमंत्रण दिया है।

जिसे देखते हुए धरगुल्ली केंद्र बहिष्कार करते हुए सरिया केंद्र के साथ है महासंघ पहले उन लोगो को चिन्हित करते हुए कार्रवाई करें तब महासंघ के चुनाव पर चर्चा हो तभी महासंघ के विश्वसता बची रहेगी अन्यथा अगर कार्रवाई नही होती हैं तब हमारा केंद्र महासंघ के चुनाव प्रक्रिया में शामिल नही होगी। बैठक में शुरेश शास्त्री,महेंद्र पांडेय, रविन्द्र पांडेय, राजदेव रंजन, गोविंद पांडेय, प्रकाश पांडेय, बशिष्ठ पांडेय सहित दर्जनों लोग शामिल थे।


## पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी के कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह में पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी के कार्यालय में रविवार को एनडीए की समीक्षा बैठक हुआ।
बैठक में पूर्व विधायक शाहाबादी के साथ आजसू के सांसद प्रतिनिधि गुड्डू यादव मौजूद थे। बैठक में चार जून को होने वाले मतगणना को लेकर चर्चा की गई। साथ ही मतगणना केन्द्र में बैठने वाले भाजपाईयों के अलावा सांसद सीपी चौधरी के समर्थन में काफी संख्या में भाजपाई भी मंगलवार को बोकारो जायेंगे। जो सांसद की जीत के बाद बोकारो में जीत का जुलूस निकालेंगे। मौके पर दीपक स्वर्णकार, सुरेश सिन्हा, गोपाल विश्वकर्मा, रामकिशोर साहू, चुनमुन राम, सीताराम वर्मा भी बैठक में शामिल हुए।

## नीमडीह प्रखंड में जंगली हाथियों का उत्पात फिर शुरू, दहशत में ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। ईचागढ़**
ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात एक बार फिर शुरू हो गया है। हालांकि जंगली हाथी कई दिनों से क्षेत्र में विचरण कर रहे थे, लेकिन किसी प्रकार का अधिक नुकसान नहीं पहुंचा रहे थे। अब जंगली हाथियों का झुंड एक बार फिर से अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने लगा है। जंगली हाथियों के झुंड ने शनिवार की रात नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने अलग-अलग बंटकर रघुनाथपुर, दुमदुमी, सीधागोड़ा, रामनगर, अमड़ाबेड़ा, जामडीह, घाघरा समेत आसपास के क्षेत्र में मकान व दुकानों को क्षतिग्रस्त किया और अनाज व फसलों को अपना आहार बनाया। रघुनाथपुर में रात के करीब ढाई बजे अकेले पहुंचे हाथी ने करीब आधा दर्जन लोगों के दुकान व मकान पर धावा बोला।जंगली हाथी ने रघुनाथपुर हाटतोला स्थित ललिता बीज भंडार का दरवाजा तोड़कर धान खाया, अनिल मुदी के खपरैल मकान को क्षतिग्रस्त किया, मनोज स्टोर का शटर और शिल्पी वैराइटी स्टोर के ग्रील को नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा प्रवीर महतो के पेड़ पर लगे कटहल को अपना आहार बनाया। हाथियों के झुंड ने कई लोगों के घर, दुकान, चहारदीवारी को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। लोगों ने बताया कि हाथियों के झुंड भोजन की तलाश में आबादी वाले क्षेत्र में घुस रहे हैं। ग्रामीणों ने अहले सुबह हाथियों को रामनगर तालाब के पास विचरण करते हुए देखा था। हाथियों के आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचने के बाद एक बार फिर ग्रामीण दहशत में है। उन्होंने जंगली हाथियों से सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।



## मतगणना के लिए मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों को किया गया प्रतिनियुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
मतगणना केंद्र में मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 16 मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था) हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर मजिस्ट्रेटों व पुलिस पदाघिकारियों को प्रतिनियुक्त किया है। यातायात व्यवस्था के लिए 13 मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे। मतगणना स्थल पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कृषि बाजार के गेट नंबर 1 से गेट नंबर 6 तक, चंदनकियारी, झरिया, निरसा, सिंदरी, धनबाद तथा बोकारो के मतगणना हॉल के इलेक्शन एजेंट प्रवेश द्वार, चंदनकियारी विधानसभा के स्ट्रांग रूम सहित 16 स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं लाठी बल को प्रतिनियुक्त किया गया है। मतगणना के दिन ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेमको मोड़, कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार, कलेक्ट्रेट पार्किंग स्थल, ड्राइविंग स्कूल से कृषि बाजार समिति मुख्य द्वार तक रूट लाइनिंग, कृषि बाजार से निरंकारी चौक, कमल कटेसरिया स्कूल के कटिंग पॉइंट तक तैनाती रहेगी। पुलिस कंट्रोल रूम व क्यूआरटी रहेगी मौजूद4 जून को, मतगणना कार्य की समाप्ति तक मेमको मोड़ चौक से निरंकारी चौक तक जाने वाली सड़क में आम जनता के लिए वाहन लेकर आवागमन बंद रहेगा।

## दो बाइक में जोरदार टक्कर एक युवक की हालत गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**



रविवार को तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत साहोबहियार के हरिजन टोला स्थित नेशनल हाईवे में तेज रफ्तार बाइक ने एक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में बाइक सवार एक युवक को गंभीर चोट आई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है किर युवक बाइक लेकर तोपचांची दिशा की ओर आ रहा था, उसी दौरान अचानक आगे से आ रहे बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद युवक सड़क पर गिर गया। युवक को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है। वहीं एक बाइक सवार घटना स्थल से भागने में सफल रहा। आसपास के ग्रामीणों ने युवक को सड़क से हटाकर नेशनल हाईवे के डिवाइडर पर लेटा दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने गंभीर रुप से जख्मी युवक को 108 एंबुलेंस के सहारे इलाज के लिए धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया है।

## प्रखंड कार्यालय में राजनीतिक दलों में आपसी समन्वय स्थापित करने को लेकर हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। तोपचांची**
प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में रविवार को तोपचांची प्रखंड के सभी राजनीतिक दलों ने बैठक की। इस बैठक में तोपचांची अंचलाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह, तोपचांची प्रखंड विकास पदाधिकारी फणीश्वर रजवार, तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार मौजूद रहे। मौके पर तोपचांची अंचलाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि लोकसभा का चुनाव संपन्न हो चुका है। 4 जून को परिणाम आ जायेगा। चुनाव के बाद राजनीतिक दलों के लोगों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करने को लेकर बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से अपील की कि आपसी मतभेद को मिटाकर क्षेत्र के विकास में योगदान करें। डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जायेगा। उन्होंने जनता और राजनीतिक दलों के सभी कैडर से अपने आसपास एक पौधा लगाने की अपील की।



## तेज रफ्तार ट्रक ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, चालक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। तोपचांची**
तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत वाटर बोर्ड स्थित एनएच ओवरब्रिज पर सड़क हादसा हो गया। यहां देर रात करीब 2:30 बजे तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया। इस हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। आनन-फानन में चालक को एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इधर तोपचांची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और आगे की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। खबर लिखे जाने तक ट्रक चालक की शिनाख्त नहीं हो पायी थी। घंटों ट्रक में फंसा रहा चालक

घटना के संबंध में बताया जाता है कि पहला ट्रक का टायर पंचर हो जाने के कारण चालक ने उसे ओवरब्रिज पर खड़ा किया था। तभी राजगंज दिशा से आ रही दूसरी ट्रक ने ओवरब्रिज पर खड़े ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में चालक घंटों ट्रक के अंदर फंसा रहा। इसके बाद तोपचांची पुलिस व एनएच कर्मियों ने ट्रक चालक को निकालने की कोशिश की। लेकिन वे असफल रहे। इसके बाद वहां से पार हो रहे ट्रक के चालक ने अपनी गाड़ी रोकी और ट्रक में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।



# जेएलएन कॉलेज में अब तक नहीं हुई शिक्षकेतर कर्मियों की बहाली

**नवीन मेल संवाददाता। कोल्हान**
कोल्हान विश्वविद्यालय (केयू) के जेएलएन कॉलेज चक्रधपुर में शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पदों का सृजन हो चुका है. राज्य सरकार ने इसकी स्वीकृति वर्ष 2022 में प्रदान कर दी थी, लेकिन बहाली प्रक्रिया अभी तक आरंभ नहीं हुई है। सृजन पद के अनुसार मात्र 20 प्रतिशत ही कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके कारण कार्य में काफी बाधा उत्पन्न हो रही है। अनुबंध पर अस्थायी बहाली कर काम चलाया जा रहा है। तृतीय व चतुर्थ वर्ग में 20 पदों का सृजन किया गया है। इसमें सबसे अधिक चतुर्थ वर्ग कर्मचारी का पद सृजन है। पियून पद में ही 13 पदों की स्वीकृति मिली है। कोल्हान विवि ने राज्य सरकार को पद सृजित कर मंजूरी के लिये भेज चुका है।
राज्य सरकार ने मंजूरी प्रदान कर विवि को अधिकारिक पत्र भेज दिया। इसमें हेड क्लर्क, लाइब्रेरियन, काउंटर क्लर्क व टाइपिस्ट में 1-1 पद का सृजन हुआ है। एलडी क्लर्क में तीन पदों की स्वीकृति मिली। सभी पदों को तृतीय वर्ग की श्रेणी में रखा गया है। वहीं, चतुर्थ वर्ग के लिये पियून पद में ही 13 पद निर्धारित किया गया है। इधर कॉलेजों में मात्र तीन से चार स्थायी शिक्षक ही कार्यरत हैं।
बाकी सभी को अनुबंध के आधार पर रखा गया है। कॉलेज प्रशासन अपने इंटरनल सोर्स से इन सबों का भुगतान करना है। इसके अलावा कुछ कर्मचारी ऐसे हैं, जो इंटरमीडिएट विभाग में पदस्थापित हैं, लेकिन उनसे यूजी का भी काम कराया जाता है। कर्मचारियों की भारी कमी की वजह से समय पर विद्यार्थियों का काम नहीं होता है। लगभग 1 हजार से अधिक विद्यार्थी यूजी व पीजी में पढ़ते हैं।




### सुरक्षा गार्ड के पद का सृजन नहीं

कॉलेज प्रशासन की ओर से सुरक्षा गार्ड का पद सृजन पर विवि को प्रस्ताव भेजा था। लेकिन सुरक्षा गार्ड का पद सृजन नहीं हुआ। इधर, विवि ने भी सरकार को सुरक्षा गार्ड समेत अन्य कुछ पदों का नाम जिक्र कर सृजित करते हुए सरकार को भेजा था। लेकिन सरकार ने चतुर्थ वर्ग में सिर्फ पियून पद की संख्या को ही बढ़ा कर पद सृजन किया है। अब सरकार की ओर से कभी भी बहाली प्रकिया शुरू होती तो उक्त सृजन पद के तहत ही होगी।

## न्यूज बॉक्स

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया सुदर्शन चक्र स्नानम अनुष्ठान

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के रेल नगरी पंचमोड़ स्थित भगवान वेंकेटेश्वर बालाजी मंदिर का 41वां वार्षिक ब्रह्मोत्सव समारोह के पांचवें दिन रविवार को सुदर्शन चक्रस्नानम अनुष्ठान किया गया। सबसे पहले वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान वेंकेटश्वर, माता पद्मावती और माता आंडालू की प्रतिमा का अभिषेक किया गया। इसके बाद अभिषेक के जल से मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं का महासंप्रोक्षण कराया गया। चक्रस्नानम के बाद ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान गोविंदा-गोविंदा के जयकारे से आस-पास का क्षेत्र भक्तिमय हो गया। इसके बाद आंध्र प्रदेश के तिरुपति से पहुंचे मुख्य पुजारी अनंत नारायण आचार्य नेल्लूर सहित अन्य पुजारियों ने महापूणार्हूति कराया। महापूणार्हूति के बाद अक्षत रोपणम,अर्चकों का सनामान, जजमान आशीर्वाद और तीर्थ प्रसाद का वितरण किया गया। इससे पहले सुप्रभातम, नादस्वरम, तोमल सेवा, विश्वकसेना आराधना, पुण्यवचनम, कुंभ आराधना, नित्य होमम और वसंतोसिवम अनुष्ठान विधिपूर्वक किया गया।

### चोरी के कारण 1000 मेगावाट बिजली अधिक खरीदनी पड़ती है : जीएम

**आदित्यपुर ।** बिजली चोरी और इंफ्रास्ट्रक्चर की वजह से हर माह 1200 मेगावाट बिजली बेकार चली जाती है। इसकी वजह से 1000 मेगावाट बिजली अधिक खरीदनी पड़ती है। उक्त बातें विद्युत जीएम श्रवण कुमार ने शुभम संदेश से कही। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में 2003 में गठित इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के तहत अगर हर जिले में बिजली थाना का गठन कर लिया जाता बिजली चोरी रुक सकती थी। चूंकि हर माह बिजली चोरी की वजह से लाइन लॉस 35 से 40 फीसदी होती है, इस पर लगाम लगाने की सख्त जरूरत है जो हम नहीं कर पा रहे हैं। जमशेदपुर एरिया बोर्ड के महाप्रबंधक श्रवण कुमार ने बताया कि हमें बिजली चोरी रोकने के लिए समय पर पुलिस प्रशासन का सहयोग नहीं मिल पाता है।अभी गर्मी में ज्यादातर चोरी रात में हुकिंग से हो रही है। हम छापेमारी दिन में करते हैं, जिससे हमें ज्यादा सफलता नहीं मिलती है। इसके बावजूद पूरे एरिया बोर्ड में हम एंटी विद्युत ऊर्जा चोरी अभियान चलाकर हर महीने करीब हजार केस विभिन्न थाना में करते हैं। लेकिन फिर भी बिजली चोरी थम नहीं रही है। विद्युत ऊर्जा की चोरी करने वाले रात में हुकिंग करते हैं जिसे हम प्रशासनिक सहयोग नहीं मिलने की वजह से पकड़ नहीं पाते हैं।

### आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मी ने बाथरूम में किया सुसाइड



**बाघमारा।** बाघमारा थाना क्षेत्र के बेनीडीह कोलियरी में संचालित मां अम्बे आउटसोर्सिंग कैंप के बाथरूम में कंपनी में कार्यरत कर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार देर रात की यह घटना बताई जा रही है। मृत कर्मी रोहित राजभर (उम्र 22वर्ष) का शव जब सुबह अन्य कर्मियों ने फंदे से लटका देखा तो हड़कंप मच गया। बाथरूम में टंगा शव देखकर कर्मियों ने इसकी सूचना बाघमारा पुलिस को दी। थाना के एसआई सुमन पाण्डेय सदल बल मौके पर पहुंचे। दरवाजा बंद रहने के कारण शव को निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर शव निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। आत्महत्या की खबर पाकर पहुंचे मृतक के रिश्तेदार व दोस्त ने बताया कि रोहित आत्महत्या नहीं कर सकता है। परिजनों ने पुलिस से मामले की जांच की मांग की है।पुलिस ने मृतक का मोबाइल सहित अन्य समान को जब्त कर लिया है। पुलिस को मृतक कर्मी के मोबाइल में किसी युवती से चैट मिला है। इस कारण पुलिस मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़ कर देख रही है। रोहित राजभर उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के सादत का निवासी था। उसके परिजनों एवं दोस्त सोहन मरांडी ने बताया कि रोहित मार्च महीने में मां अंबे आउटसोर्सिंग कंपनी में ड्यूटी ज्वाइन की थी। उन्होंने बताया कि रोहित को कोई गलत आदत या नशे की लत नहीं था। पुलिस मामले की जांच करें। इधर पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकता है।

### जंगल से भटक कर आए घायल हिरण को ग्रामीणों ने पकड़कर वन विभाग को सौंपा



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड में जंगल से भटक कर आये घायल हिरण को ग्रामीणों ने पकड़कर वन विभाग को सौंप दिया। ग्रामीण नंदलाल यादव के अनुसार, प्रखंड के खिजुरी पंचायत अंतर्गत निमाडीह गांव के पास रविवार की सुबह करीब 6:30 बजे ग्रामीणों ने जंगल की ओर से एक हिरण आता दिखा। उसे 10-12 आवारा कुत्तों ने घेर लिया था। घायल अवस्था में हिरण अपनी जान बचाता इधर-उधर भाग रहा था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने हिरण को कुत्तों से बचाया और उसे पकड़कर रख लिया। इसके बाद तिसरी वन विभाग को मामले की जानकारी दी। सूचना पाकर वनपाल अमर विश्वकर्मा, दिनेश दास सहित अन्य मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से उस हिरण को तिसरी बिट कार्यालय ले आये। इसके बाद पशु चिकित्सक ने घायल हिरण का इलाजा किया। हिरण के शरीर पर जख्म के कई निशान हैं। वनपाल अमर विश्वकर्मा ने बताया कि जांच के बाद वरिय पदाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### बीडीओ और सीओ की लापरवाही का दंश झेल रहे नोवामुंडी के किसान

**किरीबुश्र।** किरीबुश्र नोवामुंडी प्रखंड क्षेत्र के कृषकों को अपनी उपजों की खरीद बिक्री नाली के ऊपर अथवा लोगों के आने जाने की संकीर्ण रास्तों व गलियों में बैठकर करनी पड़ती है. वैसे, प्रखंड मुख्यालय में स्थित नोवामुंडी के सप्ताहिक बाजार रविवार को लगता है। अंचल कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक नोवामुंडी बाजार की जमीन लगभग 3 एकड़ 27 डीसमल दर्ज है। परंतु बीडीओ व सीओ की कथित उदासीनता के चलते बाजार की जमीन वर्तमान में महज 14 डीसमल सिकूड कर रह गयी। करीब ढाई एकड बाजार की जमीन पर तथाकथित दबंग लोगों ने कब्जा जमाया है। साथ ही, सहकारिता व अंचल विभाग की ओर से निर्मित लगभग 75 दूकानों पर भी दबंग लोगों ने कब्जा जमा लिया है।

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
सोमवार , 03 जून, 2024



# अलगवादियों का चुनाव लड़ना कैसा संकेत ?

***लोकसभा*** चुनावों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बन्द खालिस्तानी अलगाववादी अमृतपाल के खडूर साहिब से नामांकन पत्र दाखिल करने की देशभर में चर्चा है। अमृतपाल दिल्ली की सीमा पर चले किसान आंदोलन के एक नेता दीप सिद्धू के अलगाववादी संगठन 'वारिस पंजाब दे' का सर्वेसर्वा है और यह पद उसने सिद्धू की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद प्राप्त किया। अमृतपाल ने कई महीनों तक इस संगठन के मंच से सिख युवाओं के मन में खालिस्तानी व अलगाववादी विष भरा परन्तु अजनाला में थाने पर हमले के आरोप में उसे साथियों सहित गिरफ्तार कर डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया। केवल अमृतपाल ही नहीं अमृतसर में शिवसेना के नेता सुधीर सूरी की हत्या करने वाला संदीप सिंह, दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा सरबजीत सिंह खालसा भी इस चुनाव में ताल ठोक चुके हैं। इसी वर्ग में शामिल अपने भडकाऊ भाषणों के चलते चर्चा में रहने वाले अकाली दल (अमृतसर) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान खुद संगरूर की सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और वे वहां से वर्तमान सांसद भी हैं। उनके दल के अन्य उम्मीदवार खुशहाल सिंह मान, बलदेव सिंह, अमृतपाल सिंह चंद्रा, मनिन्द्रपाल सिंह क्रमशः आनन्दपुर साहिब, फरीदकोट, लुधियाना व पटियाला से चुनाव मैदान में हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी सिमरनजीत मान खालिस्तान के पक्ष में केवल अपने देश में ही नहीं बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में भारत के खिलाफ विषवमन करते रहे हैं। आखिर इतने सारे खालिस्तानी अलगाववादियों का चुनाव लड़ना किस बात का संकेत है? क्या यह खालिस्तानी आतंक की वैचारिक पराजय है या अलगाववादियों की नई कोई रणनीति। इसीलिए जहां इसका स्वागत किया जाना बनता है वहीं सावधान रहने की भी अत्यन्त आवश्यकता है। असल में खालिस्तान एक विकृत सोच है जिसका जन्म विदेशी पोषण और सिख पंथ की मनमाफिक व्याख्या के अवैध सम्बन्धों से हुआ। इस सोच से न केवल पंजाब में हजारों की संख्या में निर्दोषों को जान गंवानी पड़ी बल्कि देश-विदेश में सिखों की छवि को आघात भी पहुंचा। किसी समय विकास की दौड़ में देश में सबसे आगे दौड़ता दिख रहा पंजाब दो दशकों चले आतंकवाद के दौर में हांफने लगा। खालिस्तान पंजाब के सीने पर ऐसे जख्म का नाम बन चुका है जो रह-रह कर रिसना शुरू कर देता है। चाहे पंजाब के अलगाववादी चुनाव तो लड़ रहे हैं परन्तु अभी तक ये तत्व भारतीय संविधान व यहां के दस्तावेजों को नकारते रहे हैं। अमृतपाल तो यहां तक कहता रहा है कि उसके लिए भारतीय पासपोर्ट तो केवल हवाई यात्रा का दस्तावेज मात्र है। देश की एकता-अखण्डता व सम्प्रभुता को चुनौती देने वाले खालिस्तानी अगर भारतीय संविधान की मर्यादा के अन्तर्गत चुनाव लड़ते हैं तो इस परिवर्तन का स्वागत होना चाहिए। भारतीय संविधान की परिधि में रह कर अलगाववादी तत्व संसद में कुछ भी मांग उठाते हैं तो इसका स्वागत होना चाहिए। स्वागत इसलिए क्योंकि यह भारतीय सार्वभौमिकता और लोकतंत्र की जीत और खालिस्तानी अलगाववाद की सैद्धान्तिक पराजय होगी। ऐसा नहीं कि देश में किसी अलगाववादी संगठन या व्यक्ति ने पहली बार चुनाव लड़ा हो या इस तरह के संगठनों से सरकारों ने समझौते न किए हों। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ही असम में सक्रिय आतंकी संगठन यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रण्ट आफ असम (उल्फा), नागालैण्ड में सक्रिय रहे अलगाववादी संगठन नार्थ ईस्ट सोस्लिट आफ नागालैण्ड (एनएससीएन), पिपुल्स डेमोक्रेटिक साउंसिल आफ कार्बी, कार्बी, लॉगरी नोर्थ ईस्ट हिल्स लिब्रेशन फ्रण्ट, कार्बी पिपुल्स लिब्रेशन फ्रण्ट, कुकी लिब्रेशन फ्रण्ट, यूनाइटिड पुपिल्स लिब्रेशन फ्रण्ट सहित अनेक आतंकी व अलगाववादी संगठन विभिन्न समझौतों के तहत देश की मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। पूर्वोत्तर ही क्यों खुद पंजाब व जम्मू-कश्मीर में बहुत से पूर्व आतंकियों का भी प्रत्यक्ष व गुप्त रूप से पुनर्वास किया जा चुका है। अगर अलगाव व आतंक का मार्ग छोड़ कर कोई भटका हुआ नागरिक देश की मुख्यधारा में शामिल होना चाहे तो उसका स्वागत होना चाहिए। इस मार्ग पर चलने वालों को यह भान भी होना चाहिए कि आतंकवाद का मार्ग किसी समस्या का समाधान नहीं, यह देश विभिन्न विचारधाराओं, विविध आस्थाओं का पुष्पगुच्छ है, हां पर किसी को हिंसा व देश को तोड़ने का अधिकार नहीं दिया जा सकता।

अध्यात्म

# कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प : नरेंद्र मोदी

**मेरे प्यारे देशवासियों,**

लोकतन्त्र की जननी में लोकतन्त्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव आज 1 जून को पूरा हो रहा है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं अभी दिल्ली जाने के लिए हवाई जहाज में आकर बैठा ही हूं...काशी और अनेक सीटों पर मतदान चल ही रहा है। कितने सारे अनुभव हैं, कितनी सारी अनुभूतियां हैं...मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं।

वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। माँ भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरूआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद...उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार...मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं...मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था।

कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार...आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया...मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया। इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहाँ आया था। मैं ईश्वर का भी आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा।

इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्जवल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, oneness का निरंतर ऐहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों।

**साथियों,**

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण



एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था।

**कश्मीर से कन्याकुमारी...** ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्या कुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर माँ शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे। कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहाँ एक और महान संगम दिखता है- भारत का वैचारिक संगम! यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएँ यहाँ राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है। कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना 'तिरुक्कुरल' तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा।

**साथियों,**

**स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था-** Every Nation Has Message To deliver, a mission to fulfil, a destiny to reach.

भारत हजारों वर्षों से इसी भाव के साथ सार्थक उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ता आया है। भारत हजारों वर्षों से विचारों के अनुसंधान का केंद्र रहा है। हमने जो अर्जित किया उसे कभी अपनी व्यक्तिगत पूंजी मानकर आर्थिक या भौतिक मापदण्डों पर नहीं तौला। इसीलिए, 'इदं न मम' यह भारत के चरित्र का सहज एवं स्वाभाविक हिस्सा हो गया है। भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आजादी का आंदोलन भी है। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। उस समय दुनिया के कई देश गुलामी में थे। भारत की स्वतन्त्रता से उन देशों को भी प्रेरणा और बल मिला, उन्होंने आजादी प्राप्त की। अभी कोरोना के कठिन कालखंड का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब गरीब और विकासशील देशों को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन, भारत के सफल प्रयासों से तमाम देशों को हौसला भी मिला और सहयोग भी मिला। आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। **प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस,** aspiratio of district, aspirtion of block जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है। गरीब के सशक्तिकरण से लेकर लास्ट माइल डिलीवरी तक, समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को प्राथमिकता देने के हमारे प्रयासों ने विश्व को प्रेरित किया है। भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने में, पारदर्शिता लाने में, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डेटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुँच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। पूरा विश्व technology के इस democratization को एक शोध दृष्टि से देख रहा है और बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं। आज भारत की प्रगति और भारत का उत्थान केवल भारत के लिए बड़ा अवसर नहीं है। ये पूरे विश्व में हमारे सभी सहयात्री देशों के लिए भी एक ऐतिहासिक अवसर है। G-20 की सफलता के बाद से विश्व भारत की इस भूमिका को और अधिक मुखर होकर स्वीकार कर रहा है। आज भारत को ग्लोबल साउथ की एक सशक्त और महत्वपूर्ण आवाज के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत की ही पहल पर अफ्रीकन यूनियन G-20 ग्रुप का हिस्सा बना। ये सभी अफ्रीकन देशों के भविष्य का एक अहम मोड़ साबित हुआ है।

**साथियों,**

नए भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन, साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गँवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है, और उन सपनों को जीना शुरू करना है।

## आपकी बात

### पर्यावरण हितैषी विचार,व्यवहार, वस्तुएं एवं व्यवस्था से ही पर्यावरण में सुधार संभव



डा.मनमोहन प्रकाश

***इस*** सत्य से कोई इंकार नहीं कर सकता कि सालों-साल के मानवीय श्रम और बेतहाशा धन राशि खर्च करने के बाद किसी देश और शहर विशेष का विकास होता है, उसे आकर्षक और सर्व सुविधायुक्त बनाया जाता है, वहां के पर्यावरण को भी आकर्षक तथा मानव हितैषी स्वरूप दिया जाता है अर्थात उस शहर की हवा, पानी ,भूमि और जलवायु को मानव तथा अन्य जीव-जंतु, पेड़-पौधों के अनुकूल बनाया जाता है, तब कहीं जा कर एक अच्छा, मानव के रहने योग्य इकोसिस्टम तैयार होता। किन्तु मानव की विवेकहीन तरीके से प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग करने की प्रवृत्ति तथा केवल अपना हित साधने की सोच एवं कृत्य ने आज विश्व में पर्यावरण सहित अन्य कई तरह-तरह की समस्याएं पैदा कर दी हैं। कुछ वैज्ञानिक और विचारक तो प्राकृतिक आपदाओं के लिए भी मानव की भोग-विलास जीवनशैली तथा प्रकृति के साथ उसके अनावश्यक हस्तक्षेप तथा छेड़छाड़ को जिम्मेदार ठहरा रहे है। आज भारत सहित विभिन्न देशों के नदी, जलाशय, झरने, झील, समुद्र, पहाड़, जंगल, शहर, अंतरिक्ष सहित प्रकृति के सभी घटक मानवजनित प्रदूषण का दंश झेल रहे हैं। खेत अपनी उर्वरा शक्ति खो रहे हैं। बढ़ती आबादी अपने आप में एक समस्या है, ऊपर से उसके अनुपात में पेड़-पौधों तथा संसाधनों की संख्या में वृद्धि न होना पर्यावरणीय स्थितियों को और विकट बना रही हैं।

### काव्य कोना

#### अजीब खबर

अजीब खबर सुना हूँ।
निठल्लों की सेना निकली है ,
विश्व विजय को
गिरवी जिनकी अस्मिता,
रोज ही चर्चा नैतिकता मर्यादा की
बगल में झाँक कर
अघाते नहीं, कहते गर्व से
मुझे क्या - क्या मेरा
जो हो रहा, मैं अछूता हूँ।
अजीब खबर सुना हूँ।

**- नाग मणि**

चिंता

# बदलते सामाजिक परिवेश से डिमेंशिया की गिरफ्त में आ रहे हैं बुजुर्ग



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***जैसे***-जैसे बुजुर्गों की संख्या बढ़ने लगी है वैसे ही डिमेंशिया की बीमारी का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। बहुत कुछ आज की सामाजिक व्यवस्था व सामाजिक परिवेश डिमेंशिया का कारण बनता जा रहा है। एक ओर एकल परिवार, अपने में खोये रहना और दिन-प्रतिदिन की भागमभाग है तो दूसरी और पढ़ने-पढ़ाने की आदत कम होना, प्रमुख कारण है। गूगल गुरु ने तो सबकुछ बदल कर ही रख दिया है। दुनिया में डिमेंशिया प्रभावितों की संख्या में दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो अगले 25 साल में डिमेंशिया की रोगियों की संख्या में तीन गुणा बढ़ोतरी हो जाएगी। डिमेंशिया खासतौर से बुजुर्गों की होने वाली बीमारी है। इसमें मनोभ्रांति की स्थिति हो जाती है और भूलने या निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है। इसमें बुजुर्ग धीरे-धीरे अपनी याददाशत

**विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो अगले 25 साल में डिमेंशिया की रोगियों की संख्या में तीन गुणा बढ़ोतरी हो जाएगी। डिमेंशिया खासतौर से बुजुर्गों की होने वाली बीमारी है।**

को खोने लगते हैं। भारत के संदर्भ में यह इसलिए गंभीर हो जाती है कि चीन और जापान की तरह भारत में भी आने वाले सालों में बुजुर्गों की संख्या अधिक हो जाएगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया के देशों में डिमेंशिया की बीमारी से पांच करोड़ लोग जूझ रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार 2050 तक डिमेंशिया से प्रभावितों की संख्या 15 करोड़ से अधिक होने की संभावना है। दुनिया के देशों में हर साल करीब 10 लाख लोग इस बीमारी की गिरफ्त में आ रहे हैं। वाशिंगटन विश्वविद्यालय के अध्ययन के अनुसार अफ्रीका के उपसहारा क्षेत्र, उत्तरी अफ्रीका और मध्यपूर्व में डिमेंशिया के रोगियों की संख्या अधिक बढ़ रही है। मेलबोर्न के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन के अनुसार रुटीन बदलने से काफी हद तक इस बीमारी के असर को कम किया जा सकता है। इसमें खासतौर से बुजुर्ग व्यस्त रह करके डिमेंशिया के असर को कम कर सकते हैं या यों कहें कि डिमेंशिया का खतरा कम हो सकता है। एक बात और कि इसके लिए बुजुर्गों को कुछ खास करने की आवश्यकता भी नहीं है, बस कुछ कुछ आदतों में बदलाव लाने की जरूरत है। दरअसल एक समय लोगों में लिखने-लिखाने और पढ़ने-पढ़ाने की आदत होती थी। किस्सागोई की परंपरा थी तो गांवों-शहरों में चौपालें होती थी। बड़े-बुजुर्ग वहां बैठकर मोहल्ले में घटने वाली घटनाओं पर नजर रखते थे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

# शिरडी साई बाबा का इतिहास



***उन्हें*** देखकर लोगों को आश्चर्य हुआ कि एक लड़का बहुत ही कम उम्र में नीम के पेड़ के नीचे आसन लगाकर कई दिनों तक बिना भोजन और पानी के गहन ध्यान कर रहा है। इससे युवा बाबा के प्रति बहुत जिज्ञासा पैदा हुई। गांव के मुखिया की पत्नी बायजाबाई बचपन में कभी-कभी साईं बाबा के स्वास्थ्य के बारे में पूछती थी। धीरे-धीरे वह बाबा के लिए भोजन लाने लगी। जैसे-जैसे दिन बीतते गए बाबा ने उन्हें अपनी मां की तरह मानना शुरू कर दिया। गांव के मुखिया और पुजारी महालस्पति, जो एक बार भगवान खंडोबा से प्रभावित थे, ने कहा कि यहां एक पवित्र आत्मा है जो साईं बाबा की ओर इशारा कर रही है। बाबा ने नीम के पेड़ की ओर इशारा किया और उसे जड़ से खोदने को कहा। गांव वालों ने बाबा की बात मानकर उसे खोदना शुरू कर दिया। जैसे-जैसे धरती की परतें आगे बढ़ीं, उन्हें पत्थर से बनी एक शिला मिली, बिना तेल के जलते हुए तेल के दीये और हवा भी, जो कि विज्ञान के बिलकुल विपरीत था।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# पर्यावरण हितैषी वाहन है साइकिल



रमेश सर्राफ धमोरा

***भारत*** की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिट्ठियां बांटते हैं। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है। दो सौ साल पहले 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बना था और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। इसकी अधिकतम रफ्तार 64 किलोमीटर प्रति घंटा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसे कंप्रेस्ड हवा से चलने वाली दुनिया में सबसे तेज साइकिल का सर्टिफिकेट दिया है। 3 जून 2018 को विश्व में पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। इस बार हम छठवां विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजरअंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है। सरकार के इस कदम से ऐसे सभी लोग प्रेरणा पा सकते हैं। जिनकी प्रतिदिन औसत यातायात दूरी पांच-सात किलोमीटर के आसपास बैठती हैं। हमारे देश की कई राज्य सरकारें अपने स्कूली छात्र-छात्राओं को बड़ी संख्या में साइकिल वितरण कर रही हैं। जिससे साइकिल सवारों की संख्या में वृद्धि हुई है। 'द एनर्जी ऐंड रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार पिछले एक दशक में साइकिल चालकों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में 43 फीसदी से बढकर 46 फीसदी हुई है। जबकि शहरी क्षेत्रों में यह संख्या 46 फीसदी से घटकर 42 फीसदी पर आ गई है।
**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## टेक वर्ल्ड

# इंस्टाग्राम के इस नए फीचर्स का उठा सकते हैं फायदा




वहीं इस फीचर के बारे में इंस्टाग्राम ने आधिकारिक तौर पर अभी कुछ भी नहीं कहा है। लेकिन आने वाले कुछ हफ्तों में इसे सभी यूजर्स के लिए रोलआउट किया जाएगा। फिलहाल ये फीचर टेस्टिंग फेज में है। उम्मीद जताई जा रही हैं कि ये फीचर बेहतरीन ढंग से काम करेगा। इसके अलावा इंस्टाग्राम एक और नए फीचर पर काम कर रहा है जो कि एआई पावर्ड थीम होगा। वर्तमान में यूजर्स को कस्टमाइजेबल थीम्स का ऑफर मिलता है। **(समाप्त)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# विवशता : यमुना अब तेरा ही सहारा

नई दिल्ली में बेघर लोग चिलचिलाती गर्मी से खुद को बचाने के लिए यमुना नदी के तल पर एक पुल के नीचे आराम कर रहे हैं। इस गर्मी में मां यमुना ही उनका एकमात्र सहारा है।




## आज का राशिफल

**मेष** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृषभ** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्योंक्रमों का आयोजन होगा।

**मिथुन** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**तुला** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**धनु** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मकर** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**कुम्भ** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मीन** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे।

## प्रधानमंत्री ने की लू से निपटने व मानसून की तैयारियों की समीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दो महत्वपूर्ण बैठकों में देशभर में जारी लू के कहर और चक्रवाती तूफान रेमल से पूर्वोत्तर राज्यों में हुई तबाही से जुड़े राहत कार्यों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने आग की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों का फायर ऑडिट और इलेक्ट्रिकल सेफ्टी ऑडिट नियमित रूप से कराने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री तूफानी चक्रवात रेमल से प्रभावित राज्यों पर चक्रवात के प्रभाव के बारे में जानकारी ली और आश्वासन दिया कि प्रभावित राज्यों को केंद्र सरकार पूरा सहयोग देना जारी रखेगी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर देश में पड़ रही भीषण गर्मी की स्थिति और मानसून की शुरूआत की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री को बताया गया कि आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में गर्मी का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। इस वर्ष देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून सामान्य एवं सामान्य से ऊपर और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम रहने की संभावना है।

प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि आग की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए उचित अभ्यास नियमित आधार पर किया जाना चाहिए। अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों का अग्नि ऑडिट और विद्युत सुरक्षा ऑडिट नियमित रूप से किया जाना चाहिए।



### जंगलों में फायर-लाइन के रखरखाव पर रखें नजर

उन्होंने कहा कि जंगलों में फायर-लाइन के रखरखाव और बायोमास के उत्पादक उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए। प्रधानमंत्री को जंगल की आग की समय पर पहचान और उसके प्रबंधन में वन अग्नि पोर्टल की उपयोगिता के बारे में बताया गया। बैठक में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, कैबिनेट सचिव, गृह सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव, एनडीआरएफ के महानिदेशक और एनडीएमए के सदस्य सचिव के साथ-साथ पीएमओ और संबंधित मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। एक अन्य बैठक में प्रधानमंत्री ने चक्रवात रेमल से प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे राहत कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री को प्रभावित राज्यों पर चक्रवात के प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन और बाढ़ के कारण हुई जान-माल की हानि और घरों तथा संपत्तियों को हुए नुकसान के बारे में भी चर्चा की। आवश्यकतानुसार एनडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। टीमों ने लोगों को सुरक्षित निकालने, एयरलिफ्टिंग और सड़क साफ करने के अभियान चलाए हैं। बैठक के दौरान यह बताया गया कि गृह मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ नियमित संपर्क में है।

## भारत में नामित चीनी राजदूत शू फीहोंग राष्ट्रपति मुर्मू से मिले



**नई दिल्ली।** भारत में चीन के मनोनीत राजदूत शू फीहोंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए अपना आदर जताते हुए रविवार को उन्हें अपना औपचारिक राजनयिक परिचय पत्र सौंपा। उन्होंने भारत-चीन में मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में सात देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति मुर्मू को अपने परिचय पत्र सौंपे। चीन के राजदूत भी इनमें से एक रहे।

## भारत-नेपाल सीमा पर एक करोड़ की नकदी के साथ युवक गिरफ्तार

एजेंसी

**काठमांडू।** बिहार से सटे भारत-नेपाल सीमा पर एक करोड़ रुपये की नकदी के साथ एक मुस्लिम युवक की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय प्रशासन की नींद उड़ गई है। नेपाल पुलिस आतंकी फंडिंग के ऐंगल से इस मामले जांच कर रही है। नेपाल के सुनसरी सशस्त्र प्रहरी बल के डीएसपी शैलेन्द्र थापा ने रविवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि सुनसरी जिले के एक नाका से शनिवार रात को एक कार से इरसाद अंसारी नामक युवक को एक करोड़ एक लाख रुपये की नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया। सुनसरी के हरिनगर से बिहार के सुपौल जिले की तरफ जा रहे कार को जांच के लिए रोका गया तो उसमें से दो झोले में भरे हुए नोट मिले। दोनों झोले नेपाली 1000 के नोटों की गड्डी से भरे हुए थे। प्रारम्भिक जांच में इरसाद ने यह रकम हवाला का होने की बात कही है।

## दिल्ली सरकार की पड़ोसी राज्यों से पानी की मांग पर सुनवाई आज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को दूर करने के लिए पड़ोसी राज्यों से अतिरिक्त जलापूर्ति की मांग वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट के मुताबिक न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ तीन जून को मामले की सुनवाई करेगी। अपनी याचिका में, आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने मांग की है कि इस साल गर्मी के मौसम में तापमान में वृद्धि के कारण शहर में पानी की बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए हरियाणा और हिमाचल प्रदेश को एक महीने के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्देश दिया जाए।

इस बीच, दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने का अनुरोध किया है। इससे पहले, आतिशी ने पानी की कमी के मुद्दे पर केंद्र से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से कहा था कि हरियाणा को यमुना नदी में दिल्ली के हिस्से का पानी तुरंत छोड़ना चाहिए, ताकि नदी का जल स्तर सामान्य हो सके।



आतिशी ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को लिखे पत्र में कहा, दिल्ली अपनी पानी की दैनिक मांग को पूरा करने के लिए यमुना नदी के पानी पर बहुत अधिक निर्भर है। लेकिन, हरियाणा की ओर से यमुना में आवश्यक मात्रा में पानी नहीं छोड़ने से वजीराबाद बैराज में जल स्तर में भारी गिरावट आई है।

## बिहार : भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल पर फायरिंग मामले में नौ बनाए गए आरोपी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव के काफिले पर शनिवार को हुई फायरिंग के मामले में दर्ज प्राथमिकी में नौ लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस मामले की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। निवर्तमान सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने आरोप लगाया है कि शनिवार की शाम मसौढ़ी इलाके में उन पर फायरिंग की गई और एक समर्थक का सिर फोड़ दिया गया। पटना (ईस्ट) के पुलिस अधीक्षक भरत सोनी ने बताया कि इस मामले में सांसद यादव के लिखित बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। प्राथमिकी में नौ लोगों को आरोपी बनाया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दरअसल, तिनेरी गांव के पास एक मतदान केंद्र पर स्थानीय विधायक रेखा देवी के जाने का आरोप लगाते हुए भाजपा के समर्थकों ने जमकर हंगामा किया था। इसके बाद आरोप है कि राजद समर्थकों ने मुखिया रीना कुमारी के पति शशि शर्मा पर हमला कर दिया और उनके साथ मारपीट की गई। बताया जाता है कि सांसद मुखिया के पति को देखने के लिए जा रहे थे, तभी उन पर फायरिंग की गई।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले सारण लोकसभा क्षेत्र में भी राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के एक बूथ पर जाने के बाद हंगामा हुआ था, जिसके बाद हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और दो लोग जख्मी हो गये थे। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव का मुकाबला राजद के अध्यक्ष लालू यादव की पुत्री मीसा भारती से है।

### भाजपा शांति व लालू के गुंडा 'गुंडागर्दी' के लिए मशहूर : सम्राट चौधरी

बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव पर फायरिंग और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि लालू यादव नहीं बदले। लालू का मतलब गुंडागर्दी, गुंडों को प्रश्रय देने का उनका काम है। सम्राट चौधरी ने लोगों को भरोसा देते हुए स्पष्ट कहा कि कुछ ही दिनों में इन मामलों में कार्रवाई दिखेगी। पूरे मामले में चुनाव आयोग से भी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा, इस चुनाव में लालू प्रसाद और उनके परिवार ने अराजकता दिखाने का काम किया है। चाहे सारण की घटना हो या पाटलिपुत्र का, साफ है कि यह परिवार पूरी तरह गुंडागर्दी पर उतर गया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पूरे बिहार में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया, सिर्फ सारण और पाटलिपुत्र में हंगामा हुआ, जहां लालू यादव की बेटियां चुनाव लड़ रही थीं।

## कलंबा जेल में कैदियों ने की मुंबई बम धमाके के सजायाफ्ता कैदी की हत्या

**मुंबई।** कोल्हापुर जिले में स्थित कलंबा जेल में मुंबई बम धमाके के सजायफ्ता कैदी की रविवार सुबह मामूली विवाद के बाद कैदियों ने हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। इस घटना की जांच ओल्ड पैलेस पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। पुलिस के अनुसार मुन्ना उर्फ मोहम्मद अली खान उर्फ मनोज कुमार भवरलाल गुप्ता वर्ष 1993 मुंबई ब्लास्ट का आरोपित था और कलंबा जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा था। रविवार सुबह करीब 7.30 बजे जेल में स्थित स्नानगार में नहाने गया तो वहां उसकी अन्य कैदियों से बहस हो गई। इसके बाद प्रतीक उर्फ पिल्या, सुरेश पाटिल, दीपक नेता खोत, संदीप शंकर चव्हाण, ऋतुराज विनायक इनामदार, सौरभ विकास सिद्ध नामक कैदियों ने ड्रेनेज पर लगे लोहे के ढक्कन से मुन्ना की जमकर पिटाई की। इस पिटाई में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही जेलकर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और मुन्ना का शव बरामद कर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## छांग ए-6 ने चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर नमूना संग्रह मिशन लॉन्च किया

**बीजिंग।** छांग ए -6 रविवार सुबह चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर अंटार्कटिक-ऐटकेन बेसिन पूर्व-चयनित लैंडिंग क्षेत्र पर सफलतापूर्वक उतरा। जिसने चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर मानव जांच द्वारा किया गया पहला नमूना संग्रह मिशन लॉन्च किया। चंद्रमा पर मानव अन्वेषण के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। 3 मई को कक्षा में लॉन्च होने के बाद से छांग ए-6 जांच ने पृथ्वी-चंद्रमा स्थानांतरण, निकट-चंद्रमा ब्रेकिंग और चंद्रमा की परिक्रमा जैसी प्रमुख गतिविधियों के बाद चंद्रमा की लगभग 30 दिनों की यात्रा का अनुभव किया है। इसने एक अद्भुत लैंडिंग पूरी की जिसने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया। चंद्रमा के सामने वाले हिस्से पर उतरने की तुलना में चंद्रमा के पिछले हिस्से पर उतरना एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अच्छी पहल / आपात स्थितियों में वैश्विक रोकथाम एवं निगरानी मजबूत होगी

# डब्ल्यूएचओ ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों में किया संशोधन

एजेंसी

**बीजिंग।** विश्व स्वास्थ्य सभा ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम (2005) में एक पैकेज का संशोधन पारित किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी देश एक व्यापक और सुदृढ़ सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली स्थापित करें और महामारी जैसी सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए वैश्विक रोकथाम, निगरानी और प्रतिक्रिया को मजबूत करें। यह संशोधन 'महामारी आपातकाल' की परिभाषा प्रस्तुत करता है। इसका उद्देश्य उन घटनाओं पर प्रतिक्रिया देने के लिए अधिक प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है जो महामारी बन सकती हैं या बन चुकी हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि महामारी आपातकाल की परिभाषा मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम (2005) तंत्र पर आधारित है और उच्च स्तर की चेतावनी का प्रतिनिधित्व करती है। संशोधन में समन्वय वित्तीय तंत्र की स्थापना भी शामिल है, जो विकासशील देशों को वित्तीय सहायता मजबूत किया जाएगा और उनकी मुख्य क्षमताओं और महामारी की रोकथाम, तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमताओं के निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा, डब्ल्यूएचओ के सदस्य देश महामारी समझौते के प्रारूप पर वार्ता जारी रखने पर सहमत हुए।




### नया इन्फ्लूएंजा वैक्सीन विकसित करने का मार्ग प्रशस्त

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने इन्फ्लूएंजा बी के खिलाफ ह्यूमन मोनोक्लोनल एंटीबॉडी को अलग कर लिया है। यह एक ऐसी बीमारी के लिए यूनिवर्सल वैक्सीन का मार्ग प्रशस्त कर सकती है जो मुख्य रूप से बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों को प्रभावित करती है। वांडरबिल्ट यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर (वीयूएमसी) के शोधकर्ताओं ने इन्फ्लूएंजा के खिलाफ पहले से वैक्सीन (टीका) लगाए गए एक व्यक्ति के अस्थि मज्जा (बोन मैरो) से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी के दो समूहों को अलग किया, जो इन्फ्लूएंजा बी की सतह (सरफेस) पर इन्फ्लूएंजा वायरस के एक प्रमुख सतह ग्लाइकोप्रोटीन, न्यूरामिनिडेस के अलग-अलग हिस्सों से जुड़े थे।

## अहमदाबाद में 7 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 07 जुलाई (आषाढ़ी दूज) को निकाली जाएगी। रथयात्रा और मंदिर की सुरक्षा को लेकर रविवार को अहमदाबाद शहर पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने जमालपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में मंदिर के ट्रस्टियों और प्रमुख पुजारी के साथ बैठक की। उन्होंने भगवान जगन्नाथ का दर्शन भी किया। पुलिस आयुक्त के साथ क्राइम ब्रांच के जेसीपी, डीसीपी समेत कई अधिकारी भी थे। रथयात्रा अहमदाबाद के जमालपुर स्थित जगन्ननाथ मंदिर से निकलती है, जिसमें लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस आयुक्त और अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के अधिकारी जमालपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर के महंत दिलीपदास महाराज और ट्रस्टी महेन्द्र झा के साथ बैठक की।

## आज से केवल तेलंगाना की राजधानी है हैदराबाद

*आधिकारिक तौर पर आंध्र प्रदेश की कोई राजधानी नहीं*


एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के सबसे व्यस्त शहरों में से एक हैदराबाद रविवार से दो प्रदेशों की राजधानी नहीं रहा। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के मुताबिक रविवार से हैदराबाद अब केवल तेलंगाना की राजधानी है, जो कि अब तक आंध्र प्रदेश की भी हुआ करता था। 2 जून 2014 में जब आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद तेलंगाना राज्य बना था। तभी से हैदराबाद आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों ही प्रदेशों की लगभग 10 सालों तक राजधाना बना रहा। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन के मुताबिक हैदराबाद 10 साल से ज्यादा समय के लिए दोनों राज्य की राजधानी नहीं रह सकता है। उपधारा (1) में दी गई समय अवधि के बाद हैदराबाद केवल तेलंगाना की राजधानी है, जबकि आंध्र प्रदेश के लिए नई राजधानी बनाई जाएगी। फरवरी 2014 में संसद में आंध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक पास किया गया और 2 जून 2014 को देश में नया राज्य तेलंगाना बना। तेंलगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने पिछले महीने ही अधिकारियों को सरकारी गेस्ट हाउस आंध्र प्रदेश से वापस लेने के लिए कहा था, जो कि आंध्र प्रदेश को 10 सालों के लिए दिया गया था।





# हम अभी तक बल्लेबाजी लाइन अप तय नहीं कर पाए हैं : रोहित शर्मा



**14 महीने से अधिक समय के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले पंत ने मौके का पूरा फायदा उठाया।**

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को अभ्यास मैच में बांग्लादेश पर 60 रन से आसान जीत के बाद कहा कि टी 20 विश्व कप के लिए उनकी बल्लेबाजी लाइन अप अभी तय नहीं हो पाई है।

नियमित ओपनर यशस्वी जायसवाल कप्तान के साथ पारी की शुरूआत करने नहीं उतरे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने रोहित के साथ ओपनिंग की जिम्मेदारी संभाली। सैमसन एक रन बनाकर पारी के दूसरे ओवर में आउट हो गए। ऋषभ पंत तीसरे नंबर पर उतरे क्योंकि विराट कोहली बल्लेबाजी करने नहीं आये।

14 महीने से अधिक समय के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले पंत ने मौके का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने चार छक्के और चार चौके उड़ाते हुए 32 गेंदों पर 53 रन ठोके और रिटायर आउट हुए। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या ने तेज-तर्रार पारियां खेलते हुए क्रमशः 18 गेंदों पर 31 रन और 23 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाये जिससे भारत ने 20 ओवर में 182/5 रनों का मजबूत स्कोर बनाया।

19 गेंदों पर 23 रन बनाने वाले कप्तान रोहित ने कहा,जिस तरह से चीजें हुई हैं उससे मैं खुश हूँ , हम जो इस मैच से चाहते थे, वह हमें मिला। परिस्थितियों, नए स्थल, नए मैदान और ड्राप इन पिच से अभ्यस्त होना महत्वपूर्ण था।'' पंत को तीसरे नंबर पर उतारने पर रोहित ने कहा कि हम उन्हें मौका देना चाहते थे। हम अभी तक बल्लेबाजी लाइन अप तय नहीं कर पाए हैं। हम सभी खिलाड़ियों को मैदान में समय बिताने का मौका देना चाहते थे।

गेंदबाजी विभाग में, तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शुरूआती दो विकेट लेकर बांग्लादेश को मैच में बैकफुट पर ला दिया। वह अपने तीन ओवरों में 2-12 के आंकड़े के साथ लौटे, जबकि शिवम दुबे ने भी अपने तीन ओवर के स्पैल में दो विकेट लेकर बांग्लादेश को 20 ओवरों में 122/9 पर रोक दिया।

रोहित ने तेज गेंदबाज अर्शदीप के प्रयास की सराहना की और टूनार्मेंट के लिए उनका समर्थन किया। रोहित ने कहा, ₹उसने हमें दिखाया है कि उसके पास अग्रिम और अंतिम स्तर पर भी कौशल है, उसके पास बहुत अच्छा कौशल सेट है। हमारे पास यहां अच्छे 15 खिलाड़ी हैं, बस परिस्थितियों को समझने और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनने की जरूरत है। भारत अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरूआत 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ करेगा।

### विराट कोहली को मिला आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

**न्यूयॉर्क।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला और उन्हें आईसीसी पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर 2023 भी चुना गया। आईसीसी के आधिकारिक हैंडल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें विराट को ट्रॉफी और कैप दी, जो उनके बल्ले से 2023 में अविश्वसनीय प्रदर्शन के लिए आभार है। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने कुछ वर्षों के असंगत फॉर्म और बड़े स्कोर के लिए संघर्ष के बाद 2023 में अपने शानदार करियर का एक और बड़ा शिखर देखा। उन्होंने 27 वनडे में 24 पारियों में छह शतक और आठ अर्द्धशतक के साथ 72.47 की औसत और 99.13 की स्ट्राइक रेट से 1,377 रन बनाए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 166 रहा।

## संजू सैमसन से बेहतर विकेटकीपर हैं ऋषभ पंत : सुनील गावस्कर

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर सुनील गावस्कर को लगता है कि ऋषभ पंत टी20 विश्व कप 2024 में आयरलैंड के खिलाफ अपने शुरूआती मैच में भारत की ओर से शुरूआती एकादश में शामिल होंगे। पंत और सैमसन दोनों को मौजूदा टूनार्मेंट के लिए विकेटकीपर के तौर पर भारत की टीम में चुना गया है। हालांकि पंत ने टूनार्मेंट की अच्छी शुरूआत की और अभ्यास मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतक बनाया।बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों पर 53 रन बनाए और अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाए। दूसरी ओर सैमसन बल्ले से प्रभावित करने में विफल रहे और उन्होंने रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करते हुए सिर्फ 1 (6) रन बनाए। मैच के बाद सुनील गावस्कर ने कहा कि भारत पंत के साथ शुरूआत करने की संभावना है क्योंकि वह सैमसन से बेहतर विकेटकीपर हैं। पूर्व क्रिकेटर ने यह भी कहा कि सैमसन के हाल के कम स्कोर ने संतुलन को पंत के पक्ष में और मोड़ दिया है। गावस्कर ने कहा, 'हां, मुझे लगता है कि अगर आप विकेटकीपिंग की क्षमताओं की तुलना करें तो ऋषभ पंत सैमसन से बेहतर विकेटकीपर हैं। हम यहां बल्लेबाजी की बात नहीं कर रहे हैं, बल्लेबाजी का पहलू भी मायने रखता है। लेकिन पिछले कुछ मैचों में ऋषभ पंत ने वाकई अच्छी बल्लेबाजी की है। दूसरी ओर, संजू सैमसन ने आईपीएल सीजन की शानदार शुरूआत की, मनचाही पारी खेली और गेंद को मैदान के हर कोने में मारा।' गावस्कर ने आगे कहा कि अभ्यास मैच में सैमसन की अच्छी पारी से उन्हें शुरूआती मैच में जगह मिल जाती। उन्होंने कहा, 'पिछले दो-तीन मैचों में उन्होंने रन नहीं बनाए। इसलिए बांग्लादेश के खिलाफ मैच उनके लिए एक मौका था।



### टेबल टेनिस का पांच दिवसीय समर कैंप शुरू

# खिलााड़ियों का फिजिकल एनर्जी और स्टेमिना बेहतर होना चाहिए : अलखनाथ



**गढ़वा के खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस खेल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने काम किया है : धनंजय कुमार सिंह**

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में वन विभाग के सामुदायिक भवन में पांच दिवसीय समर कैंप का उद्घाटन रविवार को संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह, नंदकुमार गुप्ता ,सचिव आनंद सिन्हा और बालिका उच्च विद्यालय के प्राचार्य रेयाज अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कियो इस मौके पर संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि टेबल टेनिस खेल में लोगो ने बड़ा सपना देखा है और उस सपने को पूरा करना आप सभी खिलाड़ियों की है।संघ आपको हर संभव मदद करने को तैयार हैं। आप सपने को तभी पूरा कर सकते हैं जब आपका फिजिकल एनर्जी और स्टेमिना बेहतर होगा `वहीं सभी खिलाड़ी को एनर्जेटिक रहना होगा तभी आप बेहतर कर सकते है। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि आप लोग का निरंतर प्रयास से आपके खेल में लगातार सुधार हो रहा है वही आपके खेल की बदौलत गढ़वा जिला का नाम टेबल टेनिस के क्षेत्र में बहुत आगे जा रहा है। उपाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि गढ़वा के खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस खेल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने काम किया है आप लोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गढ़वा के नाम को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिले के जामबहार की अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रोकनी कुमारी ने सरकारी नौकरी मिलने के बाद पहली बार अपने गांव पहुंची और उसने हॉकी प्रशिक्षण केंद्र में खेल कीट उपलब्ध कराई और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया । हम चाहेंगे कि गढ़वा में खिलाड़ी खेल की बदौलत नौकरी हासिल करे और जामबाहर की तरह आप लोग भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को बनाएं और अपने नये खिलाड़ियों को अपने अनुभव का लाभ दें। नंदकुमार गुप्ता ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से आपको टेबल टेनिस की तकनीकी की जानकारी दी जाएगी जिसका आप लाभ उठाए। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा की समर कैंप के माध्यम से खिलाड़ियों को टेबल टेनिस खेल के प्रति लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है ताकि गर्मी छुट्टी का लाभ बच्चे उठा सके और टेबल टेनिस के तकनीक और खेल के बारे में जानकारी हासिल करें। टेबल टेनिस संघ के कोषाध्यक्ष सह कोच कमलेश कुमार दुबे ने कहा कि जिले के 18 खिलाड़ी नेशनल खेल रहे है, कम संसाधन में यहां के लोग बेहतर खेल रहे हैं उन्हें और संसाधन उपलब्ध करने की जरूरत है। प्राचार्य रेयाज अहमद ने कहा की ईमानदारी से मेहनत किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। खेल के क्षेत्र में कैरियर के अपार संभावनाएं हैं।इस मौके पर संघ के सदस्यअभय कुमार, बालिका उच्च विद्यालय के फिजिकल शिक्षक सुशील तिवारी, रामासाहु के फिजिकल शिक्षक प्रदीप कुमार सिंह, सिनियर खिलाड़ी ऋषभ राज सहित कई अभिभावक मौजूद थेकार्यक्रम का संचालन संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने किया।

# डॉर्टमुंड को हरा रियल मैड्रिड बना चैंपियन



**एजेंसी। लंदन**

स्पैनिश क्लब रियल मैड्रिड ने 15वीं बार यूरोपियन फुटबॉल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब जीता। रियल मैड्रिड ने डॉर्टमुंड को 2-0 से एकतरफा अंदाज में हराते हुए यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

शनिवार देर रात लंदन के वेम्बली स्टेडियम में रियल मैड्रिड ने टीम जर्मन क्लब बोरुसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। हालांकि, मैच की शुरूआत दोनों टीमों के बीच धीमी रही और किसी भी टीम ने ज्यादा रिस्क नहीं लिया। यही कारण था कि पहला क्वार्टर खत्म होने के बावजूद स्कोर 0-0 रहा।

रियल मैड्रिड और डॉर्टमुंड ने कई मौके जरूर बनाए, लेकिन वे गोल दागने में सफल नहीं रहे।

डॉर्टमुंड के लिए 23वें मिनट में निकलस फुलक्रुग ने शानदार मौका बनाया लेकिन गेंद गोल पोस्ट से टकराकर आ गई।

पहला हाफ गोलरहित खत्म होने के बाद दूसरे हाफ में रियल मैड्रिड ने आक्रमण तेज कर दिया। लेकिन डॉर्टमुंड ने अपने डिफेंस में कोई गलती नहीं की। एक समय ऐसा लगा कि मैच ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा है। मगर फैंस का इंतजार आखिरकार खत्म हुआ और रियल मैड्रिड के लिए पहला गोल डानी कावार्हाल ने 74वें मिनट में किया। इसके बाद डॉर्टमुंड ने भी अटैक शुरू किया लेकिन इसका उन्हें लाभ नहीं मिला। मैच के 83वें मिनट में विनिसियस जूनियर ने रियल मैड्रिड की बढ़त डबल कर दी। इस तरह रियल मैड्रिड ने 15वीं बार यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया। मैड्रिड के कोच कार्लो एन्सेलोटी ने कहा, आप कभी भी इसके आदी नहीं हो सकते। यह जितना हमने सोचा था उससे कहीं अधिक कठिन था। पहले हाफ में हमें परेशानी उठानी पड़ी, दूसरे हाफ में हमने वापसी की और बेहतर खेला लेकिन अब ये सब छोटी-छोटी बातें हैं।

# राजेंद्र मिश्र मेमोरियल वूडबॉल प्रतियोगिता में रांची के 70 खिलाड़ियों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला वूडबॉल संघ एवं डांस वांस के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राजेंद्र प्रसाद मिश्र मेमोरियल वूडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया। रांची जिले के विभिन्न इलाकों से आए 70 वुडबॉल खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जी सी बासुकी, जितेंद्र भदानी एवम मानवेंद्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा स्ट्रोक लगाकर किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता पी के लाला, समाजसेवी जय शंकर मिश्र , समाजसेविका लक्ष्मी मिश्रा, गरिमा फाऊंडेशन कि अध्यक्षा सोहनी राय मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, झारखंड राज्य वूडबॉल संघ के सचिव गोविंद झा, युवा नाट्य संगीत अकाडमी के निदेशक ऋषिकेश लाल,सूरज पांडेय, मरांग गोमके जयपाल सिंह खेल संघ के अध्यक्ष दीपक वर्मा, सक्षम मनोहरण, साक्षी प्रिया सहित सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी एवं मैडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सरवर अंसारी , बंटी टोप्पो, अजीत कुमार दुबे, सौरभ नायक , नेहा कुमारी सहित कई गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार**

| मिक्स इवेंट में | सीनियर बालक वर्ग में | सीनियर बालिका वर्ग में |
|---|---|---|
| पियूष कुमार | अंकित कुजूर | नीतू मांझी |
| प्रिंस कुमार | शुभम कुमार शर्मा | प्रभा मंझी |
| शानवी सिंह | आशुतोष कुमार | अनीशा कुजूर |

**बेस्ट स्कोरर रहे अंकित कुजूर**

### अमित पंघाल ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**बैंकॉक।** विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने रविवार को यहां दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूनार्मेंट के 51 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन के चुआंग लियू को हराकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की। वह ओलंपिक में जगह बनाने वाले भारत के पांचवें मुक्केबाज हैं। उनसे पहले निशांत देव (71 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। पंघाल को पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने का केवल एक मौका मिला क्योंकि वह इससे पहले की दो क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं के लिए ट्रायल्स में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया से हार गए थे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# व्हाट्सएप ने भारत में 71 लाख से ज्यादा अकाउंट बैन किए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

व्हाट्सएप ने देश के कानूनों का उल्लंघन करने के लिए अप्रैल महीने में भारत में 71 लाख से ज्यादा अकाउंट बैन कर दिए। कंपनी ने शनिवार को कहा, बैन किए गए 7,182,000 व्हाट्सएप अकाउंट में से 1,302,000 को यूजर्स की ओर से कोई रिपोर्ट मिलने से पहले ही एक्टिव रूप से ब्लॉक कर दिया गया। मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप के भारत में 550 मिलियन से ज्यादा यूजर्स हैं। उसे देश भर से 10 हजार 554 शिकायतें प्राप्त हुई और जिन पर कार्रवाई की गई उनकी संख्या मात्र छह थी। नए भारतीय आईटी नियम 2021 के अनुसार, इसकी मासिक अनुपालन रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाट्सएप को देश में शिकायत अपीलीय समिति से भी दो आदेश मिले और उसने दोनों का अनुपालन किया।

कंपनी ने कहा, हम अपने काम में पारदर्शिता बनाए रखेंगे। भविष्य की रिपोर्टों में अपने प्रयासों के बारे में जानकारी शामिल करेंगे। ज्ञात हो कि मार्च में व्हाट्सएप ने भारत में 79 लाख से ज्यादा अकाउंट को बैन कर दिया था। मार्च में प्लेटफॉर्म को रिकॉर्ड 12,782 शिकायतें मिली थी और इनमें से 11 पर कार्रवाई की गई। कंपनी इन प्रयासों की देखरेख के लिए इंजीनियरों, डेटा वैज्ञानिकों, विश्लेषकों, शोधकताओं और कानून प्रवर्तन, ऑनलाइन सुरक्षा और प्रौद्योगिकी विकास के विशेषज्ञों की एक टीम को नियुक्त करती है। व्हाट्सएप ने कहा कि हम यूजर्स की प्रतिक्रिया पर पूरा ध्यान देते हैं। गलत सूचना को रोकने, साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने और चुनावी निष्पक्षता को बनाए रखने में विशेषज्ञों के साथ जुड़ते हैं।

# अडानी ला सकतें है पेमेंट और शॉपिंग ऐप




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत डिजिटल ऑनलाइन पेमेंट की संख्या में लगातार इजाफा दर्ज किया जा रहा है। हर माह ऑनलाइन पेमेंट करने वाले यूजर्स की संख्या बढ़ रही है। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग का ट्रेंड बढ़ रहा है। ऐसे में ऑनलाइन शॉपिंग और ऑनलाइन पेमेंट के सेक्टर में नए प्लेयर की एंट्री होने जा रही है।

### पेटीएम में खरीद सकता है हिस्सेदारी

रिपोर्ट की मानें, तो इस मामले में अडानी ग्रुप की ONDC से बातचीत चल रही है, जो एक ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म है। हालांकि अडानी समूह की ओर से इस बारे में कोई ऑफिशियल ऐलान नहीं जारी किया गया है। कुछ रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि अडानी समूह पेटीएम ग्रुप में अपनी हिस्सेदारी खरीद सकता है। बता दें कि भारतीय यूपीआई पेमेंट सेक्टर में फोन पे और गूगल पे के बाद पेटीएम तीसरा सबसे बड़ा खिलाड़ी है। हालांकि पेटीएम पेमेंट बैंक पर लगे प्रतिबंध के बाद पेटीएम के शेयर की कीमत गिरी है। ऐसे में अडानी समूह पेटीएम में कम इन्वेस्टमेंट करके बड़ी हिस्सेदारी खरीदने के मूड में है।

### सिंगल ऐप में मिलेंगी ढेर सारी सुविधाएं

रिपोर्ट की मानें, तो अडानी समूह आडनी सुपर ऐप में यूपीआई और ई-कॉमर्स जैसी सर्विस को रोलआउट कर सकता है। ऐसे में फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म की टेंशन बढ़ सकती है। इस ऐप को साल 2022 में पेश किया गया था। मौजूदा वक्त में इस ऐप से फ्लाइट और ट्रेन टिकट बुकिंग की जा सकती है। साथ ही अडानी समूह इस ऐप से कई नई समूह ऑनलाइन सर्विस को रोलआउट कर सकता है।

रिपोर्ट की मानें, तो गौतम अडानी की तरफ से ऑनलाइन यूपीआई पेमेंट ऐप लॉन्च किया जा सकता है। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को लॉन्च किया जा सकता है।

# वॉट्सऐप ला रहा है चैट फिल्टर फीचर




**एजेंसी। नई दिल्ली**

वॉट्सऐप पर रोजाना ढ़ेर सारे मैसेज और कॉल आते हैं, लेकिन इसमें से कुछ जरूरी कॉल और मैसेज होते हैं। जैसे अगर आपके घर से पत्नी या फिर गर्लफ्रेंड का कॉल आ जाए, तो उसे मिस नहीं किया जा सकता है। इसके लिए वॉट्सऐप चैट फिल्टर फीचर रोलआउट करने जा रहा है। इसकी मदद से वॉट्सऐप यूजर्स अपने पर्सनल, प्रोफेशनल मैसेज को अलग कर पाएंगे। साथ ही मैसेज या कॉल आने पर आपको अलर्ट मिलेगा कि जरूरी मैसेज या कॉल आया है।

**जल्द लॉन्च होगा नया फीचर**

वॉट्सऐप एक पॉपुलर मैसेजिंगऐप है, जिसे जल्द ही चैट फिल्टर फीचर दिया जा सकता है। इससे यूजर एक्सपीरिएंस बेहद शानदार हो जाएगा। वॉटसऐप जल्द नया फीचर लॉन्च करेगा, जो आपको फेवरिट चैट को ऐड करने का ऑप्शन देगा। रिपोर्ट की मानें, तो मेटा एक नए फीचर पर काम कर रहा है, जो फिलहाल डेवलपिंग फेज में है। कंपनी जल्द अपकमिंग फीचर का टीजर रोलआउट कर सकती है। रिपोर्ट की मानें, तो वॉट्सऐप की ओर से अनरीड मैसेज को ग्रुप फिल्टर में लॉन्च कर सकती है।

**कैसे काम करेगा नया फीचर**

यह नया फीचर यूजर्स को सबसे ज्यादा की जाने वाले चैट कॉन्टैक्ट को सेलेक्ट करने का ऑप्शन देगा। साथ ही उस फेवरिट कॉन्टैक्ट लिस्ट में शामिल करना होगा। यह ऑप्शन आपकी पसंदीदा चैट को बाकी चैट से अलग करेगा। इसके अलावा आने वाले दिनों में पिन चैट की संख्या को बढ़ाया जा सकता है। बता दें कि मौजूदा वक्त में तीन चैट को पिन करने की सुविधा दी जाती है। जिसकी संख्या को बढ़ाया जा सकता है।

**मिलेंगे ये नए फीचर**

वॉट्सऐप कई नए फीचर लाने की तैयारी में है। इसमें कम्यूनिटी टैब को नया लुक दिया जा सकता है। इसके अलावा वॉटसऐप की ओर से स्टेटस अपडेट में वॉइस मैसेज की लिमिट को बढ़ाया जा सकता है। इसे आधे मिनट से बढ़ाकर पूरे एक मिनट किया जा सकता है। कर दिया है।

# मान्यता प्राप्त ड्राइविंग स्कूलों से प्रशिक्षण लेने वालों को टेस्ट से छूट




**मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत मोटर वाहन चलाने में प्रशिक्षण देने के लिए स्कूलों के लाइसेंस और नियम का प्रावधान है**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने शनिवार को स्पष्ट किया कि एक जून से मान्यता प्राप्त ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्रों (एडीटीसी) और ड्राइविंग स्कूलों के मौजूदा नियमों में कोई बदलाव नहीं होगा। इसके पहले मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि आवेदकों को अब क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में ड्राइविंग टेस्ट से गुजरने की आवश्यकता नहीं हो सकती है। वे मान्यता प्राप्त निजी ड्राइविंग स्कूलों में ड्राइविंग टेस्ट करा सकते हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अपने स्पष्टीकरण में कहा है कि मौजूदा नियमों में एक जून से कोई बदलाव नहीं होगा। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया था कि निजी ड्राइविंग स्कूलों में परीक्षा पास करने के बाद आवेदकों को एक प्रमाण पत्र मिलेगा। इसका उपयोग आरटीओ में जांच के बिना ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने के लिए किया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा कि मोटर वाहन (एमवी) अधिनियम, 1988 के तहत मोटर वाहन चलाने में प्रशिक्षण देने के लिए स्कूलों के लाइसेंस और नियम का प्रावधान है। ये स्कूल सफल प्रशिक्षण पर प्रमाणपत्र जारी करते हैं। लेकिन यह प्रमाणपत्र धारक को ड्राइविंग टेस्ट की आवश्यकता से छूट नहीं देता है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने का अधिकार लाइसेंसिंग प्राधिकरण के पास होगा।




# लोस चुनाव : सर्वे के बाद अब ज्योतिषियों की भविष्यवाणी

ब्यूरो । नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव का परिणाम तो 4 जून को आयेगा। लेकिन 1 जून को सातवें चरण का मतदान समाप्त होने के बाद चुनावी सर्वे एजेंसियों द्वारा जो अनुमान लगाए गए हैं, उसने जो परिणाम बताए हैं, उनमें ज्यादातर वर्तमान केन्द्रीय सत्ता की लाइन वाले हैं। अब कुछ ज्योतिषियों की राय से भी अवगत हो लेते हैं।

## पीएम मोदी के बारे में क्या कहा

**अजय लूथरा**: भाजपा ने जिस नक्षत्र में 400 पार का नारा दिया था, उसके हिसाब से मौजूदा ग्रह-नक्षत्र इसके आसार कम बता रहे हैं। मोदी की कुंडली के अनुसार छठा लग्न उन्हें जीत दिलवाएगा। सूर्य जब सातवें स्थान पर हो स्थिति थोड़ी जटिल हो जाती है। भाजपा का अपना आंकड़ा 270 के लगभग रह सकता है। आज भारत में सूर्य, शुक्र जैसे ग्रह लग्न में हैं। 4 जून को नतीजे हैं और 5-6 जून को अमावस्या है। ऐसे में आने वाले समय में निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।




**मंजू शर्मा**: ग्रह नक्षत्र कहते हैं कि भाजपा+ का आंकड़ा 350 पार जा सकता है। भाजपा के ग्रह-नक्षत्र अभी मजबूत हैं। प्रधानमंत्री की कुंडली मजबूत है। उनके ग्रहों की दशा भी अनुकूल है। इस तरह से मंजू ने वही बताया जो भाजपा की लाइन है।

**आचार्य इशिका**: मोदी की कुंडली में मंगल अपने ही स्थान पर है। गुरु की वजह से लोगों का प्यार उन्हें मिलता रहेगा। गज केसरी योग, शंख योग भी उनकी कुंडली में है। मौजूदा स्थिति बताती है कि उनकी वजह से आने वाली सरकार का आत्मविश्वास बढ़ेगा। इन्हें ऐतिहासिक जीत मिलने के आसार हैं। भाजपा को 300 से 325 सीटें और एनडीए को 350-390 सीटें मिल सकती हैं। इस तरह से इनकी भी लाइन भाजपा वाली है।

**राज रानी**: नेताओं की कुंडली वैसी नहीं होती, जैसी सबके सामने होती है या बताई जाती है। सभी की समय की अलग-अलग गणना होती है। यदि जन्म का समय नहीं है ,तो चंद्र का समय देखा जाना चाहिए। मोदी की कुंडली के मुख्य बिंदुओं को देखें तो वहां कुछ गतिरोध नजर आते हैं। मोदी का बुध यानी वाणी और गुरु यानी ज्ञान वक्री हैं। वक्रत्व जब ग्रहों में आता है तो वह असाधारण होता है। यह उनके व्यक्तित्व को निखारेगा, लेकिन इसका आगे असर क्या होगा, यह देखना होगा। एनडीए का 400 पार जाना मुश्किल है, इसमें कुछ कमी रह सकती है।

## राहुल गांधी के बारे में क्या कहा

**मंजू शर्मा**: राहुल गांधी के ग्रह बताते हैं कि मौजूदा राजनीति में उन्हें सफलता मिल पाना थोड़ा मुश्किल है। आने वाले समय में वे बड़ी जिम्मेदारी निभाते नजर आ सकते हैं। वायनाड से जीत संभव है, लेकिन रायबरेली से उनकी जीत के आसार कम दिख रहे हैं। उत्तर प्रदेश की बात करें तो अखिलेश यादव की कुंडली में राजयोग थे, इसलिए वे मुख्यमंत्री रहे। कन्नौज की सीट पर उनकी जीत के आसार हैं, लेकिन कांग्रेस से हाथ मिलाने पर उनकी पार्टी को बहुत ज्यादा फायदा मिलेगा, यह नहीं कहा जा सकता।



**अजय लूथरा**: 2009 में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी, तब राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद नहीं दिया गया। राहुल के मौजूदा ग्रह अच्छे हैं, लेकिन जब तक उनके साथ के लोग उनकी प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी का समर्थन नहीं करते, उनका उस पद पर पहुंचना मुश्किल है। राहुल गांधी को अपनी अलग छवि बनाने की जरूरत है।

**आचार्य इशिका**: राहुल गांधी की कुंडली में प्रधानमंत्री बनने के योग अभी नजर नहीं आ रहे। शनि की स्थिति अभी उन्हें निर्णायक स्थिति में नहीं ला पा रही है। राहु पांचवें स्थान पर होने से यह स्थिति कमजोर हो जाती है। राहुल वायनाड में जीत सकते हैं, लेकिन रायबरेली के बारे में कहना मुश्किल है।

**राज रानी**: जब अयोध्या का विवाद हुआ, तब कुछ ज्योतिषाचार्यों ने कहा कि वहां मंदिर कभी नहीं बनेगा, लेकिन प्रारब्ध कुछ और था और मंदिर बन गया। लिहाजा राहुल गांधी के बारे में आप ये नहीं सकते कि वे कभी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। राहुल गांधी ने जो भारत जोड़ो यात्रा की थी, उससे उनका शनि मजबूत होगा। राज योग सिर्फ अखिलेश की कुंडली में नहीं, राहुल गांधी की कुंडली में भी है। उनका परिवार और उनकी पार्टी सत्ता में रहेगी। कितना राज योग मिलेगा, यह देखना होगा।

# लोकसभा की 295 सीटें जीतेगा आईएनडीआईए : राहुल गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि उनका गठबंधन आईएनडीआईए लोकसभा की 295 सीटें जीतेगा। पार्टी मुख्यालय में एक बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में राहुल ने एग्जिट पोल को सिरे से नकारा। उन्होंने इसे मोदी मीडिया पोल करार दिया। उन्होंने एक सवाल पर कहा कि सिद्धू मूसेवाला के 295 गानों की संख्या जितनी सीटें विपक्षी गठबंधन जीतेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी मुख्यालय में अपने लोकसभा उम्मीदवारों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इस बैठक में राहुल और महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहे। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल के नेता समेत कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

## केजरीवाल को कुकर्मों की सजा मिलनी चाहिए : विज

एजेंसी

**अंबाला।** लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्यान साधना करने पर कांग्रेस आग बबूला है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि ये नाटक क्यों? खरगे के बयान पर हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान हर किसी को अलग-अलग तरीके से साधना करने की इजाजत देता है। दो तरह के लोग हैं, एक तरह के लोग क्लब जाते हैं, मदिरा पीते हैं, मांस खाते हैं और दूसरे सात्विक होते हैं, इसलिए उन्हें ये जानकारी नहीं है। 295 सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत के दावे को लेकर उन्होंने कहा कि कुछ होने वाला नहीं है। झूठ की जो कढ़ाही चढ़ाई थी, उसमें सब कुछ जल चुका है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से राहत नहीं मिली है। उन्हें तिहाड़ में सरेंडर करना पड़ेगा। इस पर विज ने कहा कि माननीय अदालत ने चुनाव कैंपेन के लिए उन्हें जमानत दी थी। वो कर लिया, अब चुनाव खत्म हो गए अब जेल में रहें। सरेंडर करने से पहले उन्होंने मैसेज दिया है कि मेरे प्राण भी चले जाएं तो गम मत करना। इस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जान किसी की क्यों जाए, इससे तो वो मुक्त हो जायेंगे। इन्होंने जो कुकर्म किए हैं, उसके लिए इनको सजा मिलनी है।



## एग्जिट पोल फर्जी है, पीएम साबरमती आश्रम में करें आत्मचिंतन : पवन खेड़ा

**नई दिल्ली।** एग्जिट पोल के आंकड़े जारी होने के बाद प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। विपक्ष के तमाम नेता एग्जिट पोल को गलत बता रहे हैं। इन नेताओं का कहना है कि देश में एनडीए की नहीं, इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इसी बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि एग्जिट पोल के आंकड़ों को कोई नहीं मान रहा है। यही एंकर और रिपोर्टर जब हमसे ऑफ रिकॉर्ड बात करते हैं तो कहते हैं कमाल है, ऐसा नहीं हो सकता है। पूरा देश नहीं मान रहा है, तो हम क्यों मान लें। ये सट्टा मार्केट के लिए किया गया है, शेयर मार्केट के लिए या फिर भाजपा कुछ और बड़ा षड्यंत्र रच रही है। भाजपा भक्त को छोड़कर देश का हर नागरिक इस एग्जिट पोल को फर्जी मान रहा है। 'एग्जिट पोल आने के बाद कांग्रेस वेंटिलेटर और बीजेपी एक्सीलेटर पर है', भाजपा के इस बयान पर उन्होंने कहा कि अभी इस तरह की डायलॉग बाजी करेंगे। इसी तरीके से 10 साल निकाल दिए हैं। प्रधानमंत्री से कहिए अब आराम करें, साबरमती आश्रम जाकर आत्मचिंतन करें, अब वक्त आ गया है। इंडिया गठबंधन को 295 से ज्यादा सीट मिलेगी और राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के इस दावे पर उन्होंने कहा कि अपने मन की बात सब सामने रख रहे हैं, स्वतंत्र हैं।



## जयराम रमेश के दावे पर चुनाव आयोग हुआ सख्त, मांगा जवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश के दावे पर उनसे तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। जयराम रमेश ने दावा किया था कि मतगणना से पूर्व, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देश के 150 जिला अधिकारियों (डीएम) को फोन किया है। आयोग ने कहा कि किसी भी डीएम की ओर से अभी इस तरह की जानकारी नहीं दी गई है। चुनाव आयोग ने जयराम रमेश को लिखे पत्र में कहा है कि आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने के दौरान सभी अधिकारी आयोग के अंतर्गत कार्यरत होते हैं। ऐसे में वह किस तरह से इस तरह का दावा कर रहे हैं। इसके बारे में आज शाम 07 बजे तक जानकारी दें। जयराम रमेश ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इस तरह का दावा किया था। उन्होंने कहा था कि गृहमंत्री अमित शाह डीएम को कॉल कर रहे हैं और अब तक 150 से बातचीत हो चुकी है। यह भाजपा की हताशा को दिखाती है। चार जून को देश में विपक्षी गठबंधन की सरकार बनेगी। ऐसे में अधिकारियों को संविधान को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इसी संदर्भ में चुनाव आयोग ने जयराम रमेश से अधिक स्पष्टीकरण मांगा है। आयोग ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, वोटों की गिनती की प्रक्रिया प्रत्येक निर्वाचन अधिकारी के लिए एक पवित्र कर्तव्य है और आपके द्वारा दिए गए ऐसे सार्वजनिक बयान संदेह पैदा करते हैं इसलिए व्यापक सार्वजनिक हित में इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। पत्र में आयोग ने आगे कहा कि किसी राष्ट्रीय पार्टी के जिम्मेदार, अनुभवी और बहुत वरिष्ठ नेता ने मतगणना के दिन से ठीक पहले ऐसा सार्वजनिक बयान दिया है जो उनके अनुसार तथ्यों/सूचनाओं पर आधारित है।



## अरुणाचल प्रदेश में भाजपा का मत प्रतिशत 40 साल में 46 फीसदी बढ़ा

एजेंसी

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश विधानसभा की 60 सीटों में से 46 जीतकर भारतीय जनता पार्टी ने लगातार तीसरी बार राज्य में अपना परचम लहराया है। चालीस साल में राज्य में भाजपा का वोट 46.89 फीसदी बढ़ गया है। वर्ष 1984 में विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट जीत कर अपना अभियान शुरू किया था। इस चुनाव में भाजपा को 7.69 फीसदी वोट मिला था, जो वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में 54.58 प्रतिशत तक पहुंच गया है। भाजपा की लगातार दो बार रही सरकार की लोकप्रियता का राज्य में यह आलम रहा कि मुख्यमंत्री समेत पार्टी के 10 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए थे। अरुणाचल के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीते 10 वर्षों में किए गए कार्यों के आधार पर इस चुनाव में मतदान किया।

अरुणाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के इतिहास पर नजर डालें तो यह साफ दिखता है कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से राज्य में भाजपा की स्थिति काफी मजबूत हुई है। वर्ष 1984 में हुए राज्य के 60 विधानसभा सीटों के चुनाव में से भाजपा ने 7.69 फीसदी वोट प्राप्त करके केवल एक सीट जीती थी। वर्ष 1990 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने उम्मीदवार ही नहीं उतारे थे। वर्ष 1995 और 1999 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा को कोई सीट नहीं मिली। हालांकि वर्ष 1999 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को 10.83 फीसदी वोट प्राप्त हुए थे, जबकि वर्ष 2004 के चुनाव में पार्टी ने नौ सीटें जीतीं। वहीं वर्ष 2009 के चुनाव में पार्टी को सिर्फ तीन सीटों पर ही सिमट कर रहना पड़ा। इसके बाद वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा को 30.97 फीसदी वोट प्राप्त हुए थे।

## रेवंथ रेड्डी सरकार करेगी सभी गारंटी पूरी : सोनिया गांधी

**नई दिल्ली।** तेलंगाना राज्य की स्थापना के 10 वर्ष पूरे होने पर देशभर से नेताओं की बधाई संदेश मिल रहे हैं। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने इस अवसर पर एक वीडियो संदेश में राज्य के लोगों को बधाई दी और कांग्रेस पार्टी के अलग राज्य बनाने में दिए गए योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य की रेवंथ रेड्डी सरकार सभी गारंटी पूरी करेगी। सोनिया ने कहा कि उन्होंने 2004 में करीम नगर में लोगों से वादा किया था कि कांग्रेस पार्टी उनके अलग राज्य के सपने को पूरा करेगी। तमाम परेशानियों के बावजूद हमने इसे पूरा किया।

## चुनाव आयोग से मिला विपक्षी प्रतिनिधिमंडल कहा, डाक मतपत्रों के नतीजे पहले हों घोषित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विपक्षी पार्टियों का एक प्रतिनिधिमंडल डाक मतपत्रों की गिनती पहले पूरी कर नतीजे घोषित किए जाने के मुद्दे पर रविवार को चुनाव आयोग से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से कहा कि उसी का वैधानिक आदेश (स्टेट्यूटरी आर्डर) है कि पोस्टल बैलट (डाक मतपत्रों) के नतीजे पहले घोषित होने चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने चुनाव आयोग से



मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का यह वैधानिक आदेश रहा है कि डाक मतपत्रों की गिनती पहले की जाती है और ईवीएम से पहले ही उसके नतीजे भी बताए जाते हैं। सिंघवी ने कहा कि डाक मतपत्र अक्सर कई बार चुनाव के नतीजे पलटने की क्षमता रखते हैं। हाल ही में चुनाव आयोग ने गाइडलाइन के जरिए इस नियम को हटाया है।

हमारा मानना है कि इस तरह के नियमों को गाइडलाइन के माध्यम से नहीं पलटा जा सकता। समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए यह नियम बेहद जरूरी है। प्रतिनिधिमंडल में डी. राजा, सीताराम येचुरी, द्रमुक नेता टीआर बालू, समाजवादी पार्टी नेता राम गोपाल यादव शामिल थे।

